राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 182
लखनऊ, शुक्रवार 06 मार्च, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





जमीनी विवाद में भतीजे ने चाचा को उतारा मौत के घाट 10

ईरान के स्कूल पर इजराइली-अमेरिकी हमले को अखिलेश ने बताया निंदनीय 03


## भारत-फिनलैंड दोगुना करेंगे व्यापार

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भारत और फिनलैंड ने अपनी दूरसंचार सेवाओं, डाटा विश्लेषण, क्वांटम कंपयुटिंग और एआई के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने तथा चक्रीय अर्थव्यवस्था एवं सतत शहरी समाधान तलाशने के लिए अपनी साझेदारी को मजबूत करने का फैसला किया है।

दोनों देश 'डिजिटलीकरण और स्थिरता में रणनीतिक साझेदारी' के स्तर तक बढ़ाने पर सहमति हुए हैं। दोनों देश 2030 तक अपने व्यापार को दोगुना करेंगे। फिनलैंड भारतीय कौशल को अपने यहां अवसर मुहैया कराएगा। इसके साथ ही भारतीय स्टार्टअप को भी अवसर प्रदान करेगा। इस साल दोनों देश मिलकर भारत में विश्व सर्कुलर अर्थव्यस्था फोरम का आयोजन करेंगे।

दोनों देशों के बीच गुरुवार को हुई द्विपक्षीय वार्ता में 11 बिन्दुओं पर सहमति बनी है। इसमें स्टार्टअप सहयोग, 6जी व डिजिटलाइजेशन पर



### डिजिटल व शहरी समाधान में सहयोग पर बनी सहमती

अलग-अलग संयुक्त कार्यबल, डिजिटल व पर्यावरण से जुड़े विषयों पर संयुक्त शोध, सांख्यिकी तथा पर्यावरण के क्षेत्र में सहयोग और आवाजाही संबंधी मामलों पर काउंसलर डॉयलॉग की स्थापना का निर्णय लिया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के बीच आज नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में व्यापक विषयों पर द्विपक्षीय वार्ता हुई। वार्ता के बाद विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इसे यह साझा प्रगति और समृद्धि के लिए साझेदारी का निर्माण की संज्ञा दी। उन्होंने बताया कि एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में दोनों नेताओं ने भारत-फिनलैंड संबंधों को 'डिजिटलीकरण और स्थिरता में रणनीतिक साझेदारी' के स्तर तक बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की। दोनों नेताओं ने व्यापार और निवेश, डिजिटलीकरण और स्थिरता, स्वच्छ ऊर्जा और चक्रीय अर्थव्यवस्था, सेमीकंडक्टर और महत्वपूर्ण खनिज, शिक्षा और नवाचार, एआई, 6जी, क्वांटम कंप्यूटिंग सहित प्रौद्योगिकी और गतिशीलता तथा जन-संबंधों के क्षेत्रों में सहयोग को व्यापक और गहरा करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

प्रवक्ता ने कहा कि दोनों नेताओं ने आतंकवाद के सभी रूपों को समाप्त करने की अपनी साझा प्रतिबद्धता को दोहराया। नेताओं ने क्षेत्रीय और वैश्विक चिंताओं से संबंधित मुद्दों पर भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने बहुपक्षीय मंचों पर भी सहयोग को आगे बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की। नेताओं ने हाल ही में संपन्न भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) द्वारा व्यापार, निवेश, निर्यात, रोजगार और विनिर्माण साझेदारी के लिए खोले गए नए अवसरों का लाभ उठाने पर सहमति व्यक्त की। प्रधानमंत्री मोदी ने डिजिटल परिवर्तन, कौशल विकास और व्यापार में सुगमता के क्षेत्र में भारत की पहलों पर प्रकाश डाला और भारत के प्रमुख कार्यक्रमों में फिनलैंड की भागीदारी बढ़ाने का निमंत्रण दिया।

### भारत-फिनलैंड डिजिटल व सस्टेनेबिलिटी में रणनीतिक साझेदारी को देंगे नई गति : प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के साथ वार्ता के बाद कहा कि भारत और फिनलैंड डिजिटलाइजेशन और सस्टेनेबिलिटी के क्षेत्रों में अपने संबंधों को एक नई रणनीतिक साझेदारी का रूप दे रहे हैं, जिससे उच्च प्रौद्योगिकी और नवाचार के अनेक क्षेत्रों में सहयोग को गति मिलेगी। हैदराबाद हाउस में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति स्टब के भारत के पहले दौरे का स्वागत करते हुए कहा कि वह न केवल एक वैश्विक नेता हैं बल्कि एक प्रतिष्ठित विचारक और लेखक भी हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष आयोजित रायसीना डायलॉग में मुख्य अतिथि के रूप में उनकी उपस्थिति भारत के लिए सम्मान और प्रसन्नता की बात है।

## नीतीश समेत राजग के पांच उम्मीदवारों ने राज्यसभा चुनाव के लिये नामांकन पत्र किया दाखिल

**एजेंसी, पटना।**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की ओर से पांच उम्मीदवारों ने गुरूवार को राज्यसभा चुनाव के लिये नामांकन पत्र दाखिल किया।

राजग की ओर से जनता दल यूनाईटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री श्री कुमार और मौजूदा राज्यसभा सदस्य रामनाथ ठाकुर, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, शिवेश कुमार और राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने नामांकन पत्र दाखिल किया.

मुख्यमंत्री श्री कुमार और अन्य राजग उम्मीदवार केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और अन्य नेताओं के साथ अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए बिहार विधानसभा पहुंचे। ज़रूरी प्रकिया पूरी करने के बाद श्री कुमार और चार अन्य राजग



उम्मीदवारों ने राज्यसभा के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया।

गौरतलब है कि बिहार से राज्यसभा की पांच सीटें रिक्त हो हैं। इनमें से दो-दो सीटें जदयू और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की हैं, जबकि एक रालोमो की है।

केंद्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर और राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश जदयू के मौजूदा सदस्य हैं, जबकि अमरेंद्र धारी सिंह और प्रेमचंद गुप्ता राजद के हैं। रालोमो अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा एक और मौजूदा सदस्य हैं, जिनका कार्यकाल अप्रैल में खत्म हो जाएगा। इन पांच सदस्यों के कार्यकाल अगले माह समाप्त हो रहे हैं, इसके कारण इन सीटों पर राज्यसभा चुनाव हो रहा है।

### -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,63,030/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,49,450/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,22,310/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,85,000/किग्रा |



### संक्षिप्त समाचार

#### 100 से अधिक झुग्गियां जलकर राख, एक लड़की का शव बरामद

**नई दिल्ली।** दिल्ली के रिठाला इलाके में गुरुवार तड़के एक झुग्गी बस्ती में भीषण आग लगने से एक नाबालिग लड़की की मौत हो गई और 100 से अधिक झोपड़ियां जलकर खाक हो गईं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। आग लगने के बाद से लड़की लापता थी। बाद में दमकलकर्मियों ने उसका जला हुआ शव बरामद किया। निवासियों ने बताया कि इस झुग्गी बस्ती में बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और अन्य राज्यों से आए प्रवासी मजदूर रहते हैं और वे पास के कारखानों, निर्माण स्थलों और छोटे प्रतिष्ठानों में दिहाड़ी मजदूर के रूप में काम करते हैं।

#### मुठभेड़ में पांच लाख का इनामी नक्सली राजेश पुनेम ढेर

**एजेंसी, दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ राज्य के दंतेवाड़ा जिले के थाना गीदम क्षेत्र अंतर्गत गुमलनार, गिरसापारा और नेलगोड़ा के बीच जंगली और पहाड़ी क्षेत्र में मुठभेड़ में पांच लाख रुपये का इनामी नक्सली मुठभेड़ में मारा गया। मौके से एक एसएलआर, एक इंसास रायफल एवं एक पिस्टल सहित बड़ी मात्रा कारतूस और नक्सल सामग्री बरामद किया गया है। दंतेवाड़ा एसपी गौरव राय ने गुरूवार को मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि मुठभेड़ स्थल से बरामद पुरूष नक्सली के शव की पहचान राजेश पुनेम एसीएम, भैरमगढ़ एरिया कमेटी के सदस्य निवासी ग्राम बुरजी, थाना गंगालूर, जिला बीजापुर के रूप में की गई है। राजेश पुनेम पर पांच लाख रुपये का इनामी था।

#### डीजीआर का पूर्व सैनिकों के लिए विशेष रोजगार मेला 17 को

**प्रयागराज।** पूर्व सैनिकों को नागरिक कार्यबल में सशक्त बनाने और उनके पुनर्गठन में सहायता करने की ऐतिहासिक पहल के तहत, रक्षा मंत्रालय के पूर्व सैनिक कल्याण विभाग के महानिदेशालय पुनर्वास (डीजीआर) द्वारा 17 मार्च को चंडीगढ़ में पूर्व सैनिकों के लिए एक रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। रक्षा मंत्रालय, प्रयागराज के पीआरओ ने बताया कि नियोक्ता और पूर्व सैनिक www-esmhire-com पर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं, जो विशेष रूप से पूर्व सैनिकों के लिए एक एआई–संचालित जॉब प्लेटफॉर्म है। पंजीकरण का लिंक डीजीआर की वेबसाइट www-dgrindia-gov-in पर 'Job Fair' बटन के तहत भी उपलब्ध है। पंजीकरण अब शुरू हो चुका है और पूर्व सैनिकों तथा नियोक्ताओं के लिए नि:शुल्क है।

## सीएम ने किया केडीएसजी सुपर स्पेशलिस्ट अस्पताल का उद्घाटन

### स्वास्थ्य का क्षेत्र हर एक व्यक्ति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण : योगी आदित्यनाथ

#### आयुष्मान कार्डधारकों को भी मिलेगा इलाज

**नोएडा, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार दोपहर बाद ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर 10 में स्थित नवनिर्मित केडीएसजी सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल का उद्घाटन किया। यह अस्पताल पूर्व क्रिकेटर कपिल देव और उनकी कंपनी ने निर्मित कराया है। इस अस्पताल में आयुष्मान कार्डधारकों का भी इलाज किया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी ने नवनिर्मित केडीजीएस सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल के उद्घाटन पर यहां विधिवत पूजन व हवन में मुख्य जजमान के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर कपिल देव,



उनकी धर्मपत्नी रोमा देव, क्षेत्रीय सांसद डॉ महेश शर्मा, राज्यसभा सांसद सुरेंद्र नागर, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया, उत्तर प्रदेश के मंत्री कुंवर बृजेश सिंह, विधायक तेजपाल नागर, धीरेंद्र सिंह, एमएलसी नरेंद्र भाटी, श्रीचंद शर्मा सहित भारी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने अस्पताल के उद्घाटन के दौरान पूरे परिसर का भ्रमण किया। इस दौरान अस्पताल प्रबंधन की ओर से मुख्यमंत्री को बताया गया कि यहां आयुष्मान कार्डधारकों का भी इलाज किया जाएगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत को प्रथम विश्व कप दिलवाने वाले महान क्रिकेटर कपिल देव व उनके परिवार को अब स्वास्थ्य सेवा में प्रवेश के लिए बधाई देता हूं। उन्होंने सेवा के प्रकल्प के रूप में अस्पताल बनाया है। इससे न केवल जनपदवासियों को बल्कि एनसीआर से जुड़े सभी जनपदों के नागरिकों को यहां पर सुपर स्पेशलिस्ट की बेहतरीन सुविधा प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य का क्षेत्र हर एक व्यक्ति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। स्वाभाविक रूप से हर व्यक्ति किसी न किसी रूप में स्वास्थ्य की सुविधा के लिए निर्भर रहता है। सरकार ने अपने स्तर पर प्रयास किया, लेकिन जब तक निजी क्षेत्र की सहभागिता नहीं होगी तबतक बहुत कठिन होता है, हर व्यक्ति के लिए अच्छी स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाना। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद पहली बार आयुष्मान कार्ड से स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध हुई है। आज भारत में आयुष्मान भारत के तहत 60 करोड़ से अधिक लोगों को यह सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। उसमें उत्तर प्रदेश देश का अग्रणी राज्य है।

#### मरीज की आधी बीमारी को समाप्त कर देता है डॉक्टर का अच्छा व्यवहार

सीएम योगी ने कहा कि डॉक्टर का अच्छा व्यवहार मरीज की आधी बीमारी को समाप्त कर देता है। उन्होंने कहा कि जब कपिल देव भारत के बॉलर और कप्तान के रूप में मैच खेलते थे तो पाकिस्तान की टीम पहले ही आधा मैच हार जाता था। अगर हम यह मान लें कि अस्पताल कपिल देव है और बीमारी पाकिस्तान है तो बीमारी पहले ही आधी हो जाएगी। उन्होंने कहा कि अच्छी सलाह और व्यवहार से जब मरीज जल्दी ठीक होता है तो अस्पताल का भी नाम होता है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के प्रतिष्ठित डीवाई पाटिल ग्रुप के साथ मिलकर कपिल देव ने अस्पताल चलाने का दायित्व लिया है, यह बहुत प्रतिष्ठित और एक प्रोफेशनल ग्रुप है। उसने महाराष्ट्र में अच्छा काम किया है और उसका अनुभव अब गौतमबुद्ध नगर और एनसीआर से जुड़े हुए जनपदों को भी प्राप्त होगा।

## विदेश सचिव ने ईरानी दूतावास पहुंचकर खामेनेई के निधन पर जताया शोक



**एजेंसी, नई दिल्ली।**

विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री गुरुवार को सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के निधन पर शोक प्रकट करने दिल्ली स्थित ईरानी दूतावास पहुंचे और यहां शोक पुस्तिका पर हस्ताक्षर किए।

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हमले में तेहरान स्थित आवास में मारे गए थे। विदेश सचिव ने भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फथली से मुलाकात कर भारत सरकार की ओर से शोक प्रकट किया। विदेश मंत्रालय की ओर से इसकी तस्वीरें साझा की गई हैं। उल्लेखनीय है कि ईरानी दूतावास ने आज अपने सर्वोच्च नेता की मौत पर दुख प्रगट करने के लिए शोक पुस्तिका को खोला है। दूतावास ने एक एक्स पोस्ट में इसकी जानकारी दी। शोक पुस्तिका 5, 6 एवं 9 मार्च को 10 से 3 बजे तक खोली जाएगी।

## अमेरिका को होगा डेना पर हमले का पछतावा : सैयद अब्बास अराघची

**एजेंसी, तेहरान।**

ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने गुरुवार को कहा कि अमेरिका को भारतीय नौसेना की मेहमान युद्धपोत डेना पर हमला करने का बहुत पछतावा होने वाला है।

श्री अराघची ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, अमेरिका ने ईरान के तट से 2000 मील दूर समंदर में एक क्रूर कृत्य को अंजाम दिया है।

उन्होंने कहा, करीब 130 नौसैनिकों के साथ भारतीय नौसेना की मेहमान फ्रिगेट डेना पर बिना चेतावनी के अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में हमला किया गया। युद्धपोत भारत में संयुक्त नौसेना अभ्यास से लौट रहा था।



फ्रिगेट श्रेणी का युद्धपोत आईरिस डेना 18 से 25 फरवरी तक बंगाल की खाड़ी में आयोजित मिलान इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू में भाग लेकर लौट रहा था। यह आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम से अपने देश लौट रहा था और अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में उस पर हमला किया गया।

## तेल के दाम बढ़ने के बावजूद देश में पेट्रोल व डीजल के दामों पर नहीं पड़ेगा असर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सरकार के आला सूत्रों का कहना है कि कच्चे तेल के दाम बढ़ने के बावजूद उसका असर देश में पेट्रोल और डीजल के दामों पर नहीं पड़ेगा और इनकी कीमतें स्थिर रहने की संभावना है।

सूत्रों ने बताया कि तेल आयात करने के मार्ग (होर्मुज जलडमरूमध्य) में आ रही बाधाओं के बावजूद सरकार के पास कच्चा तेल खरीदने के कई विकल्प मौजूद हैं, जिन पर काम भी चल रहा है। ऐसे में कच्चे तेल की उपलब्धता पर नकारात्मक असर नहीं पड़ेगा। उनके मुताबिक, अलग-अलग सोर्स से देश में कच्चे तेल का आयात जारी है।

## ट्रंप की युद्ध संबंधी शक्तियों को सीमित करने का प्रस्ताव अमेरिकी सीनेट में खारिज

**एजेंसी, वॉशिंगटन।**

ईरान के खिलाफ जारी सैन्य कार्रवाई के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की युद्ध संबंधी शक्तियों को सीमित करने का प्रस्ताव अमेरिकी सीनेट ने खारिज कर दिया है।

वार पावर्स रेजोल्यूशन को सीनेट में 53 बनाम 47 मतों से पारित किया गया, जिसमें अधिकांश सांसदों ने पार्टी लाइन के अनुसार मतदान किया। इस प्रस्ताव के तहत राष्ट्रपति को ईरान के खिलाफ अमेरिकी सैन्य अभियान जारी रखने से पहले कांग्रेस की अनुमति लेना अनिवार्य किया जाना था। यदि यह प्रस्ताव पारित हो जाता



तो कांग्रेस की औपचारिक मंजूरी के बिना ईरान में आगे की सैन्य कार्रवाई प्रभावी रूप से रोक दी जाती।

डेमोक्रेट पार्टी के अधिकांश सांसदों ने प्रस्ताव का समर्थन करते हुए कहा कि राष्ट्रपति ने सैन्य कार्रवाई शुरू करते समय कांग्रेस को दरकिनार किया और युद्ध के औचित्य पर स्पष्ट जानकारी नहीं दी। उनका कहना था कि लंबे युद्ध की संभावना वाले निर्णयों में सांसदों की सीधी भूमिका होनी चाहिए। रिपब्लिकन पार्टी के अधिकांश सांसदों ने इसका विरोध करते हुए कहा कि चल रहे संघर्ष के दौरान राष्ट्रपति की शक्तियों को सीमित करना अमेरिका की रणनीतिक स्थिति को कमजोर कर सकता है। मतदान के दौरान दो सांसदों ने अपनी-अपनी पार्टी से अलग रुख अपनाया। पेनसिल्वेनिया के डेमोक्रेटिक सीनेटर जॉन फेटरमैन ने प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया, जबकि केंटकी के रिपब्लिकन सीनेटर रैंड पॉल ने इसका समर्थन किया।

## अल्बानिया में फंसी इंटरनेशनल रेसलर प्रियांशी प्रजापति की सुरक्षित स्वदेश वापसी



**एजेंसी, भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रयास से पश्चिम एशिया में युद्ध के बीच अल्बानिया के तिराना शहर में फंसी मप्र की बेटी रेसलर प्रियांशी प्रजापति की सुरक्षित स्वदेशी वापसी हो गई है। प्रियांशी वहां आयोजित वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप रैंकिंग सीरीज में हिस्सा लेने गई थी। जनसंपर्क अधिकारी अशोक मनवानी ने गुरुवार को बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रियांशी के उज्जैन निवासी परिजन से भी बुधवार देर रात वीडियो कॉल से चर्चा की। प्रियांशी के पिता मुकेश प्रजापति ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

**अभियान** — प्रगति-विकास शुभंकर का अनावरण

## जनगणना के लिए चार डिजिटल टूल लॉन्च

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को यहां जनगणना–2027 के लिए चार डिजिटल प्लेटफॉर्म का सॉफ्ट लॉन्च किया और प्रगति (महिला) एवं विकास (पुरुष) नामक शुभंकर का अनावरण किया।

यह दुनिया का सबसे बड़ा जनगणना अभियान होगा और पहली बार पूरी जनगणना डिजिटल माध्यम से कराई जाएगी। साथ ही पहली बार नागरिकों को 'सेल्फ–एन्यूमरेशन' यानी स्वयं ऑनलाइन जानकारी दर्ज कराने का विकल्प भी दिया जाएगा।

सरकारी सूचना के अनुसार उन्नत डिजिटल प्लेटफॉर्म सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग (सी–डैक) द्वारा विकसित किए गए हैं। इनकी मदद से देशभर में जनगणना संचालन को अधिक व्यवस्थित और तकनीक–आधारित



बनाया जाएगा। जनगणना–2027 के लिए बनाए गए शुभंकर 'प्रगति' और 'विकास' एक महिला और एक पुरुष गणनाकर्मी का प्रतीक हैं। इनके माध्यम से जनगणना से जुड़ी जानकारी और संदेश आम नागरिकों तक सरल और प्रभावी तरीके से पहुंचाए जाएंगे। साथ ही ये पुरुष और महिलाओं की समान भागीदारी के प्रतीक भी हैं, जो वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को दर्शाते हैं। सरकार ने 16 जून 2025 को राजपत्र अधिसूचना जारी कर जनगणना–2027 की प्रक्रिया औपचारिक रूप से शुरू की थी। यह जनगणना दो चरणों में आयोजित की जाएगी और इसमें देशभर में 30 लाख से अधिक गणनाकर्मी, पर्यवेक्षक और अन्य अधिकारी शामिल होंगे। पहले चरण 'गृह–सूचीकरण एवं आवास जनगणना' के तहत आवास की स्थिति और घरेलू सुविधाओं से संबंधित जानकारी एकत्र की जाएगी। इसके लिए मकान–सूचीकरण एवं मकान गणना कार्य एक अप्रैल से 30 सितंबर के बीच 30 दिनों की अवधि में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों द्वारा निर्धारित समय पर किया जाएगा। इस चरण से पहले 15 दिनों की वैकल्पिक स्व–गणना अवधि भी उपलब्ध होगी। दूसरे चरण 'जनसंख्या गणना' के तहत फरवरी 2027 में पूरे देश में प्रत्येक व्यक्ति से संबंधित जनसांख्यिकीय, सामाजिक और आर्थिक जानकारी दर्ज की जाएगी। इस चरण में जाति से संबंधित प्रश्न भी शामिल किया जाएगा। जनगणना–2027 में जानकारी एकत्र करने के लिए सुरक्षित मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से घर–घर जाकर डेटा संकलन किया जाएगा, जिससे प्रक्रिया अधिक तेज, सुरक्षित और पारदर्शी बनाई जा सकेगी।

## मशहूर हस्तियों की मौजूदगी में हुई अर्जुन तेंदुलकर व सानिया चंडोक की शादी

**एजेंसी, मुंबई।**

भारत रत्न और मशहूर क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर की शादी मशहूर हस्तियों की मौजूदगी में गुरुवार को मुंबई में सानिया चंडोक के साथ हो गई। शादी समारोह के बाद फिल्म जगत के सुपरस्टार अमिताभ बच्चन पत्नी जया बच्चन के साथ उपस्थित थे।

अर्जुन और सानिया की शादी से जुड़ीं रस्में पिछले कुछ दिनों से शुरू हो गई थीं। हल्दी सेरेमनी और मेहंदी सेरेमनी बड़ी धूमधाम से हुई थी। आज दोपहर में करीब 12.45 बजे अर्जुन-सानिया परिणय सूत्र में बंध गए। इस मौके पर सचिन तेंदुलकर और उनकी पत्नी अंजलि तेंदुलकर पास में खड़े



थे। सचिन ने सिल्वर शेरवानी पहनी हुई थी, जबकि अंजलि ने गुलाबी साड़ी पहनी हुई थी। दोनों बहुत खुश लग रहे थे। अर्जुन और सानिया ने एक-दूसरे को माला पहनाई। बाद में उन पर फूल बरसाए गए। इस शादी समारोह में खिलाड़ियों से लेकर नेताओं तक वर्ली के फाइव स्टार होटल में शामिल हुए। इस शादी की रस्मों में अजिंक्य रहाणे, अनिल कुंबले, अजीत अगरकर, सुप्रिया सुले, राज ठाकरे, सुनील गावस्कर, शंकर महादेवन, फरहान अख्तर, युवराज सिंह, शायना एनसी, ज़हीर खान, महेंद्र सिंह धोनी, आशीष नेहरा, श्रेयस अय्यर, इरफ़ान पठान, शाहरुख खान भी मौजूद थे। इस सेरेमनी में कई सेलिब्रिटीज़ ने कैमरे के सामने पोज़ दिए।

# अज्ञात कारणों से लगी आग, दो भैंसें झुलसीं



**पशु चिकित्सालय से डॉक्टर नदारद, लोगों में आक्रोश**

**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र विशेश्वरगंज अंतर्गत गुरुदीन पुरवा निवासी बक्शराम यादव पुत्र जगप्रसाद यादव के जानवरों के आवास में अज्ञात कारणों से आग लग गई, जिससे वहां बंधी दो भैंसें गंभीर रूप से झुलस गईं। घटना से गांव में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पुलिस व हल्का लेखपाल मौके पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया। वहीं घायल भैंसों के उपचार के लिए पशु चिकित्सालय पहुंचे परिजनों को वहां डॉक्टर नदारद मिले, जिससे मजबूर होकर निजी पशु चिकित्सक से इलाज कराना पड़ा। इस लापरवाही को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखी जा रही है।

# जिले में धूमधाम से मनी होली

**सांसद और जिलाध्यक्ष ने दी बधाई, लोगों ने जमकर उड़ाया अबीर गुलाल**



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** होली का पर्व बुधवार को बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर के छावनी चौराहा, अग्रसेन चौक और घंटाघर सहित विभिन्न स्थानों पर हजारों की संख्या में लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर बधाई दी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद आनंद गौड़, पूर्व मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा और भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे ने लोगों से गले मिलकर रंगोत्सव की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे अपने कार्यकर्ताओं के साथ होली के गीतों पर उत्साहपूर्वक नृत्य करते भी दिखे। बुधवार सुबह से ही सड़कों पर होली खेलने वालों का सैलाब उमड़ पड़ा था। लोगों ने एक-दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर पर्व की बधाई दी। इस दौरान कई युवा अनोखे अंदाज में होली मनाते नजर आए। नगर के घंटाघर चौक पर एक युवा अपने दांतों में गैस सिलेंडर फंसाकर झूमता दिखा, जिसे देखने के लिए भारी भीड़ जमा हो गई। पर्व को शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे। सदर विधायक अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि अशोक जायसवाल, भाजपा नेता राघवेंद्र प्रताप सिंह, गौरव वर्मा, अमित शर्मा, होली समिति के अध्यक्ष दीपक सोनी दाऊ, महामंत्री सुमित खन्ना, सचिन श्रीवास्तव और शिवम जायसवाल ने भी चौक पहुंचकर लोगों को होली की शुभकामनाएं दीं।

# तीन दिन से लापता बुजुर्ग का मिला शव

**चेहरे पर चोट के निशान मिले, घर वालों ने जताई हत्या की आशंका**



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिले के मटेरा इलाके में स्थित परागी पुरवा गांव के पास गुरुवार सुबह एक बुजुर्ग का शव मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक पिछले तीन दिनों से लापता था। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी है। मटेरा थाना क्षेत्र के करौंदा गांव निवासी 60 वर्षीय मोहनलाल बीते 2 मार्च को किसी काम से घर से निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। उनके परिवार के सदस्य लगातार उनकी तलाश कर रहे थे और गुमशुदगी की सूचना भी दी थी। गुरुवार सुबह परागी पुरवा गांव के पास उनका शव मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को तुरंत कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक के पुत्र राम समुझ ने बताया कि उनके पिता के चेहरे पर चोट के निशान थे। थाना प्रभारी ने जानकारी दी कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही बुजुर्ग की मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक गड्ढे में गिरी, दो की मौत

**नानपारा-रूपईडीहा मार्ग पर हादसा, दोनों ससुराल से लौट रहे थे**



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिले के नानपारा कोतवाली क्षेत्र में एक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। अनियंत्रित बाइक गड्ढे में गिरने से यह दुर्घटना हुई। दोनों युवक ससुराल से वापस घर आ रहे थे। यह घटना नानपारा-रूपईडीहा मार्ग पर ड्रीम हाउस बसहरी मोड़ के पास शाम करीब 5:15 बजे हुई। बाइक सवार दर्शन पुरवा, मटेरा थाना निवासी दीपू यादव (लगभग 25 वर्ष) और कमलेश यादव (लगभग 33 वर्ष) कमलेश के ससुराल ग्राम रंजीतवा, थाना रूपईडीहा से लौट रहे थे। मोड़ पर बाइक अनियंत्रित होकर खड्ड में जा गिरी। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। एम्बुलेंस की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नानपारा ले जाया गया। वहां डॉ. अमान शहीद ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक दीपू यादव पांच भाइयों में सबसे छोटे थे और उनकी शादी नहीं हुई थी। कमलेश यादव के दो वर्ष का एक बेटा विवेक है। दीपू के भाई राजू यादव ने बताया कि दोनों कमलेश के ससुराल गए थे और लौटते समय यह हादसा हुआ। उपनिरीक्षक सौरभ पांडे ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लिया।

पंचनाम की कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# घायल अवस्था में मिले युवक की इलाज के दौरान मौत

**लड़की के फोन पर घर से निकला था, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप**



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिले के रानीपुर इलाके में एक युवक घायल अवस्था में मिला, जिसकी इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने लाठी-डंडों से पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। यह घटना रानीपुर थाना क्षेत्र के हरदुवा ग्राम के रहने वाले 25 वर्षीय राजू के साथ हुई। परिजनों के अनुसार, देर रात किसी लड़की का फोन आने के बाद राजू घर से निकला था। इसके बाद वह वापस नहीं लौटा और देर रात निजाम पुरवा के पास घायल अवस्था में पड़ा मिला। स्थानीय लोगों ने घायल राजू को देखकर रानीपुर पुलिस और उसके परिजनों को सूचना दी। परिवार के सदस्य उसे तत्काल इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए, जहां उसकी मौत हो गई। मृतक के भाई ननके ने पुलिस को बताया कि राजू की हत्या की गई है। रानीपुर थाना प्रभारी ने जानकारी दी कि परिजनों की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा और आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# होली मिलन समारोह में बड़ी संख्या में पहुंचे लोग

**होली समिति ने जनप्रतिनिधियों को उपाधियां दीं, नेताओं ने भी शिरकत की**



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** नगर के घंटाघर मैदान में बुधवार देर शाम बहराइच होली समिति द्वारा होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने गीत-संगीत का आनंद लिया और एक-दूसरे को बधाई दी। समिति ने जिले के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और व्यापारियों को उपाधियां प्रदान कर सम्मानित किया।होली पर्व के समापन के बाद आयोजित इस कार्यक्रम में एक संगीत संध्या का भी आयोजन किया गया। कलाकारों ने होली के मनमोहक गीत प्रस्तुत किए, जिस पर उपस्थित दर्शक मंत्रमुग्ध नजर आए। होली समिति के अध्यक्ष दीपक सोनी, महामंत्री सुमित खन्ना और संदीप वालिया ने कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में पूर्व मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा, भाजपा विधायक सुभाष त्रिपाठी, भाजपा सांसद आनंद गौड़, पूर्व सांसद अक्षयवर लाल, समाजसेवी विनय शर्मा और गौरव वर्मा प्रमुख थे। इस मौके पर समिति की ओर से सांसद, विधायकों सहित जिले के अधिकारियों, अधिवक्ताओं और व्यापारियों को विशेष उपाधियां भी प्रदान की गई।

## खबरें एक नजर में

### घर में चारपाई पर मृत मिली महिला

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र के चकसेनिया गांव के निवासी 45 वर्षीय नीलम। देवी पत्नी इंदल की संदिग्ध अवस्था में बुधवार की सुबह चार पाई पर ही मौत हो गई। बुधवार की सुबह गांव की महिलाएं नीलम देवी के घर होली खेलने पहुंची थीं। कई आवाज लगाने के बाद भी जब नीलम देवी नहीं निकली तो महिलाओं को शक होने पर घर में गई तो उस का शव घर के बरामदे में चार पाई।पर पड़ा हुआ था। महिलाओं ने सोचा कि सो रही है इस पर उन लोगो ने हिलाया जिस से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली ।तब जानकारी हुई कि उस की मौत हो गई है । मृतका नीलम के होंठ के बाई ओर से खून निकल रहा था। महिलाओं इस की जानकारी ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जयप्रकाश तिवारी को दिया। गांव के तमाम लोगो की भीड़ इक्कठा हो गई। दी। इस घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस टीम मौके पर पहुंच कर जांच किया। : मृतका नीलम देवी के पति इंदल कुमार और बेटा मनोज कुमार दोनो पानीपत, मे रहकर नौकरी करते है। महिल घर पर अकेली रहती थी। गोंडा के लिए रवाना हो चुके हैं। बताया गया है कि नीलम देवी घर पर अकेली रहती थीं। करनैलगंज कोतवाल नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि प्रथम दृष्टया जांच में शव पर कहीं भी चोट के निशान नहीं मिले हैं। केवल होंठ के बाई तरफ से खून निकल रहा था। शव का पंचायत नामा भर के पोस्ट मार्टम को भेजा गया है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मृत्यु का कारण पता चल सकेगा।

### घर में घुस कर आधा दर्जन लोगों को पीटा

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के आवास विकास कालोनी निवासी प्रीति मिश्रा ने नगर कोतवाली में तहरीर दिया है है कि होली वाले दिन रामू मिश्र श्यामू विनोद तिवारी श्री प्रकाश सहित 25 लोग उस के घर में घुस आए और तोड़ फोड़ किया। उस के ससुर देवर प्रदीप मिश्रा भतीजा शिवम मिश्रा मारा पीटा गया। बचाने के लिए आए उस के पड़ोसी संतोष सिंह पर चाकू से बार किया गया। उस के पड़ोसी किसलय तिवारी को भी मारा पीट गया। कान की बाली चैन छीन ले गए। घर में जमकर उत्पात मचाया। आसापास के लोगों जब इक्कठा हुए तो सब हमला वर गाड़ी में भर कर भाग गए। घटना की तहरीर कोतवाली में देकर मुकदमा लिखाने की मांग किया है।

### पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्ष भिड़े, चार घायल

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** देहात कोतवाली क्षेत्र के रौतमा गांव में होली के देर शाम पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि मामला मारपीट और चाकूबाजी तक पहुंच गया। घटना में चार लोग घायल हो गए। उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पहले दोनों पक्षों के बीच मामूली विवाद शुरू हुआ मगर कुछ ही देर में लाठी-डंडे और धारदार हथियार से हमला शुरू हो गया। त्योहार के माहौल में अचानक हुई इस हिंसक घटना से गांव में अफरा-तफरी मच गई। घटना में घनश्याम तिवारी, राजेश तिवारी, राहुल उर्फ ज्ञान दत्त और मनीष गंभीर रूप से घायल हो गये। बताया जाता है कि राजेश तिवारी पर चाकू से कई वार किए गए, जिससे उनकी हालत गंभीर हो गई। अन्य तीन लोग भी घायल हैं, जिनका इलाज चल रहा है। घायलों को परिजनों और ग्रामीणों की मदद से तत्काल गोंडा मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों की टीम उनका इलाज कर रही है। बताया जाता है की कुछ दिन पूर्व एक शादी समारोह में बच्चों के बीच हुए विवाद को लेकर दोनों पक्षों में तनाव बना हुआ था। बताया जा रहा है कि उसी पुरानी रंजिश को लेकर यह घटना घटित हुई है। पीड़ित पक्ष के घनश्याम तिवारी का आरोप है कि जब वह शाम को घर पहुंचे तो उनके दरवाजे पर विवाद हो रहा था। उन्होंने बताया कि आरोपी उनके परिवार के सदस्य राजेश तिवारी, राहुल उर्फ ज्ञान दत्त और मनीष को पीट रहे थे। इसी बीच आरोपियों के परिवार के अन्य सदस्य चाकू और कुल्हाड़ी लेकर पहुंचे और हमला कर दिया।प्रभारी निरीक्षक कोतवालली देहात ने बताया कि घायलों का इलाज गोंडा मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### दुर्घटनाओं का दिन रहा होली का त्यौहार

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** वजीर गंज थाना क्षेत्र के पूरे बसंती गांव के निवासी गुरु देव प्रसाद के 14 वर्षीय पुत्र अवधेश कुमार और 15 वर्षीय प्रदीप पुत्र मंगल प्रसाद की बाइक भैंस से टकरा गई जिस को लेकर वही कुछ लोगो ने दोनों को मार पीट कर घायल कर दिया था। इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान अवधेश की गुरुवार के दिन मौत हो गई। मृतक अवधेश के पिता गुरुदेव ने बताया कि मंगलवार की देर शाम को गांव के ही एक युवक ने अपनी बाइक देकर अवधेश और प्रदीप कुमार से पान मसाला मंगाया था। पान मसाला लेने वजीर गंज बाजार आए थे।लेकर वापस गांव में ही जा रहे थे। सड़क के किनारे बेकारू यादव और किशन को भैंस बंधी हुई थीं। अचानक बाइक अनियंत्रित होकर भैंस से टकरा गई जिस को लेकर प्रदीप कुमार और अवधेश की लोहे की रॉड से हमला कर के दोनों को मरणासन्न कर दिया गया। इलाज के लिए मेडिकल कालेज में लाकर भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान अवधेश की मौत हो गई। प्रदीप की हालत गंभारी बनी हुई है।

# विवाहिता का शव बाग में फंदे से लटका मिला

**पिता ने ससुरालवालों पर हत्या का आरोप लगाया**



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** रिसिया थाना क्षेत्र में एक विवाहिता का शव बाग में पेड़ से लटका मिला। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर मृतका के परिजनों ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी है। लतीफपुरवा गांव निवासी शौकत खान ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी शाजरुन का विवाह 12 साल पहले बढ़गावा गांव के गुड्डुन से किया था। शौकत खान का आरोप है कि बीते कुछ दिनों से शाजरुन के पति और ससुराल वाले बाइक की मांग कर रहे थे, क्योंकि उन्होंने अपनी छोटी बेटी को बाइक दी थी। इसी बात को लेकर वे शाजरुन को परेशान करते थे। पिता ने बताया कि दो दिन पहले ससुराल वालों ने शाजरुन के गायब होने की सूचना दी थी। मंगलवार को उसका शव बाग में एक पेड़ की डाल पर लटका मिला। उन्होंने यह भी बताया कि शव के पैर जमीन पर टिके हुए थे, जिससे हत्या की आशंका और बढ़ गई है। रिसिया पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और जिला अस्पताल की मर्चरी में भेज दिया। बुधवार को चिकित्सकों द्वारा विवाहिता का पोस्टमार्टम किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

# रंगों की बौछार और खुशियों के संग उतरौला में धूमधाम से मनी होली

**समृद्धि न्यूज़, उतरौला (बलरामपुर)।** रंगों का त्योहार होली शहर से लेकर गांवों तक बड़े ही हर्षोल्लास, उमंग और भाईचारे के माहौल में मनाया गया। हर तरफ रंगों की बौछार, अबीर-गुलाल की खुशबू और होली गीतों की गूंज सुनाई दी। युवाओं की टोलियां डीजे और ढोल-नगाड़ों की धुन पर झूमती नजर आई, जबकि बच्चे और बुजुर्ग भी पूरे उत्साह के साथ इस पर्व का आनंद लेते दिखाई दिए। दोपहर बाद नगर में पारंपरिक होली जुलूस निकाला गया, जिसकी शुरुआत श्री दुखहरण नाथ मंदिर परिसर से हुई। जुलूस की अगुवाई आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला के अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूप चंद्र गुप्ता, आरएसबी अस्पताल के डायरेक्टर राधेश्याम वर्मा तथा जिला भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक देवानंद गुप्ता ने की। यह जुलूस नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरता हुआ गोंडा मोड़,



पिपलेश्वर मंदिर, ज्वाला महारानी मंदिर, जामा मस्जिद होते हुए डाकखाने के सामने पहुंचकर संपन्न हुआ। जुलूस के दौरान डीजे की धुनों पर झूमते युवाओं की टोली, हवा में उड़ते रंग और गुलाल तथा ढोल-नगाड़ों की गूंज ने पूरे वातावरण को उल्लास से भर दिया। लोग एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर गले मिलते हुए होली की शुभकामनाएं देते नजर आए। कई स्थानों पर पारंपरिक लोकगीतों की धुन पर लोग नृत्य करते हुए दिखाई दिए, जिससे पूरा नगर होली के रंग में रंगा नजर आया।

# तुलसी पार्क में आज भव्य होली मिलन कार्यक्रम आयोजित

**बलरामपुर।** आदर्श नगर पालिका परिषद बलरामपुर के अध्यक्ष प्रतिनिधि डीपी सिंह बैस ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. धीरेन्द्र प्रताप सिंह 'धीरू' के मार्गदर्शन में इस वर्ष भी होली मिलन महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 6 मार्च को सांय 5 बजे से तुलसी पार्क,बलरामपुर में आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि पिछ्ले वर्षो की तरह इस बार भी कार्यक्रम को भव्य रूप देने की तैयारियां की जा रही हैं। होली मिलन महोत्सव में नगर के गणमान्य नागरिकों,जनप्रतिनिधियों,सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों और आम नागरिकों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश देते हुए लोग एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं देंगे। डीपी सिंह बैस ने बताया कि इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा।

# गौशाला में लापरवाही का आरोप, समाजसेवी ने एसडीएम से की जांच की मांग



**उतरौला (बलरामपुर)।** तहसील क्षेत्र के ग्राम चमरुपुर में स्थित गौशाला की व्यवस्थाओं को लेकर लापरवाही का मामला सामने आया है। ग्राम निवासी और समाजसेवी विनय कुमार पुत्र राजेन्द्र प्रसाद ने उपजिलाधिकारी उतरौला को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि गौशाला में रखी गई गायों की समुचित देखभाल नहीं की जा रही है, जिससे पशुओं के स्वास्थ्य और जीवन पर संकट उत्पन्न हो रहा है। समाजसेवी विनय कुमार का कहना है कि ग्राम सभा में स्थापित गौशाला का उद्देश्य बेसहारा और आवारा गायों को संरक्षण देना है, लेकिन वहां तैनात कर्मियों की लापरवाही के कारण यह उद्देश्य पूरा होता नजर नहीं आ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि गौशाला में मौजूद गायों को नियमित रूप से चारा-पानी नहीं दिया जा रहा है। इसके अलावा यदि कोई गाय बीमार हो जाती है तो उसका समय पर इलाज भी नहीं कराया जाता, जिससे कई पशु कमजोर और अस्वस्थ अवस्था में दिखाई देते हैं। विनय कुमार ने बताया कि जब उन्होंने गौशाला कर्मी से इस संबंध में बात कर व्यवस्था सुधारने का आग्रह किया, तो कर्मी ने उनकी बात को गंभीरता से लेने के बजाय उनका विरोध किया। इतना ही नहीं, उन्होंने कथित रूप से उन्हें धमकी भी दी, जिससे उन्हें काफी आहत महसूस हुआ। उन्होंने उपजिलाधिकारी से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और यदि आरोप सही पाए जाएं तो जिम्मेदार कर्मचारियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाए, ताकि गौशाला में रह रही गायों को उचित देखभाल और सुविधाएं मिल सकें। उपजिलाधिकारी उतरौला ने समाजसेवी द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र को संज्ञान में लेते हुए मामले की जांच कराने और आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है। प्रशासनिक स्तर पर यदि जांच की जाती है तो गौशाला की वास्तविक स्थिति सामने आने की संभावना है। स्थानीय लोगों का भी कहना है कि गौशाला का सही संचालन होना बेहद आवश्यक है, क्योंकि यह बेसहारा पशुओं के संरक्षण और देखभाल का महत्वपूर्ण केंद्र है। ऐसे में संबंधित विभाग और प्रशासन की जिम्मेदारी बनती है कि समय-समय पर गौशाला की व्यवस्थाओं की निगरानी की जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही पर कठोर कार्रवाई की जाए।

## सादुल्लानगर में धूमधाम से खेली गई होली

**समृद्धि न्यूज़, सादुल्लानगर/बलरामपुर।**

सादुल्लानगर में रंगों का पर्व होली पूरे हर्षोल्लास और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया गया। बुधवार सुबह से ही नगर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में रंग-गुलाल उड़ते नजर आए। बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी होली के रंग में रंगे दिखे। नगर की गलियों, चौराहों और मोहल्लों में लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। ढोल-नगाड़ों और फाग गीतों की धुन पर युवाओं ने जमकर नृत्य किया। होली के अवसर पर घरों में पारंपरिक पकवान गुझिया, और ठंडाई की विशेष व्यवस्था रही। होली को लेकर सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चौबंद रही।

# रमज़ान में फीकी पड़ी टेलरों की रौनक

**अनिल कुमार गुप्ता**

**उतरौला (बलरामपुर)।** एक समय था जब रमजान का महीना शुरू होते ही कपड़ों की दुकानों और टेलर मास्टरों की दुकानों पर भारी भीड़ उमड़ पड़ती थी। विशेष रूप से रमजान के पहले दस दिनों तक प्रसिद्ध टेलरों की दुकानों पर 'हाउसफुल' का बोर्ड तक लगाना पड़ता था। लेकिन बदलते समय और फैशन के साथ अब यह दृश्य लगभग गायब हो गया है। रेडिमेड कपड़ों के बढ़ते चलन और सिलाई की बढ़ती लागत के कारण पारंपरिक सिलाई व्यवसाय की रौनक लगातार फीकी पड़ती जा रही है। स्थानीय बाजार में इन दिनों कपड़ों की दुकानों पर ग्राहकों की आवाजाही तो हो रही है, लेकिन सिलाई कराने वाले लोगों की संख्या पहले की तुलना में काफी कम हो गई है। ज्यादातर लोग अब रेडिमेड कपड़ों को ही प्राथमिकता दे रहे हैं।

**रेडिमेड कपड़ों के बढ़ते चलन से पारंपरिक सिलाई व्यवसाय प्रभावित**

परिणामस्वरूप टेलर मास्टरों को पहले जैसी व्यस्तता देखने को नहीं मिल रही है और कई सिलाई व्यवसायी रमजान के दिनों में भी अपेक्षाकृत खाली बैठे नजर आ रहे हैं। करीब एक दशक पहले तक रमजान की आमद होते ही बाजारों में अलग ही रौनक देखने को मिलती थी। लोग पहले कपड़े की दुकानों से कपड़ा खरीदते और उसके बाद सीधे टेलरों की दुकानों की ओर रुख करते थे। कुर्ता, पाजामा, पैंट, शर्ट, सदरी और शेरवानी जैसे कपड़ों की सिलाई के लिए लोगों की लंबी कतारें लग जाती थीं। कई टेलरों को ऑर्डर पूरा करने के लिए देर रात तक काम करना पड़ता था। बाजार में आजकल विभिन्न कंपनियों के रेडिमेड कपड़ों की भरमार है। जींस, ट्राउजर, शर्ट, टी-शर्ट और कुर्ता-पाजामा के आकर्षक डिज़ाइन आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं। यही वजह है कि लोग कपड़ा खरीदकर सिलवाने के बजाय सीधे रेडिमेड कपड़े खरीदना ज्यादा सुविधाजनक समझते हैं।

# अमया देवरिया में आयतुल्लाह अली खामेनाई की याद में कैंडल मार्च



**लोगों ने अर्पित की श्रद्धांजलि**

**उतरौला (बलरामपुर)।** उतरौला के ग्राम अमया देवरिया में सोमवार रात को अंजुमने हुसैनिया के तत्वाधान में देवरिया मस्जिद से ईरान के सुप्रीम लीडर और दुनिया भर में शिया समुदाय के प्रमुख धर्मगुरु आयतुल्लाह अली ख़ामेनाई की शहादत के सिलसिले में एक कैण्डल मार्च निकला गया। जुलूस की अगुवाई मौलाना ज़ायर अब्बास और मौलाना फिदा हुसैन ने किया। जिसमें भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। हाथों में कैंडल अपने रहबर की तस्वीर और दिल में दर्द लिए लोग उन्हें याद करके आंसू बहा रहे थे। जहाँ आयतुल्लाह अली ख़ामेनाई ज़िंदाबाद के नारे लगा कर उनके चाहने वाले उन्हें याद कर रहे थे। वहीं इज़राइल मुर्दाबाद, अमरीका मुर्दाबाद, नेतनयाहू मुर्दाबाद, डोनाल्ड ट्रम्प मुर्दाबाद, के नारों द्वारा लोग अपने ग़ुस्से का इज़हार भी कर रहे थे। जुलूस गाँव के विभिन्न रास्तों से होता हुआ दरगाह हज़रत अब्बास पहुंचा।

इस अवसर पर शोक सभा को सम्बोधित करते हुए मौलाना ज़ायर अब्बास ने कहा कि इस्लाम धर्म में जुल्म करना और जुल्म सहना दोनों मना है। ईमाम हुसैन के मानने वाले जुल्म के सामने अपना सर कटा तो सकते हैं पर अपना सर कभी झुका नहीं सकते। आज उन्हीं के चाहने वाले आयतुल्लाह अली ख़ामेनाई ने शहादत को गले लगा लिया। लेकिन बातिल के सामने अपना सर नहीं झुकाया। मौलाना फ़िदा हुसैन ने कहा कि चौदह सौ साल पहले ईमाम हुसैन ने यज़ीद से कहा था कि मुझ जैसा तुझ जैसे की बैयत कभी नहीं कर सकता तो भला आयतुल्लाह अली ख़ामनाई कैसे अरब मुल्कों की तरह अमरीका इज़राइल की बैयत कर लेते। मौलाना इमरान उतरौलवी ने कहा कि कल इसी रमज़ान के पाक महीने में हज़रत अली को शहीद किया गया तो आज उन्हीं के एक गुलाम आयतुल्लाह अली ख़ामेनाई को शहीद किया गया। इंशाल्लाह दुश्मनों से इसका बदला ज़रूर लिया जायेगा। विश्व विख्यात कवि शुजा उतरौलवी ने अपनी पंक्तियों द्वारा अपने रहबर को विन्रम श्रद्धांजलि दी, अंत में अपने मुल्क हिन्दुस्तान की तरक़्क़ी, भाईचारे, अमन और शांति के लिए दुआ की गई। इस अवसर पर उतरौला, अमया देवरिया, रेहरा माफ़ी, रैगावां, पिपरा, बजहा और आस पास के क्षेत्रो के लोग मौजूद रहे।

# पारंपरिक होली उत्सव में दिखा उत्साह का माहौल

**ऊंट पर सवार ब्रजेश पाठक तो खुली जिप्सी में बैठक कर दिनेश शर्मा ने खेली होली**



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

नवाबों के शहर लखनऊ में होली के रंग बुधवार को जमकर बिखरे। पुराने लखनऊ के चौक इलाके में आयोजित पारंपरिक होली उत्सव में उत्साह का माहौल रहा, जहां उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा और अन्य भाजपा नेता आम लोगों के साथ मिलकर होली खेलते नजर आए।

इस ऐतिहासिक होली जुलूस में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ऊंट पर सवार होकर पहुंचे, जबकि डॉ. दिनेश शर्मा खुली जिप्सी में सवार होकर एक-दूसरे पर पिचकारी और गुलाल से रंग डालते दिखे। ब्रजेश पाठक ने प्रेशर सिलेंडर और बड़ी पिचकारियों से कार्यकर्ताओं और भीड़ पर रंग बरसाया। जब दिनेश शर्मा ने उन पर रंग डाला, तो ब्रजेश पाठक ने चुनरी से मुंह ढककर मजेदार अंदाज में बचाव किया। विधायक डॉ. नीरज बोरा ने ढोल बजाते हुए होली की मस्ती में शामिल हुए। इस दौरान भाजपा पार्षद अनुराग मिश्रा अनु के नेतृत्व में होली बारात निकाली गई, जो चौक चौराहे से शुरू होकर विक्टोरिया स्ट्रीट, अकबरी गेट और गोल दरवाजा होते हुए वापस चौक पहुंची। बारात में हजारों समर्थक शामिल थे, जो ढोल-नगाड़ों, फाग गीतों और रंग-गुलाल के साथ झूमते रहे। डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा, चौक की यह होली ऐतिहासिक और बेहद खास है। आज ईरान-अमेरिका के बीच प्रेम की पिचकारी चले, यूक्रेन-रूस का युद्ध समाप्त हो और विश्व में शांति कायम रहे। अखिलेश यादव हों या मायावती, सभी एक होकर देश के विकास में जुटें। राहुल गांधी का विदेश प्रेम कम हो, हम यही कहेंगे कि वह एक से दो और दो से तीन हो जाएं।

पूर्व सांसद लालजी टंडन के बेटे अमित टंडन ने बताया कि यह परंपरा अमृतलाल नागर और लालजी टंडन (बाबूजी) ने शुरू की थी। इसका मकसद था कि समाज के सभी धर्मों और वर्गों के लोग मिल-जुलकर होली मनाएं। जुलूस में हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सब शामिल होते हैं और लोग रंग-गुलाल के साथ-साथ पुष्पों की वर्षा से स्वागत करते हैं।

## खबरें एक नजर में

### राजधानी में 2 लोग की गर्दन मांझे से कटी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के हुसैनगंज इलाके में पतंग के मांझे से 2 लोगों की गर्दन कट गई। 54 साल के व्यक्ति कूलर बनवाकर घर लौट रहे थे। तभी पतंग का मांझा आ गया जो उनके गले पर लगा। वह स्कूटी सहित जमीन पर गिर गए। वहीं दोस्तों के साथ जा रहा छात्र नाका पुल पर मांझे से कट गया। माल एवेन्यू शिवपुरी मंदिर निवासी रामखेलावन (54) पशुपालन विभाग में नौकरी करते हैं। गुरुवार शाम को 5 बजे घर से कूलर बनवाने के लिए निकले थे। वहां से लौटने के दौरान घर से करीब डेढ़ सौ मीटर दूर एलएमएस के पास चाइनीज मांझे की चपेट में आ गए। जिससे वह स्कूटी लेकर मौके पर गिर गए। घटना के बाद मोहल्ले वाले पहुंच गए। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां गंभीर हालत में उनका इलाज चल रहा है। गर्दन में गहरे घाव हुए हैं। वहीं सुशांत गोल्फसिटी निवासी प्रणव यादव अपने दोस्तों के साथ पान दरीबा से घर की तरफलौट रहा था। तभी नाका पुल पर अचानक से चाइनीज मांझा उसके चेहरे पर आ गया। जिससे उसके चेहरे पर गहरे जख्म हो गए। दोस्तों ने उसे इलाज के लिए सिविल अस्पताल पहुंचाया। जहां उसके दो टांके लगे हैं। छात्र की हालत खतरे से बाहर है।

### माल थाने में पुलिसकर्मियों ने खेली होली

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** होली के मुख्य दिन ड्यूटी पर तैनात रहने वाले पुलिसकर्मियों ने गुरुवार को माल थाने परिसर में उत्साह से पर्व मनाया। इंस्पेक्टर नवाब अहमद के नेतृत्व में माल थाने के पुलिसकर्मियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाया, मिठाई बांटी और होली की शुभकामनाएं दीं। होली के दिन शांति व्यवस्था बनाए रखने के कारण त्योहार का पूरा आनंद न ले पाने वाले पुलिसकर्मी अगले दिन मिलकर खुशियां मनाते हैं। थाना प्रभारी नवाब अहमद ने बताया, ड्यूटी के दबाव में हम त्योहार नहीं मना पाते, इसलिए विभागीय परंपरा के तहत दूसरे दिन सब साथ मिलकर भाईचारे का संदेश देते हैं। कार्यक्रम में उपनिरीक्षक, मुख्य आरक्षी, आरक्षी समेत सभी पुलिसकर्मी शामिल हुए।

### थूककर रोटियां बनाने वाला कारीगर गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के पारा इलाके में मुरादाबादी बिरयानी की दुकान पर काम करने वाला कारीगर रोटी बनाते समय उस पर थूकता नजर आया। किसी ने उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया, जिसके बाद मामला तूल पकड़ लिया। पुलिस के मुताबिक 2 मार्च को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें एक युवक रोटी बनाते समय उस पर थूकता नजर आ रहा था। वीडियो सामने आने पर पुलिस ने जांच शुरू की। जांच में पता चला कि वीडियो बुद्धेश्वर महादेव मंदिर के पास दूध मंडी के सामने मुरादाबादी बिरयानी की दुकान का है। इंस्पेक्टर पारा सुरेश सिंह के अनुसार, अनस के खिलाफरिपोर्ट दर्ज की गई है। 4 मार्च को उसे गिरफ्तार कर लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए उसके खिलाफशांति भंग के तहत भी कार्रवाई की गई। पुलिस का कहना है कि इस तरह की हरकत लोगों के स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है। इससे गंभीर बीमारियों के संक्रमण फैलने की आशंका रहती है। संबंधित धाराओं के तहत दोषी पाए जाने पर आरोपी को छह महीने तक की सजा, जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। घटना के बाद इलाके में लोगों में नाराजगी है। पुलिस ने दुकानदारों को साफ-सफाई के नियमों का सख्ती से पालन करने की चेतावनी दी है।

### रेलवे लाइन पार कर रहा व्यक्ति ट्रेन से कटा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र में गुरुवार को ट्रेन की चपेट में आने से 70 साल के बुजुर्ग कैलाश नाथ की मौत हो गई। यह हादसा इंदौरा बाग मोड़ के पास हुआ, जब वह रेलवे ट्रैक के करीब मौजूद थे। सीतापुर से लखनऊ की ओर आ रही एक ट्रेन की टक्कर लगने से कैलाश नाथ काफी दूर जा गिरे। उन्हें गंभीर चोटें आईं और मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलने पर बख्शी का तालाब थाना पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है ताकि हादसे के कारणों का पता लगाया जा सके।

### युवक को गोली मारने वाला युवक गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पीजीआई इलाके में होली के दिन गोली चलाने के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक देशी तमंचा और खोखा बरामद किया है। उसे गुरुवार को जेल भेज दिया गया। सुमन वर्मा, निवासी राजीव नगर, घोसीयाना खरिका तेलीबाग ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बुधवार को दोपहर करीब 2 बजे उनका बेटा अंकित वर्मा (उम्र 29 वर्ष) अपने साथियों जितेंद्र यादव और नरेंद्र त्रिपाठी के साथ होली खेलकर लौट रहा था। इसी दौरान राजीव नगर निवासी शोभित यादव ने अंकित को गाली देना शुरू कर दिया। मना करने पर शोभित ने अपने हाथ में लिए तमंचे से जान से मारने की नीयत से गोली चला दी। गोली अंकित के पेट को छूते हुए निकल गई, जिससे वह मौके पर ही घायल हो गया। उसे तुरंत ट्रामा-02 सेंटर ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे छुट्टी दे दी। घायल अंकित की मां सुनीता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। पुलिस पूछताछ में आरोपी शोभित यादव ने बताया कि करीब एक साल पहले उसके चाचा जितेंद्र यादव के बरक्षाध्तिलक समारोह में अंकित वर्मा से उसकी कहासुनी हुई थी। शोभित के अनुसार, बुधवार को जब वह अपने घर आ रहा था, तो अंकित वर्मा ने उसे रास्ते में रोककर गाली-गलौज की। इस पर उसने अपने लोवर में रखा तमंचा निकालकर अंकित पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया, जिससे उसके पेट में गोली लग गई और खून बहने लगा।गोली लगने के बाद आसपास के लोग अंकित वर्मा को एसजीपीजीआई ट्रॉमा सेंटर ले गए। शोभित ने बताया कि मौका पाकर उसने तमंचे को अपने घर के पीछे झाड़ी में फेंक दिया था। पुलिस ने बुधवार देर शाम शोभित को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया था।

# ईरान के स्कूल पर इजराइली-अमेरिकी हमले को अखिलेश ने बताया निंदनीय

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने बुधवार को ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई पर इजराइली-अमेरिकी हमले की निंदा की। इस हमले में खामेनेई की मौत हो गई थी। यादव ने ईरान के मीनाब शहर के एक स्कूल पर सबसे घातक इजराइली-अमेरिकी हमलों की भी कड़ी निंदा की, जिसमें 165 छात्राओं की मौत हो गई। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि सपा दोनों घटनाओं की कड़ी निंदा करती है और शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करती है। यादव ने कहा, श्जिनेवा कन्वेंशन और अंतरराष्ट्रीय कानून, जो संघर्ष के समय में भी मानव जीवन की रक्षा के लिए बनाए गए हैं, ऐसे कृत्यों से गंभीर रूप से खतरे में हैं। हम उनकी शहादत को नमन करते हैं और शोक संतप्त सभी लोगों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। ईरान में अमेरिका और इजराइल के संयुक्त हमले में खामेनेई की मौत की खबर सामने आने के बाद एक मार्च से लखनऊ, अलीगढ़, मुजफ्फरनगर, रायबरेली सहित उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में बड़े स्तर पर प्रदर्शन हुए हैं।

## नगर निगम का संपूर्ण समाधान दिवस आज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** शहरवासियों की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से नगर निगम लखनऊ द्वारा शुक्रवार, 06 मार्च 2026 को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम प्रत्येक माह के प्रथम शुक्रवार को आयोजित किए जाने की परंपरा के अंतर्गत नगर निगम मुख्यालय, लालबाग स्थित त्रिलोकनाथ सभागार में प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होगा। संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता महापौर सुषमा खर्कवाल द्वारा की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान नगर निगम के विभिन्न विभागों से जुड़े अधिकारी मौके पर उपस्थित रहकर नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई करेंगे और यथासंभव तत्काल निस्तारण सुनिश्चित करेंगे।

# स्ट्रेटिजिक कम्युनिकेशन कॉनक्लेव का आयोजन लखनऊ छावनी में कल

**समृद्धि न्यूज, समृद्धि न्यूज।**

**लखनऊ।** भारतीय सेना की मध्य कमान कल 7 मार्च को लखनऊ छावनी स्थित सूर्य सभागार में उभरते सूचना क्षेत्र में सामरिक संचार विषय पर अपना प्रथम स्ट्रेटिजिक कम्युनिकेशन कॉनक्लेव आयोजित कर रही है। इस एक दिवसीय सम्मेलन में राष्ट्रीय सुरक्षा संरचना में सामरिक संचार पर चर्चा होगी।

पैनलिस्ट और वक्ताओं में वरिष्ठ राजनयिक, सरकारी संचार विशेषज्ञ और मीडिया जगत के रक्षा एवं विदेश नीति विशेषज्ञ शामिल होंगे। चर्चाओं में सामरिक संचार को एक परिचालन क्षमता और राज्य-प्रबंधन के साधन के रूप में संस्थागत रूप देने पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

सम्मेलन के सभी चार सत्रों का मध्य कमान के सोशल मीडिया हैंडल पर सीधा प्रसारण किया जाएगा। प्रौद्योगिकी-सक्षम रणनीतिक संचार, रणनीतिक कर्ता के रूप में मीडिया, कूटनीति-मीडिया-सैन्य अभिसरण, भारत की वैश्विक छवि का प्रबंधन और विरोधी विचारधारा अभियानों का मुकाबला जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी। इस सम्मेलन में मध्य कमान, भारतीय सेना के वरिष्ठ सैन्य अधिकारी और सरकारी एवं निजी क्षेत्र के संचार पेशेवर शामिल होंगे। रणनीतिक संदर्भ स्थापित करने के लिए उद्घाटन सत्र और मुख्य भाषण के साथ सम्मेलन का शुभारंभ होगा, जिसके बाद संस्थागत और राष्ट्रीय सुरक्षा आयामों पर एक विशेषज्ञ नीति-स्तरीय सत्र आयोजित किया जाएगा।

दो विषयगत मीडिया पैनल चर्चाओं में धारणा प्रबंधन और सूचना शक्ति पर चर्चा होगी, जिसके बाद बहु-क्षेत्रीय संचालन पर एक विशेष संवाद सत्र में नीति और परिचालन संबंधी दृष्टिकोणों को एकीकृत किया जाएगा। सम्मेलन का समापन प्रमुख अंतर्दृष्टियों के संश्लेषण और आगे की राह के स्पष्टीकरण के साथ होगा। सम्मेलन का उद्देश्य भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा संरचना के भीतर एक संस्थागत क्षमता के रूप में स्ट्रेटिजिक कम्युनिकेशन का परीक्षण करना और उभरते सूचना क्षेत्र में सिद्धांत, संरचनाओं, प्रक्रियाओं और तैयारियों पर कार्रवाई योग्य अंतर्दृष्टि उत्पन्न करना है।

**आयोजन** — **महिलाओं व बालिकाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करने की कवायद**

# केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित होगा महिला स्मिता लीग

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 08 मार्च 2026 को लखनऊ में ASMITA लीग के अंतर्गत महिला एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार एवं भारतीय खेल प्राधिकरण के निर्देशन में के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम, लखनऊ में आयोजित होगा।




कार्यक्रम का आयोजन National Centre of E&cellence-SAI, लखनऊ के हॉकी कोच ऋषि कुमार तथा उपनिदेशक, मेरा युवा भारत के समन्वय से किया जाएगा। प्रतियोगिता में लगभग 1000 से अधिक महिला प्रतिभागियों के भाग लेने की संभावना है। ASMITA (Achieving Sports Milestone by Inspiring Women Through Action) लीग का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना तथा खेलों में उनकी भागीदारी बढ़ाना है। प्रतियोगिता में तीन आयु वर्ग-अंडर-13, 13-18 वर्ष एवं 18 वर्ष से अधिक में 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इस प्रकार कुल 9 दौड़ प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इसके अतिरिक्त प्रतिभागियों के लिए एक एंगेजमेंट गतिविधि (जैसे रस्सा-कसी प्रतियोगिता) भी आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित किया जा रहा है। अधिक से अधिक महिला प्रतिभागियों की सहभागिता सुनिश्चित कराने के लिए शिक्षा विभाग, आईटीआई अलीगंज, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, उच्च शिक्षा विभाग, एनएसएस, एनसीसी एवं भारत स्काउट एवं गाइड का सहयोग लिया जाएगा।

कार्यक्रम स्थल पर चिकित्सा सुविधाओं के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा एम्बुलेंस एवं चिकित्सक दल की तैनाती की जाएगी तथा सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस विभाग द्वारा आवश्यक पुलिस बल उपलब्ध कराया जाएगा। प्रतियोगिता के तकनीकी संचालन हेतु क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी द्वारा रेफरी एवं कोच तैनात किए जाएंगे।

जिला प्रशासन ने सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं खेल संस्थानों से अपील की है कि अधिक से अधिक बालिकाएं एवं महिलाएं ASMITA पोर्टल पर पंजीकरण कर इस प्रतियोगिता में भाग लें और महिला सशक्तिकरण के इस अभियान को सफल बनाएं।।
































## खबरें एक नजर में

### होली मिलन समारोह 7 को

**शाहजहांपुर।** सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा होली के उपलक्ष्य में 7 मार्च को सुबह 10 बजे से होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष अजय सिंह वर्मा ने बताया कि समारोह मन्नत मैरिज लॉन लोधीपुर में मनाया जाएगा।

### दामाद पर बेटी की हत्या करने का आरोप



**सिंधौली, शाहजहांपुर।** थाना सिधौली क्षेत्र के गांव कोरोकुइया निवासी एक महिला ने अपनी बेटी की हत्या का आरोप दामाद पर लगाया है। कोरोकुइया निवासी साबिरा बेगम ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उनकी 30 वर्षीय बेटी तबस्सुम की शादी लगभग 12 वर्ष पूर्व मुस्लिम रीति-रिवाज से महानंदपुर निवासी इमरान के साथ हुई थी। दंपती के तीन बच्चे हैंकृदो बेटियां फलक और महनूर तथा एक बेटा मोहम्मद बारिस। साबिरा बेगम के अनुसार तबस्सुम पिछले एक वर्ष से बीमार चल रही थी। मंगलवार को परिजन उसका इलाज कराने सिधौली कस्बे में लाए थे। आरोप है कि इसी दौरान दामाद इमरान उसे जबरदस्ती इलाज के बहाने अपने साथ लखनऊ ले गया और वहां उसकी हत्या कर दी। तबस्सुम चार बहनोंकृचंदा, मेहनाज, कुलसुमकृ और तीन भाइयों बबलू, शबलू व आदिल में से एक थी। परिजनों ने मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर लेकर जांच शुरू कर दी है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की बात कही है।

### चारदीवारी के बीच सतरंगी हुई होली, बंदियों ने जेल अधीक्षक को लगाया गुलाल



**शाहजहांपुर।** रंगों के पर्व होली पर जिला कारागार में अनोखा और भावुक दृश्य देखने को मिला। बुधवार को जेल परिसर में बंदियों और अधिकारियों ने मिलकर हर्षोल्लास के साथ होली मनाई। जेल अधीक्षक जीतेन्द्र प्रताप तिवारी समेत अन्य अधिकारियों ने बंदियों के साथ अबीर-गुलाल लगाकर त्योहार की खुशियां साझा कीं।होली मिलन कार्यक्रम के दौरान पूरा जेल परिसर 'होली है' के जयकारों से गूंज उठा। होली गीतों की धुन पर जेल अधीक्षक भी खुद को रोक नहीं पाए और बंदियों के साथ जमकर नृत्य किया। यह दृश्य देख बंदियों का उत्साह दोगुना हो गया।इस दौरान बंदियों ने जेल अधीक्षक को गुलाल लगाकर आशीर्वाद लिया। अधिकारियों ने भी बंदियों के उज्ज्वल भविष्य और सही राह पर चलने की कामना की। जेल प्रशासन की इस पहल से बंदियों में सकारात्मक माहौल बना।

### दो पक्षों में विवाद, 10 के खिलाफ एफआईआर

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** सिधौली क्षेत्र के गांव आदमपुर दक्षिणी दो पक्षों के बीच कहां सुनी के बाद मारपीट हो गई इस घटना में दोनों पक्षों की ओर से कुल 10 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। राहुल निवासी आदमपुर दक्षिणी ने पुलिस को तहरीर दी बताया कि 4 मार्च को जब वह अपने घर जा रहा था तभी गांव के पंकज ने शराब के नशे में उसे गाली गलौज की राहुल के विरोध करने पर पंकज के साथ रामनिवास रामकृपाल रिंकू और विमलेश ने लाठी डंडों और लात घूसों से मारपीट की जिससे उसके कई जगह चोटे आई। वहीं दूसरे पक्ष के अंकित कुमार ने भी कोतवाली में तहरीर दी उन्होंने आरोप लगाया कि जब गांव का विमलेश ई रिक्शा लेकर जा रहा था तब गांव में डीजे बज रहा था और कुछ लोग नशे की हालत में गाली गलौज कर रहे थे अंकित के विरोध करने पर शनि उर्फ लालू छोटू उर्फ संतोष रामसनेही रणवीर और राजवीर ने लाठी डंडों से मारपीट की जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आए और शरीर के अंग हिस्सों में भी चोटे लगी हैं।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव पेड़ से लटका मिला, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका



**सिंधौली, शाहजहांपुर।** थाना सिंधौली क्षेत्र के गांव बाजपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव पेड़ से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना सिधौली क्षेत्र के गांव बाजपुर निवासी रामसनेही का 21 वर्षीय पुत्र गोपाल उर्फ शेखू बुधवार शाम करीब सात बजे गांव में ही किसी परिचित के यहां पैर छूने के लिए गया था। इसके बाद वह वापस घर नहीं लौटा। देर रात तक जब वह घर नहीं पहुंचा तो परिजनों को चिंता हुई और उन्होंने उसकी तलाश शुरू कर दी। परिवार के लोग पूरी रात युवक की खोजबीन करते रहे, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। गुरुवार सुबह गांव का एक व्यक्ति खेत की ओर गया तो उसने गांव के पूर्व फकीरे के खेत में लगे पॉपुलर के पेड़ से एक युवक का शव रस्सी के सहारे लटका हुआ देखा। यह देखकर उसने तुरंत गांव के लोगों और परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर परिजन और ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। पहचान करने पर शव गोपाल उर्फ शेखू का निकला। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और मामले की जांच शुरू कर दी। बताया जाता है कि युवक का शव पॉपुलर के पेड़ से रस्सी के सहारे लटका हुआ था और उसके पैर जमीन को छू रहे थे। वहीं उसकी जीभ बाहर निकली हुई थी, जिससे घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। मृतक की मां सुबोधा देवी ने रोते-बिलखते बेटे की हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि युवक की हत्या कर शव को पेड़ से लटका दिया गया है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है और गांव में भी शोक का माहौल है। बताया जाता है कि गोपाल उर्फ शेखू छह भाइयों में दूसरे नंबर का था। उसके भाइयों में मुकेश, अमित, सुमित, आशीष और विशाल शामिल हैं, जबकि उसकी चार बहनों की पहले ही शादी हो चुकी है। खबर लिखे जाने तक पुलिस मौके पर मौजूद रहकर आवश्यक कार्रवाई कर रही थी। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

# होली में जमकर उड़ा आपसी प्रेम-भाईचारे का गुलाल

- लोगों ने एक-दूसरे से गले मिल दीं शुभकामनाएं
- अधिकारियों ने भी जमकर खेली होली, सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**







जनपद में होली पर्व को लेकर जबरदस्त उत्साह छाया रहा। बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी रंगों में डूबे दिखे। बाजारों में भी होली को लेकर खास उत्साह देखा गया। होली पर सुबह सुबह होलिका स्थल पर जाकर लोगों ने आखत डालकर परिक्रमा करके पूजा अर्चना की।वही पर बड़े बुजुर्गों के पैर छूकर आशीर्वाद प्राप्त किया। आपसी भाईचारे का संदेश देते हुए लोगों ने एक दूसरे को गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दी। जनपद में होली के दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के भी व्यापक इंतजाम किए गए थे। जिससे कि किसी तरह की कोई दिक्कत उत्पन्न न हो। बात अगर अधिकारियों की कर तो डीएम, एसपी आवास,पुलिस लाइन व थानों में भी जमकर होली खेली गई। कलेक्टर कैंप कार्यालय, आवास पर भी होली मनाई गई, जहाँ डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने भाईचारे का संदेश दिया। उन्होंने अपनी पत्नी एकता सिंह के साथ गुलाल खेलकर रंगों का त्यौहार मनाया। सीडीओ डा.अपराजिता सिंह, एसपी सिटी देवेंद्र कुमार ने अपने आवास पर होली खेलकर प्रेम, एकता व भाईचारे का मैसेज दिया। एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा, एडीएम वित्त अरविंद कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार आदि अधिकारियों ने आवास पर होली खेलकर रंग में रंगे नजर आए।

**गांव में उड़ा प्रेम-सौहार्द का गुलाल:** जनपद के गांवों में भी होली का पर्व हर्षोल्लास और रंगों की मस्ती के साथ मनाया गया। गांव में सुबह से ही उत्सव का माहौल नजर आया और बच्चों ने उत्साह के साथ एक-दूसरे पर रंग-गुलाल लगाकर त्योहार की खुशियां साझा की। गांव की गलियां रंगों से सराबोर हो गई। बच्चों ने समूह बनाकर ढोल की थाप और हंसी-खुशी के बीच होली खेली। इस दौरान आपसी भाईचारे और प्रेम का सुंदर दृश्य देखने को मिला। ग्रामीणों ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी होली का पर्व शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। बड़े-बुजुर्गों ने बच्चों को सुरक्षित और संयमित तरीके से त्योहार मनाने की सीख दी।

# देहरादून में नेशनल डेडलिफ्ट प्रतियोगिता में शाहजहांपुर के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

- आठ पदक जीतकर जनपदवासियों को दिया होली का तोहफा

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में आयोजित नेशनल डेडलिफ्ट प्रतियोगिता में जनपद के खालसा हेल्थ क्लब, चिनौर के खिलाड़ियों ने उत्तर प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए शानदार प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों ने कुल आठ पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया और जनपदवासियों को होली का खास तोहफा दिया।

राष्ट्रीय खिलाड़ी एवं कोच कमलजीत सिंह तथा मोहित तिवारी के नेतृत्व में सब जूनियर वर्ग के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। आर्यांश गौतम ने 50 किलोग्राम भार वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल, अभिषेक राणा ने 56 किलोग्राम में ब्रॉन्ज मेडल, अंश सिंह ने 60 किलोग्राम में ब्रॉन्ज मेडल तथा दलजीत सिंह ने 65 किलोग्राम भार वर्ग में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। वहीं मोहित रावल ने भी ब्रॉन्ज मेडल जीतकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसी क्रम में 74 किलोग्राम भार वर्ग में अनमोल यादव ने डेडलिफ्ट में गोल्ड मेडल तथा स्ट्रांगमैन प्रतियोगिता में ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। 85 किलोग्राम भार वर्ग में अवनीत सिंह ने डेडलिफ्ट में ब्रॉन्ज मेडल जीता। वहीं 105 किलोग्राम भार वर्ग में युवराज सिंह ने डेडलिफ्ट में सिल्वर मेडल और स्ट्रांगमैन प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। यूथ वर्ग में जसवंत सिंह ने गोल्ड मेडल जीतकर जनपद का गौरव बढ़ाया। इस अवसर पर मनीषी ताइक्वांडो वेलफेयर एसोसिएशन के महासचिव डॉ. पुनीत मनीषी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण से ही खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता प्राप्त करते हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए भविष्य में और अधिक मेहनत कर देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता से पदक जीतकर लौटे खिलाड़ियों का रेलवे स्टेशन पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय ताइक्वांडो मास्टर डॉ. पुनीत मनीषी, अनिरुद्ध द्विवेदी, जेमेंद्र सिंह, अभिषेक दीक्षित, तरुण शर्मा, सेवा सिंह सहित अन्य गणमान्य लोगों ने खिलाड़ियों को माला पहनाकर और मेडल देकर सम्मानित किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से जनपद खिलाड़ियों में खुशी की लहर है और लोगों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। साथ ही सभी ने जनपद के महान क्रांतिकारियों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

## दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत



**सिंधौली, शाहजहांपुर।** मार्ग दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के दौरान बरेली में मृत्यु हो गई। थाना सिंधौली क्षेत्र के गंधरपुर गांव निवासी सुधांशु पुत्र राकेश कुमार किसी कार्य के लिए दिनांक 21 फरवरी को कोरोंकुइयां गया हुआ था वापस आते समय कोरोंकुइयाँ के निकट फार्म के पास सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसे इलाज के लिए बरेली रेफर किया गया था परंतु इलाज के दौरान 2 मार्च 2026 को सुधांशु की दुखद मृत्यु हो गई मृत्यु का समाचार जैसे ही परिजनों एवं गांव वालों को मिला तो कोहराम मच गया होली के 1 दिन पहले हुई मृत्यु की इस घटना ने त्यौहार का रंग फीका कर दिया 6 माह पहले भी सुधांशु के एक भाई रजनीश कुमार की रेल से गिरकर मृत्यु हो गई थी माता गुड्डी देवी-पिता राकेश कुमार व परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम कराया है। क्षेत्रीय लोगों मैं बसपा के तिलहर विधानसभा अध्यक्ष नीरज भास्कर ठाकुर नरेंद्र प्रताप सिंह प्रमोद कुमार गौतम उपाध्यक्ष मोहम्मद आसिफ अली मंसूरी संतन पाल गौतम डाक्टर शराफत अली राशिद अंसारी आदि ने पहुंचकर परिजनों को ढांडस बंधाते हुए तीन मार्च 2026 को सुबह लगभग 10:30 बजे अंतिम संस्कार कर दिया।

## नगर में ढोल-बाजे के साथ निकाली गई रंग चौपई



**तिलहर - शाहजहांपुर।** रंगोत्सव पर्व होली पर नगर में ढोल बाजे के संग रंग चौपई निकाली गई। जिसमें रंग से सराबोर युवाओं ने जमकर धमाल किया। यह रंग चौपई मोहल्ला बहादुरगंज जिला सहकारी बैंक से उठकर बहादुरगंज, कुंवरगंज, पोटरगंज, बिरयागंज, मौजमपुर, दातागंज, मेन चौराहा बिरियागंज होते हुए जिला सहकारी बैंक पर पहुंचकर संपन्न हुई। चौपई में मुख्य रूप से आयोजक नगर अध्यक्ष उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल सौरभ गुप्ता रवि , पूर्व ब्लाक प्रमुख अभिनव शर्मा वीरू, हरि मोहन गुप्ता, शिवकिशोर गुप्ता, कैलाश चंद्र शर्मा, अजय गुप्ता, प्रदीप रस्तोगी, विशाल गुप्ता, गौरव कंसल, पंकज सक्सेना, सुनील शर्मा ठेकेदार, हर्षित मिश्रा, राजेश, आनन्द कश्यप, अविरल गुप्ता, पिंकू, बल्लू गुप्ता समेत तमाम युवा रंग चौपई में शामिल रहे। उधर हिन्दुपट्टी में सोनू खन्ना के सानिध्य में रंग चौपई निकाली गई। जिसमें तमाम युवाओं ने रंग खेलते हुए धमाल किया।

# बाइकों की भिड़ंत, तीन युवकों की मौत

- युवकों की मौत के बाद परिवार में कोहराम, पुलिस ने शव पीएम को भेजे

**बंडा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**







जिला पीलीभीत के करेली थाना क्षेत्र के मीरपुर गांव के पास दो बाइकों की जबरदस्त भिड़ंत में दो युवकों की मौके पर मौत हो गई, जबकि एक को जिला अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। थाना निगोही निवासी रामबहादुर का 25 वर्षीय पुत्र अमरजीत अपने दो साथियों के साथ अमरजीत होली के त्योहार पर करेली के तिलछी गांव में अपने फूफा रामचरन के घर जा रहा था। इधर बंडा थाना क्षेत्र के गांव कमालपुर निवासी रामकिशन का 20 वर्षीय पुत्र पंकज अपने तहेरे भाई थाना खुटार के गांव इटौआ निवासी रामफूल के 22 वर्षीय पुत्र अरविंद कुमार के साथ होली पर रंग खेलने के बाद अपने भाई संजय की ससुराल गांव बछियानी से वापस अपने घर आ रहा था। दोनों की बाईकें आपस में टकरा गई। जिससे सभी पांचों गिरकर घायल हो गए । मौके पर भीड़ जमा होती देखकर अमरजीत के दो साथी उसे छोड़कर भाग गए। वहीं पंकज के चाचा रामू ने बताया कि पीछे से आ रही दूसरी बाइक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी थी। घायलों को 108 एंबुलेंस से बिलसंडा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने अमरजीत और अरविन्द को मृत घोषित कर दिया जबकि पंकज को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल शाहजहांपुर भेजा गया जहां इलाज के लिए ले जाते समय उसकी रास्ते में ही मौत हो गई । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। इधर पंकज और अरविन्द की मौत की खबर सुनते ही दोनों घरों में कोहराम मच गया। पंकज की मौत से मां रामश्री, भाई अनिल और संजय का रो रो कर बुरा हाल है। वहीं अनिल ने बताया कि अरविंद की भी शादी तय हो चुकी थी जो 15 अप्रैल को होनी थी। उसकी मौत से मां सुनीता देवी का रो रो कर बुरा हाल है। यह लोग अब से करीब 18 साल पहले गांव कमालपुर छोड़कर थाना खुटार के गांव इटौआ में जाकर बस गये थे।

# अंग्रेजों के जमाने से यहां होता है होलिका दहन

**रोजा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

रोजा जंक्शन थाना क्षेत्र के कोयला कॉलोनी गुरुद्वारा कॉलोनी इंदिरा गांधी पार्क स्टेशन कॉलोनी नरेंद्र मोदी ग्राउंड में होली नहीं सजाई गई। जो लोग होली के आयोजक थे कुछ लोग खत्म हो गए कुछ लोगों का ट्रांसफर हो गया। जिस कारण इतनी जगह होली नहीं जली। अंग्रेजों के जमाने से रोज रेलवे कैंटीन स्थित चिल्ड्रन पार्क में अंग्रेजों के जमाने से होली जलाई जा रही थी। वहां पर होली जलाई गई। हालांकि बट वेल्डिंग प्लांट के कारण रेलवे लाइन डाली गई जिस कारण वहां पर जगह कम थी लेकिन होली के आयोजकों ने रेल पत्र निरीक्षक से कहकर रेलवे के स्लीपर वहां से हटा दिए और होली की जगह छुड़वा दी। जो लोग रेलवे में भर्ती हुए थे। बचपन से इस होली में आखेट डाल रहे थे। वह लोग छुट्टी लेकर आए और अपने घरों से फोर व्हीलर टू व्हीलर से आए और अंग्रेजों के जमाने से जहां पर होली में जाकर डाल रहे थे। वहां पर आकर डालें और होली का पर्व हर्ष और उल्लास से मनाया और एक दूसरे के गले मिलकर शुभकामनाएं दिए।

### रेलवे कर्मचारियों ने हर्षोल्लास के साथ मनाई होली



**रोजा, शाहजहांपुर।** रोजा जंक्शन रेलवे कॉलोनी प्रेम नगर कॉलोनी कोयला कॉलोनी स्टेशन कॉलोनी चर्च कॉलोनी में होली का पर्व हर्ष और उल्लास से बनाया जाता है। रंग खेलने के बाद में लोको पायलट सहायक लोको पायलट सिग्नल विभाग सेटिंग विभाग आपस में होली खेल कर एक दूसरे के कपड़े फाड़ते हैं और वह कपड़े होली में समर्पित कर कर दूसरे कपड़े पहनते हैं यह परंपरा जब से रोजा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर रेलवे कर्मचारियों का स्टाफ आया तब से चली आ रही है और आज तक चल रही है रोजा जंक्शन रेलवे कॉलोनी में होली खेलने वाले आपस में लोग अंतिम समय में 11:30 बज कर कपड़ा फाड़ होली खेलते हैं।

## पूर्व एडीजी की हिन्दुपट्टी ड्योढी पर हुआ चौपई धमाल

- 26वें पंच दिवसीय होली कार्यक्रम में शुक्रवार (आज) होगा आल इंडिया कवि सम्मेलन व मुशायरा

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



वरिष्ठ आईपीएस शिव मुरारी सहाय की हिंदीपट्टी स्थित ड्योढी पर आयोजित 26 वें होली के पंच दिवसीय कार्यक्रम के तीसरे दिवस पारंपरिक ग्रामीण परिवेश की चौपई में तमाम गांवों के हुरियारों ने भाग लेकर होली गान किया। इस मौके पर उन्हें पुरस्कृत भी किया गया। गुरुवार को श्री सहाय की ड्योढी पर हुरियारों की भरी भीड़ उमड़ी रही। जो चौपई के रूप में टोली दर टोली अलग अलग प्रोग्राम कर ग्रामीण परिवेश में होने वाले होली गीतों को गाकर त्यौहार की छटा बिखेरती नजर आई। इस मौके पर सेवा निवृत एडीजी शिव मुरारी सहाय व उनके अनुज गौरव सहाय ने हुरियारों की टोलियों को पुरस्कृत किया । सभी के जलपान की व्यवस्था भी की गई। कार्यक्रम में देर शाम तक ग्रामीणों व ड्योढी के शुभचिंतकों की भारी भीड़ उमड़ी रही।

# हनुमान मंदिर के महंत के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

- दो किशोरों की लात-घूंसे से पिटाई का मामला, विडंबना - ग्रहण के सूक्त काल में भी चढ़वाया जाता रहा प्रसाद



**तिलहर - शाहजहांपुर।** कछिय्यानी खेड़ा हनुमान मंदिर परिसर में दो महिला श्रद्धालुओं के पैसे निकालने के आरोप महंत ने दो किशोर को पड़कर जमकर लात-घूंसे से पिटाई कर दी। वहीं भीड़ ने दोनों को खंभे से बांधकर बड़ी ही बेरहमी से पीटा । बाद में दोनों आरोपियों को पुलिस के हवाले कर दिया। उक्त मामले में पूर्व सेवादार ने मंदिर के महंत पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। मंगलवार सुबह कछिय्यानी खेड़ा हनुमान मंदिर पर प्रसाद चढ़ाने पहुंचे श्रद्धालुओं में किन्हीं दो महिलाओ के पैसे निकालने के आरोप में महंत रामलखन गिरी ने दो किशोरों को पकड़ लिया । जिनकी लात घूंसे से पिटाई की। मामला यहीं नहीं रुका भीड़ ने होमगार्ड की मौजूदगी में उक्त दोनों को खंभे से बांधकर जमकर पिटाई कर दी। इस पूरे घटनाक्रम का कुछ लोग वीडियो बना कर वायरल कर दिया। वायरल वीडियो में मंदिर के महंत भी किशोर के साथ मारपीट करती नजर आए। क्षेत्र के गांव बिलहरा निवासी मंदिर के पूर्व सेवादार लोकेश कुमार ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर मंदिर के महंत सहित कई लोगों पर किशोर के साथ मारपीट करने को लेकर कार्यवाही की मांग की। पुलिस ने महंत के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर लिया। वहीं आरोपी किशोरों की डाक्टरी परीक्षण उपरांत उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। मंगलवार को चंद्र ग्रहण के सूचक काल से लेकर ग्रहण पड़ने तक मंदिर में प्रसाद चढ़नाने का क्रम जारी रहा। जबकि किसी भी ग्रहण और सूतक काल के दौरान सभी मंदिर के पट बंद कर दिए जाते हैं। इस मामले में तमाम जानकार लोगों ने मंदिर के महंत पर जानकारी न होने पर उनकी महंती पर प्रश्न चिन्ह खड़ा कर दिया।

# बंडा थाने के शराबी दरोगा ने दो बाइकों में मारी टक्कर, एक घायल

- नशे में धुत था दरोगा, पब्लिक ने लगाए दो-चार थप्पड़, वीडियो वायरल

**बंडा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



होली के दूसरे दिन पुलिस अपनी होली खेलती हैं, शराब और कपड़े फाड़ होली खेलती है। इसी दौरान बंडा एक दरोगा शराब के नशे धुत होकर गाड़ी से जा रहा था। चौराहे पर उनके दो बाइकों में टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार घायल हो गए। दरोगा ने भागने का प्रयास किया, लेकिन ज्यादा नशा होने और भीड़भाड़ हो जाने के कारण वह भाग नही सका। इसके बाद पब्लिक के लोगों ने उसे पकड़ लिया और थप्पड़ लगाकर पुलिस को सौंप दिया। मामले का वीडियो भी वायरल हैं, लेकिन शाम तक कोई कार्रवाई दरोगा पर नही हुई थी।

बंडा क्षेत्र में एक शर्मनाक घटना ने पुलिस की छवि को धूमिल कर दिया। बंडा थाने में तैनात एक दरोगा नशे के आगोश में स्विफ्ट कार चलाते हुए मुख्य चौराहे पर दो मोटरसाइकिलों को टक्कर मार बैठा, जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। बृहस्पतिवार दोपहर बाद गांव उदरा टिकरी निवासी सुनील सिंह अपनी भतीजियों पारुल और सलोनी को साथ लेकर होली मिलने के लिए बंडा आया था जहां मुख्य चौराहे पर नशे में धुत दरोगा जोगेश शर्मा एक स्विफ्ट कार को तेज रफ्तार और अनियंत्रित दिशा में चलाते हुए लाया और उसकी मोटर साइकिल में टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में दरोगा ने भागने के चक्कर में दो बार कार को तेज रफ्तार दी, लेकिन गुस्साई भीड़ ने उन्हें घेर लिया। भीड़ ने दरोगा को लात-घूंसे मारे और पूरा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वहीं घायल सुनील सिंह को बंडा सीएचसी में भर्ती कराया गया है। जहां एक ओर थाने में होली का हंगामा काटा जा रहा था और होली के अवसर पर बंडा थाने में होली की धूम मची थी। सिपाही और दरोगा नशे में धुत दिखे, कुछ बिना शर्ट, तो कुछ बिना चप्पल के दरोगा को बचाने पहुंचे। लोगों ने पुलिस की लापरवाही पर तीखे सवाल उठाए। वहीं पुलिस दरोगा को थाने ले आई और बंद कर दिया। लेकिन दरोगा को बचाने का भरसक प्रयास किया जा रहा है।

# लाट साहब जुलूस का जूते-चप्पलों से स्वागत

- कोतवाल की सलामी लेकर निकले लाट साहब
- पैरामिलिट्री फोर्स, पुलिस बल बड़ी संख्या में चप्पे चप्पे पर रहा तैनात



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

होली के अवसर पर निकलने वाला लाट साहब जुलूस हजारों पुलिस बल,मजिस्ट्रेटों व सीसीटीवी कैमरों, ड्रोन की निगरानी में सकुशल व शांतिपूर्ण तरीके से जिला प्रशासन ने संपन्न करा लिया। बड़े लाट साहब को रामपुर से लाया गया है और कई दिनों से 'खातिरदारी' की जा रही थी। जुलूस शुरू होने से पहले चौक में फूलमती मंदिर में लाट साहब ने मंदिर में दर्शन किए। इसके बाद उन्हें सलामी के लिए चौक कोतवाली के अंदर ले जाया गया, जहां चौक कोतवाल उन्हें सलामी देकर रवाना किया। सलामी के बाद लाट साहब का जुलूस निर्धारित मार्ग पुलिस बल के घेरे में निकाला गया। जुलूस का स्वागत छतों,सड़कों पर मौजूद दर्शकों ने झाड़ू, जूते और चप्पलें बरसाकर 'किया। हालांकि इस बार कई चौराहों पर शहरवासियों ने पुष्पवर्षा कर लाट साहब का जोरदार स्वागत किया। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह, एसपी राजेश द्विवेदी, नगर आयुक्त डा.बिपिन कुमार मिश्रा, एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा, एडीएम वित्त अरविंद कुमार, एसपी सिटी देवेंद्र कुमार, एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारियों की देखरेख में जुलूस निकाला गया। बता दें कि इतिहासकारों के अनुसार, इस परंपरा की शुरुआत शाहजहांपुर के अंतिम नवाब अब्दुल्ला खां ने वर्ष 1746-47 में की थी। उन्होंने किले पर दोबारा कब्जा करने के बाद किला मोहल्ला में एक रंग महल बनवाया था, जिसे अब रंग महला के नाम से जाना जाता है। नवाब अब्दुल्ला खां हर साल वहां होली खेलते थे और एक भव्य जुलूस निकालते थे, जिसमें हाथी-घोड़े और बैंड-बाजे शामिल होते थे। उनकी मृत्यु के बाद भी स्थानीय लोगों ने इस जुलूस को निकालना बंद नहीं किया। भारत में ब्रिटिश शासन आने के बाद अंग्रेजों ने होली पर नवाब के जुलूस पर प्रतिबंध लगा दिया। हालांकि, लोगों ने जुलूस निकालना बंद नहीं किया, बल्कि इसके स्वरूप में बदलाव कर दिया। जो जुलूस पहले एक उत्सव के रूप में मनाया जाता था, वह अब अंग्रेजों के विरोध का प्रतीक बन गया। इसका नाम 'नवाब साहब का जुलूस' से बदलकर 'लाट साहब का जुलूस' कर दिया गया। अंग्रेजों के अत्याचारों के कारण, 1947 के बाद जुलूस में 'हुड़दंगई' भी शामिल हो गई। लोग अंग्रेजों के प्रति अपने गुस्से को व्यक्त करने के लिए विभिन्न तरीके अपनाने लगे, जिसमें जूते-चप्पल फेंकना भी शामिल था। लाट साहब जुलूस को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए तीन हजार पुलिस बल व पैरामिलिट्री फोर्स और पीएसी समेत स्थानीय पुलिस बल तैनात रहा। खुद डीएम, एसपी ने कलेक्ट्रेट में कन्ट्रोल रुम में बैठकर जुलूस की एक एक गतिविधियों पर कैमरों के माध्यम से निगरानी की। जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने पर अधिकारियों ने जुलूस आयोजकों व शहरवासियों को धन्यवाद दिया।

# तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकराई, युवक की मौत

- इस दुर्घटना में दो भतीजे भी गंभीर




**शाहजहांपुर।** थाना सेहरामऊ दक्षिणी क्षेत्र में दिलावलपुर के पास बुधवार देर शाम तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार 19 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि उसके दो भतीजे गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार बेहटी गांव निवासी अंकुर (19) बुधवार को अपने भतीजों सौरभ और गौरव के साथ बाइक से कटरा थाना क्षेत्र में रिश्तेदारों के यहां होली मिलने गया था। देर शाम तीनों बाइक से वापस गांव लौट रहे थे। इसी दौरान दिलावलपुर के पास तेज रफ्तार होने के कारण बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों बाइक सवार सड़क पर काफी दूर तक घिसटते चले गए। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को तुरंत अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने अंकुर को मृत घोषित कर दिया। वहीं सौरभ और गौरव का इलाज चल रहा है। गुरुवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। मृतक के भाई रोहित ने बताया कि अंकुर चार भाइयों में सबसे छोटा था और मजदूरी कर परिवार का सहयोग करता था। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# दबंगों ने की ताबड़तोड़ फायरिंग, दबंगों का टूटा दबंगई का कहर

- फिल्मी स्टाइल में फायरिंग कर गांव में दहशत फैलाने निकले बदमाश

**शाहजहांपुर।** होली के दिन जनपद में कानून-व्यवस्था को खुली चुनौती देते हुए बेखौफ बदमाशों ने जमकर गोलीबारी की। घटना शाहजहांपुर के थाना सदर बाजार क्षेत्र स्थित सुभाष नगर कॉलोनी की है, जहां दो दर्जन से अधिक दबंगों ने घर में घुसकर कई राउंड फायरिंग की घटना हुई जिसका वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। बताया जा रहा वायरल वीडियो में सुभाष नगर निवासी अमर सिंह यादव उर्फ सोनपाल यादव अपने बेटों व अन्य बदमाशों के साथ होली के दिन एकजुट हुआ और मिथलेश कुमार व राजू के घर पर धावा बोलते हुए दिख रहे हैं। वीडियो में बदमाश तमंचों और लाठी डंडा लेकर खुलेआम मारपीट कर रहे हैं जिसमें एक तमंचे से फायरिंग करता दिख रहा है। अचानक हुए हमले से घर में मौजूद महिलाएं व बच्चे सहम गए। उन्होंने कमरों के दरवाजे बंद कर किसी तरह अपनी जान बचाई। फायरिंग की आवाजों से सुभाष नगर कॉलोनी में अफरा-तफरी मच गई। दहशत में आए मोहल्ले के लोगों ने अपने-अपने घरों के दरवाजे बंद कर लिए। हैरानी की बात यह रही कि होली के दिन कई राउंड फायरिंग और जमकर उपद्रव के बावजूद काफी देर तक पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। घटना थाना सदर बाजार क्षेत्र के सुभाष नगर कॉलोनी स्थित किसानों वाली पुलिया के पास की बताई जा रही है। पीड़ित पक्ष ने दबंगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

# संदिग्धावस्था में नौ साल की बच्ची की मौत

**रोजा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

- मां ने पड़ोस के दो युवकों पर लगाया दुष्कर्म के प्रयास, की हत्या

थाना रोजा क्षेत्र के एक मोहल्ला में एक बच्ची की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वही बच्ची की मां ने मोहल्ले के ही दो लोगों पर दुष्कर्म का प्रयास करने तथा असफल होने पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पैनल से पोस्टमार्टम कराया है।

थाना क्षेत्र में किराये के मकान में अपने बच्चों के साथ रहने वाली महिला ने पुलिस को बताया कि वह अपने बच्चियों को घर पर छोड़कर रोज की भांति शहर की एक कालोनी में झाड़ू पोछा करने चली जाती हैं। बुधवार की दोपहर वह बच्चियों को छोड़कर काम चली गई। शाम को उसे सूचना मिली कि उसकी नौ साल की बच्ची अचेतावस्था राजकीय मेडिकल कॉलेज ले जाई गई। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृत घोषित कर दिया गया। मृतका की मां का आरोप है कि पड़ोस का एक व्यक्ति उनके बच्चों द्वारा छत पर गिट्टी फेंकने को लेकर धमकी देता था। मां ने उस व्यक्ति से कहा था कि वह छुट्टी मिलने पर छत साफ कर देगी, लेकिन बच्चों से कुछ न कहे। आरोप है कि उसी व्यक्ति ने उनके मकान की छत पर आकर बेटी की हत्या कर दी और उसके साथ दुष्कर्म का भी प्रयास किया। दरअसल महिला मूलरूप से थाना आरसी मिशन क्षेत्र की रहने वाली है। उसकी शादी करीब पन्द्रह पहले जलालाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में हुई थी। महिला के मुताबिक, पति शराब का आदि है। घर का सामान बेचकर शराब के शौक पूरे करने लगा था। इस कारण वह पति से करीब चार साल से अलग रहे रही थी। मां ने बताया कि सात की बेटी चार भाई बहनों में तीसरे नंबर की थी। वही क्षेत्र में चर्चा है कि बच्ची में किसी बात से नाराज होकर जीने की ग्रिरिल में दुपट्टे से लटक कर आत्महत्या कर ली हैं। जब काफी देर तक नीचे नहीं आई तो बड़ी बहन ने ऊपर जाकर देखा तो चौंक गई और शोर मचाने लगी। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग आ गये और उसकी पुत्री को राजकीय मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि बच्ची की मां की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली हैं। अगर तहरीर मिलती हैं तो जांच कर कार्रवाई की जायेगी। सूचना के आधार पर पैनल और वीडियोग्राफी से पोस्टमार्टम कराया गया हैं।

# होली खेलने के बहाने की पत्नी की हत्या

- मुखौटा पहनकर घर में घुसा, प्रेमी पर तेजाब फेंका
- शाहजहांपुर में पति को छोड़कर लिव-इन में रहती थी पत्नी


मनमोहन पांडेय — आरती पांडेय

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

होली के दिन पति ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी। उसके प्रेमी पर तेजाब फेंक दिया। उसका चेहरा बुरी तरह झुलस गया। वारदात के दौरान मारपीट में पति खुद भी अधमरा हो गया। जानकारी के मुताबिक, महिला का पति से दो साल से तलाक का केस चल रहा था। तब से वह पति से अलग रह रही थी। बीते 6 महीने से अपने प्रेमी के साथ अलग किराए के मकान में लिव-इन में रह रही थी। बुधवार सुबह 6 बजे पति होली खेलने के बहाने महिला के घर पहुंचा। उसने चेहरे पर मुखौटा पहना हुआ था। दरवाजा खटखटाया। प्रेमी दरवाजा खोलने आया। दरवाजा खुलते ही प्रेमी की आंखों में रंग झोंक दिया। वह चीखते हुए बाहर भागा। शोर सुनकर महिला बाहर आ गई। पति ने उसे दबोच लिया और चाकू से गला रेत दिया। यह देखकर प्रेमी पति पर टूट पड़ा। लात-घूंसे और ईंट से पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। तीनों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां महिला को मृत घोषित कर दिया गया। मूलरूप से थाना रौजा क्षेत्र के रहने वाले मनमोहन पांडेय ने 10 साल पहले प्रेमनगर की रहने वाली आरती (31) से भागकर शादी की थी। दोनों की एक 6 साल की बेटी है। इसके बाद से दोनों के बीच विवाद होने लगा। 2 साल पहले आरती ने तलाक का केस कर दिया और अलग रहने लगी। आरती 5 भाई-बहनों में सबसे छोटी थी। उसके पिता प्राइवेट नौकरी करते थे। वहीं, मनमोहन दो भाइयों में छोटा है। पिता रेलवे में लोको पायलट थे, फिलहाल रिटायर हो चुके हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, आरती के अफेयर की बात जानकर मनमोहन बौखला गया। होली के दिन रंग खेलने के बहाने पत्नी के पास गया और वारदात को अंजाम दिया। इसी दौरान आरती का चौक कोतवाली क्षेत्र निवासी बृज विहार कॉलोनी बृजदीप (35) से अफेयर शुरू हो गया। बृजदीप ने 6 महीने पहले आरती को चौक कोतवाली क्षेत्र की बालाजी नगर कॉलोनी (राजकीय मेडिकल कॉलेज के पीछे) में किराए पर एक मकान दिला दिया। बृजदीप भी आए दिन आकर यहां रुकता था। बृजदीप ने बताया मंगलवार रात आरती के साथ रुका था। सुबह हम बैठकर बातें कर रहे थे, तभी डोर बेल बजी। दरवाजा खोला तो सामने एक आदमी चेहरे पर मुखौटा पहने खड़ा था। उसने आंखों में रंग झोंक दिया। कुछ समझ में आता, उससे पहले ही हमलावर ने चेहरे पर तेजाब उड़ेल दिया। मैं चीखते हुए मकान के बाहर आ गया। चीख सुनकर आरती दौड़ते हुए कमरे से बाहर आ गई। मैंने कहा-तुम भाग जाओ। तब तक हमलावर ने आरती को दबोच लिया। हमलावर का मुखौटा खींचा तो पता चला कि वो उसका पति मनमोहन था। मनमोहन ने चाकू से आरती का गला रेत दिया। आरती की चीख सुनकर मैं भागकर कमरे में आया। देखा तो आरती लहूलुहान पड़ी थी, मनमोहन उस पर चाकू से दूसरा वार करने जा रहा था, तभी मैं उस पर टूट पड़ा। मनमोहन को लात-घूंसे से बुरी तरह पीटा और ईंट से सिर पर ताबड़तोड़ कई वार कर डाले। मनमोहन अधमरा हो गया। पुलिस को सूचना दी। चौक कोतवाली प्रभारी अश्विनी कुमार फोर्स लेकर मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मुझे, आरती और मनमोहन को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने आरती को मृत घोषित कर दिया। मनमोहन की हालत बेहद गंभीर बनी हुई है। तेजाब से हमले के कारण बृजदीप का चेहरा भी बुरी तरीके से झुलस गया है। बृजदीप के बयान पर पुलिस ने मनमोहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। बृजदीप ने बताया मनमोहन बेरोजगार था। कोई काम नहीं करता था। शुरुआत में आरती ही प्राइवेट नौकरी करके घर खर्च चलाती थी। बेटी के पैदा होने के बाद खर्च बढ़े, इसीलिए दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। आरोप लगाया कि मनमोहन शराब का आदी है। नशे के लिए आरती से पैसे मांगता था। न देने पर पीटता था। इसीलिए उसने तलाक का केस किया। आरती की बेटी भी मनमोहन के साथ ही रहती है। बृजदीप ने बताया वह सोलर पैनल लगाने का काम करता है। अविवाहित है। तलाक के बाद आरती से शादी करना चाहता था। मनमोहन और आरती के बीच तलाक की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी थी, जल्द ही दोनों का तलाक होने वाला था।

# पुलिस लाइन में समारोह, एक-दूसरे को गुलाल लगाकर दी शुभकामनाएं

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



जनपद में होली पर्व को सकुशल एवं शान्तिपूर्ण रूप से सम्पन्न कराने के उपरांत गुरुवार को रिजर्व पुलिस लाइन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह, एसपी राजेश द्विवेदी की उपस्थिति में पुलिस, प्रशासनिक अधिकारियों तथा कर्मचारियों के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली मिलन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में एसपी सिटी देवेंद्र कुमार, नगर, एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे,सीओ, प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी रहे। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एक-दूसरे को रंग व गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं तथा आपसी सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया। अधिकारियों द्वारा जनपद में होली पर्व को शान्तिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराने में पुलिस बल द्वारा किए गए सराहनीय कार्यों की प्रशंसा की गई तथा सभी को भविष्य में भी इसी प्रकार कर्तव्यनिष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस परिवार के मध्य आपसी समन्वय, सौहार्द एवं उत्साह को बढ़ावा देना रहा, जिससे पुलिस बल जनपद में कानून-व्यवस्था को प्रभावी रूप से बनाए रखने हेतु सदैव तत्पर रह सके।

## खबरें एक नजर में

### चयन किए जाने की कार्यवाही आज

**शाहजहांपुर।** अपर मुख्य सचिव कृषि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा दिये निर्देशों एवं कृषि निदेशालय अभियन्त्रण अनुभाग कृषि भवन लखनऊ द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में कृषि यंन्त्रीकरण योजनान्तर्गत दिनांक 25 फरवरी से 4 जून 2026 तक की जा रही चतुर्थ बुकिंग में लक्ष्यानुसार अनुदान हेतु ई-लॉटरी के माध्यम से चयन किये जाने की कार्यवाही 6 मार्च 2026 को दोपहर 1 बजे बिस्मिल सभागार कलेक्ट्रेट पर की जाएगी।

### अंकुर गुप्ता बने युवा हिंदू वाहिनी के जिलाध्यक्ष

**पूरनपुर, पीलीभीत।** युवा हिंदू वाहिनी भारत के राष्ट्रीय संगठन मंत्री भवदेश कुमार गुप्ता के निर्देशानुसार व पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष विजय कपसिया की संस्तुति पर संगठन मंत्री द्वारा अंकुर गुप्ता को जिले में अपने संगठन को धार देने के लिए बड़ा दांव खेला है दिल्ली स्थित प्रदेश कार्यालय से जारी फरमान के बाद पूरनपुर के मोहल्ला चौक निवासी अंकुर गुप्ता को संगठन का नया जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है इस नई जिम्मेदारी ने जिले के युवा कार्यकर्ताओं में जोश भर दिया है पदभार ग्रहण करते ही अंकुर गुप्ता ने अपने तेवर साफ कर दिए हैं उन्होंने दो टूक कहा कि संगठन ने जो भरोसा जताया है उस पर वे पूरी कट्टरता और ईमानदारी से खरा उतरेंगे जिले में राष्ट्रहित के एजेंडे को घर-घर तक पहुँचाया जाएगा और युवाओं को एकजुट कर सामाजिक समरसता के अभियान को और अधिक आक्रामक बनाया जाएगा।

### पीटीआर की माला रेंज में बाघ की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**पूरनपुर, पीलीभीत।** पीलीभीत टाइगर रिजर्व में शनिवार रात एक बाघ का शव मिलने से वन विभाग में खलबली मच गई बाघ का शव माला रेंज और महोफ के बीच धमेला वॉच टावर के पास पड़ा मिला सूचना मिलने के बाद सामाजिक वानिकी वन प्रभाग के डीएफओ भरत कुमार डीके समेत वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया जांच में बाघ के शरीर पर चोट या संघर्ष के कोई स्पष्ट निशान नहीं मिले हैं इससे मौत के कारणों को लेकर असमंजस बना हुआ है कारणों की पुष्टि के लिए बाघ का पोस्टमॉर्टम बरेली स्थित भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) में कराया जाएगा। डीएफओ भरत कुमार डीके ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

### वन विभाग की कार्यशैली सवालों के घेरे रस्सी बंधा मगरमच्छ डैम में छोड़ा

**पूरनपुर, पीलीभीत।** तहसील कलीनगर के गांव कंजिया सिंहपुर में निकले मगरमच्छ को लेकर वन विभाग की कार्यशैली सवालों के घेरे में आ गई है ग्रामीणों से पकड़वाए गए मगरमच्छ को वन कर्मियों ने रस्सी बंधी हालत में ही डैम में छोड़ दिया इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया जिसके बाद विभाग की कार्यप्रणाली पर ग्रामीणों में नाराजगी देखी जा रही है रस्सी बधे मगरमच्छ दिखाई देने से हड़कंप मच गया लोगों में इसकी दहशत फैल गई इसकी सूचना वन विभाग को दी मौके पर पहुंचे सामाजिक वानिकी प्रभाग पूरनपुर से वन कर्मी मौके पर पहुंचे कर्मियों ने बिना पर्याप्त संसाधन और सुरक्षा इंतजाम के ही ग्रामीणों की मदद से मगरमच्छ को पकड़वाया ग्रामीणों ने रस्सी के सहारे मगरमच्छ को काबू में किया इसके बाद वन कर्मियों ने मगरमच्छ को डैम तक ले गए यहां पर एक पैर की रस्सी खोले बिना ही उसे डैम में धकेल दिया गया वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि मगरमच्छ के शरीर पर रस्सी बंधी हुई है और उसे उसी हालत में पानी में छोड़ दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह रस्सी बंधे मगरमच्छ को पानी में छोड़ना उसकी जिंदगी से खिलवाड़ करना है।

# होली के दिन महराजगंज में दर्दनाक हादसे: तीन की मौत, तीन गंभीर घायल, अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं से मचा हड़कंप

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



होली जैसे खुशियों के त्योहार के बीच महराजगंज जिले में सड़क हादसों ने कई परिवारों की खुशियां छीन लीं। जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए तीन अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि तीन अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटनाओं के बाद इलाके में शोक का माहौल है। पुलिस ने सभी मामलों में जांच शुरू कर दी है और लोगों से त्योहारों के दौरान सतर्कता बरतने की अपील की है। पहला हादसा श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र में हुआ। यहां एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत मानवता दिखाते हुए दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरे घायल युवक का इलाज जारी है।

दूसरी घटना कोठीभार थाना क्षेत्र के बंदी ढाला के पास हुई। यहां रेलवे में कार्यरत एक ट्रैकमैन अपनी बाइक से ड्यूटी के सिलसिले में जा रहा था। इसी दौरान भेड़िया गांव के पास पुलिया के समीप तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान निचलौल थाना क्षेत्र के निवासी के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए और परिवार में कोहराम मच गया।वहीं तीसरी घटना पनियरा थाना क्षेत्र में सामने आई। यहां भी सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार दोनों की हालत गंभीर बताई जा रही है। तीनों घटनाओं की जानकारी मिलते ही संबंधित थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और मामलों की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि त्योहारों के दौरान वाहन चलाते समय विशेष सावधानी बरतें, तेज गति और लापरवाही से बचें, ताकि ऐसे दर्दनाक हादसों को रोका जा सके।

# भगवान नृसिंह की रंगभरी शोभायात्रा में उमड़ा उत्साह, अबीर-गुलाल के बीच एकता और समरसता का संदेश

**गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।**



होली के पावन अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में भगवान नृसिंह की रंगभरी शोभायात्रा बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ निकाली गई। शोभायात्रा में प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ भी शामिल हुए और उपस्थित लोगों को होली की शुभकामनाएं दीं। यह शोभायात्रा शहर के घंटाघर से प्रारंभ होकर हाल्सी गंज, शीतला माता मंदिर, सराफा भवन, मदरसा लालडिग्गी, मिर्जापुर, जाफरा बाजार, बेनीगंज, आर्यनगर, बक्सीपुर, आर्य समाज मंदिर, नखास चौक और रेती चौक सहित विभिन्न प्रमुख मार्गों से होती हुई पुनः घंटाघर पर आकर संपन्न हुई। कार्यक्रम में विभाग प्रचारक अजय नारायण, प्रांतीय संघचालक डॉ. महेंद्र अग्रवाल, आत्मा सिंह, भाग संघचालक ओमप्रकाश जालान, भाग प्रचारक मनीष, अरुण मल्ल, जगदीश, शिव शंकर गुप्ता, शैलेंद्र गुप्ता, अनुराग, अखिलेश्वर द्विवेदी, शिवम पटवा, योगेंद्र दुबे, सुरेंद्र सिंह, योगेंद्र नाथ दुबे, रोहित, जिला प्रचारक सहित अनेक कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ध्वजारोहण का दायित्व जिला प्रचारक और उनकी टीम ने निभाया। बांसुरी व घोष दल में बस्ती से अभिनव, मनोज कश्यप, संजय सिंघानिया, श्याम चौरसिया, संजय जायसवाल, परमानंद, रमाशंकर और कुंज बिहारी सहित कई लोग शामिल रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री Yogi Adityanath ने कहा कि भारतीय पर्व और परंपराएं समाज को एक सूत्र में बांधने का कार्य करती हैं। उन्होंने कहा कि होली प्रेम, भाईचारे और आपसी सद्भाव का पर्व है और सभी को मिलकर समाज में एकता व समरसता को मजबूत करना चाहिए, साथ ही हमारी सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाना चाहिए। शोभायात्रा के दौरान लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक संगठनों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन आत्मा सिंह ने किया।

# गोरखपुर विवि में अगले सत्र से एमफार्म की पढ़ाई शुरू, पीसीआई PCI ने दी मंजूरी

**गोरखपुर, समृद्धि न्यूज़।**



दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में सत्र 2026-27 से एमफार्म (मास्टर ऑफ फार्मेसी) के संचालन का रास्ता साफ हो गया है। फार्मेसी काउंसिल आफ इंडिया (पीसीआइ) ने एमफार्म के दो कोर्स के संचालन को लेकर गोरखपुर विश्वविद्यालय के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। इनके संचालन से औषधीय अनुसंधान, दवा निर्माण, गुणवत्ता नियंत्रण व फार्मास्यूटिकल उद्योग से जुड़ी संभावनाओं को गति मिलेगी। विश्वविद्यालय प्रशासन के मुताबिक, एमफार्म के दो कोर्स फार्मास्यूटिकल केमिस्ट्री एवं फार्मास्यूटिक्स के संचालन के लिए पीसीआइ के समक्ष आवेदन किया गया था। पीसीआइ ने दोनों कोर्स के संचालन की स्वीकृति दे दी है। इन दोनों ही पाठ्यक्रमों में नए सत्र से 15-15 सीटों पर प्रवेश लिया जाएगा। यानी अगले ही सत्र से एमफार्म की पढ़ाई विश्वविद्यालय में शुरू हो जाएगी। परिषद ने नियमानुसार शिक्षण, गैर शिक्षण एवं तकनीकी स्टाफ की नियुक्ति व एईबीएएस पोर्टल पर आवश्यक विवरण अद्यतन करने के निर्देश भी दिए हैं।

**इसलिए जरूरी था एमफार्म:** विश्वविद्यालय में दो वर्ष पहले डीफार्म और बीफार्म में 60-60 सीटों पर प्रवेश को मंजूरी मिली थी। पहले वर्ष बीफार्म की सीटें 100 किए जाने की स्वीकृति पीसीआई ने दी थी। सत्र 2025-26 से फार्मेसी में पीएचडी की भी शुरुआत हो गई है। अब एमफार्म के संचालन की स्वीकृति मिल जाने से यहां फार्मेसी से संबंधित सभी पाठ्यक्रमों का संचालन शुरू हो जाएगा। पीएचडी की शुरुआत के लिए एमफार्म का पाठ्यक्रम बहुत जरूरी था। अब तक पूर्वांचल के छात्रों को एमफार्म या फार्मेसी में पीएचडी के लिए दूसरे राज्यों में जाना पड़ता था।



ASAM WHEAT PRODUCTS (P) LTD.
Manufacturer of Finest Quality Maida, Suji, Rawa, Bran & Chakki Atta
Industrial E-State, Roza-District Shahjahanpur Mob: 9450446469, 9415528473, 9670011666, 8318707511, 9452117669
ASA MANORMADEVI WHEAT PRODUCTS (P) LTD.
Plot No. G-6-9/H-38 (UPSIDC) Jamour, Shahjahanpur-U.P.
SHREE SHIV SHAKTI RICE MILLS • A.S. INDUSTRIES
(Manufacturer Of Best Quality Rice) Shahjahanpur (U.P.) Mob: 9415528474, 8601247111, 9415069956 H.O.: 9415162140

## ‘डिब्बागोल अर्थव्यवस्था’ का युद्ध

हमने बताया था कि करीब 1 करोड़ भारतीय मध्य-पूर्व के खाड़ी देशों में बसे हैं। उन्होंने वहीं घर बना लिए हैं, काम-धंधा जमा लिया है और उनके बच्चे भी वहीं पढ़ रहे हैं। अरब देशों को भारतीयों की बुनियादी जरूरत है, क्योंकि वे तकनीकी और पेशेवर तौर पर हुनरमंद हैं। अरब देशों के पास सिर्फ तेल-गैस के भंडार हैं। न पर्याप्त शिक्षा है, न प्रौद्योगिकी का अपेक्षाकृत कौशल है और सबसे अहम यह है कि वहां लोकतंत्र भी नहीं है। बेशक ईरान में राष्ट्रपति का चुनाव जनता करती है, लेकिन सुप्रीम लीडर ‘मजहबी’ है। राष्ट्रपति भी उसके अधीन काम करते हैं। खाड़ी देशों में शेख, सुल्तान और अमीर आदि की ही हुकूमतें हैं। उन्हें लोकतांत्रिक तरीके से चुना नहीं गया, बल्कि वे पीढ़ी-दर-पीढ़ी और वंश-दर-वंश इन देशों पर राज कर रहे हैं। वे बुनियादी तौर पर अमरीका के पिट्ठू हैं, क्योंकि उनकी मजबूरी है, क्योंकि वे सैन्य रूप से कमजोर देश हैं, बल्कि अमरीका के ही भरोसे हैं। बहरहाल खाड़ी देशों के भारतीय औसतन 10 लाख करोड़ रुपए सालाना भारत में अपने घरों को भेजते हैं। दुनिया भर से भारतीय जितना धन अपने परिवारों को भेजते हैं, उसका एक-तिहाई हिस्सा खाड़ी वाले भारतीय भेजते हैं। उससे भारत की अर्थव्यवस्था लगातार मजबूत हो रही है। यह राशि भारत के कुल बजट का पांचवां हिस्सा है, जो कई देशों के बजट से अधिक है। भारत ने 2025 में करीब 11.60 लाख करोड़ रुपए का कच्चा तेल अरब देशों से आयात किया है। अधिकांश हिस्सा ईरान, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात से ही आयात किया गया है। भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा तेल-आयातक देश है। यदि तेल के दाम 10 डॉलर भी बढ़ते हैं, तो भारत का आयात-बिल 15 अरब डॉलर सालाना बढ़ जाता है। इस अर्थव्यवस्था को समझा जाना चाहिए। यदि अमरीका-इजरायल बनाम ईरान युद्ध लंबा खिंचता है, तो क्या यह अर्थव्यवस्था डांवाडोल हो जाएगी? कमोबेश बड़ी संख्या में भारतीय विस्थापित होकर नहीं लौटेंगे, लिहाजा युद्ध के दौरान उनकी सुरक्षा का सवाल भी बेहद महत्वपूर्ण है। दो दिन के युद्ध ने कच्चे तेल की कीमतें बढ़ा दी हैं। फिलहाल दाम 75-77 डॉलर प्रति बैरल हैं, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि तेल की कीमतें 100-110 डॉलर तक जा सकती हैं। यह तेल कंपनियों का भी खेल होता है, जिन्हें अपने घाटे कम करने होते हैं। यदि युद्ध अनिश्चित साबित हुआ और कंपनियां अपने तेल टैंकर भेजने को डरती रहीं और तेल दक्षिण अफ्रीका के रूट से भेजना पड़ा, तो उनकी लागत बढ़ेगी। नतीजतन तेल के दाम 150 डॉलर तक भी उछल सकते हैं। भारत बहुत बड़ा देश है, लिहाजा उसकी तेल-गैस की खपत और जरूरत भी व्यापक है, लेकिन भारत के पास तेल भंडार सीमित हो सकते हैं। वेनेजुएला आजकल बहुत कम तेल का उत्पादन कर रहा है और उसका तेल भी भारी है, जिसे रिफाइंड करना मुश्किल और खर्चीला है। हालांकि होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग को आधिकारिक तौर पर बंद नहीं किया गया है, लेकिन उसका नियंत्रण फिलहाल ईरान के अधीन है। विभिन्न देशों के 150 से अधिक तेल टैंकर बंदरगाहों पर फंसे हैं। ईरान ने एक कथित अमरीकी तेल टैंकर पर मिसाइल हमला भी किया है। युद्ध के लक्ष्य और उसके पीछे की रणनीति, कूटनीति कुछ भी रही हो, लेकिन यह युद्ध विश्व अर्थव्यवस्था का डिब्बागोल कर सकता है। मध्य-पूर्व में 3400 से अधिक उड़ानें रद्द करनी पड़ी हैं। दिल्ली-मुंबई से ही 225 उड़ानें रद्द की गई हैं। भारत के 20,000 से ज्यादा यात्री अलग-अलग हवाई अड्डों पर फंसे हैं। विमानन अर्थव्यवस्था का मोटा हिस्सा होता है। 1973 से 1979 के बीच जो युद्ध हुए, उनमें भी तेल की कीमतें चार गुना तक उछलीं। नतीजतन दुनिया में महंगाई और मंदी के दौर आए।

# मिडिल-ईस्ट में महायुद्ध की आहट



एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं



*भारत की विदेश नीति पारंपरिक रूप से संतुलन पर आधारित रही है ईरान के साथ ऐतिहासिक संबंध, इज़राइल के साथ रणनीतिक सहयोग और अमेरिका के साथ बढ़ती साझेदारी। वर्तमान संकट में यह संतुलन बनाए रखना कठिन किन्तु आवश्यक होगा। खुलकर किसी एक पक्ष का समर्थन करना दीर्घकालिक हितों को प्रभावित कर सकता है।संयुक्त राष्ट्र और अन्य बहुपक्षीय मंचों पर शांति की अपील, मानवीय सहायता और निकासी अभियानों में सक्रिय भूमिका ये भारत की प्राथमिकताएँ हो सकती हैं। अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे क़ि अनिश्चितता के युग में संयम की आवश्यकता,पश्चिम एशिया की वर्तमान स्थिति विस्फोटक है, परंतु इसे सीधे तीसरे विश्वयुद्ध की घोषणा कहना जल्दबाजी होगी। इतिहास यह सिखाता है कि बड़े युद्ध अक्सर गलत आकलनों और कूटनीतिक विफलताओं का परिणाम होते हैं। यदि संवाद की संभावनाएँ जीवित रखी जाती हैं और क्षेत्रीय शक्तियाँ संयम बरतती हैं, तो व्यापक वैश्विक युद्ध टाला जा सकता है।फिर भी, आपातकालीन एडवाइजरी, उड़ानों का रद्द होना, सैन्य अभियानों की अवधि बढ़ाने की घोषणा और क्षेत्रीय संगठनों की सक्रियता ये सभी संकेत इस बात के हैं कि विश्व एक अत्यंत अस्थिर दौर में प्रवेश कर चुका है।भारत सहित समूचे अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए यह समय सतर्क कूटनीति, आंतरिक स्थिरता और वैश्विक शांति के प्रति प्रतिबद्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का है।*

संवैश्विक स्तरपर पश्चिम एशिया एक बार फिर इतिहास के सबसे संवेदनशील मोड़ पर खड़ा दिखाई दे रहा है। क्षेत्र में तेजी से बदलते सैन्य समीकरण, मिसाइल और ड्रोन हमलों की नई लहरें,और महाशक्तियों की खुली भागीदारी ने हालात को अत्यंत गंभीर बना दिया है। ईरान इज़राइल और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच बढ़ता प्रत्यक्ष और परोक्ष टकराव केवल क्षेत्रीय संघर्ष नहीं रह गया, बल्कि यह वैश्विक शक्ति-संतुलन की परीक्षा बन चुका है। अंतरराष्ट्रीय कूटनीति की परतें हटती दिख रही हैं और सैन्य रणनीति खुले मैदान में उतर आई हैअमेरिका द्वारा अपने नागरिकों को खाड़ी और युद्धग्रस्त देशों से तुरंत निकलने की सलाह देना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि स्थिति सामान्य राजनयिक तनाव से कहीं आगे बढ़ चुकी है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं क़ि जब कोई महाशक्ति अपने नागरिकों को एक साथ अनेक देशों से तत्काल प्रस्थान का निर्देश देती है, तो यह केवल सावधानी नहीं बल्कि संभावित बड़े सैन्य विस्तार की पूर्व चेतावनी भी माना जाता है। अमेरिकी नेतृत्व ने स्पष्ट संकेत दिया है कि अभियान कुछ हफ्तों तक चल सकता है और आवश्यकता पड़ने पर इसे और लंबा किया जा सकता है। घोषित उद्देश्यों में ईरान की मिसाइल क्षमताओं को निष्क्रिय करना, उसकी नौसेना को कमजोर करना, परमाणु हथियार प्राप्त करने की संभावनाओं को समाप्त करना और उसके सहयोगी समूहों, जैसे हिज़्बुल्लाह को समर्थन से वंचित करना शामिल है।

यह रणनीति केवल सैन्य नहीं, बल्कि भू-राजनीतिक पुनर्संरचना का प्रयास प्रतीत होती है। यदि ईरान की क्षेत्रीय शक्ति को निर्णायक रूप से कमजोर किया जाता है, तो पश्चिम एशिया में शक्ति संतुलन पूरी तरह बदल सकता है। किंतु इसके प्रतिउत्तर में ईरान समर्थक समूहों द्वारा असममित युद्ध की रणनीति अपनाई जा सकती है, जिससे संघर्ष का दायरा और विस्तृत हो सकता है।क्या तीसरे विश्वयुद्ध की आशंका वास्तविक है? इतिहास गवाह है कि विश्वयुद्ध अचानक घोषित नहीं होते, बल्कि क्षेत्रीय संघर्षों की श्रृंखला के रूप में विकसित होते हैं। प्रथम विश्वयुद्ध बाल्कन क्षेत्र के एक सीमित संघर्ष से शुरू हुआ था। वर्तमान परिस्थिति में यदि खाड़ी के देश प्रत्यक्ष रूप से युद्ध में उतरते हैं, यदि क्षेत्रीय संगठन सक्रिय सैन्य भूमिका निभाते हैं, या यदि बड़ी शक्तियाँ रूस, चीन या यूरोपीय संघ किसी पक्ष में खुलकर शामिल होते हैं, तो स्थिति वैश्विक टकराव की ओर बढ़ सकती है।हालांकि, यह भी उतना ही सत्य है कि आधुनिक विश्व परस्पर निर्भरता से बंधा हुआ है। ऊर्जा बाजार, वैश्विक व्यापार, वित्तीय नेटवर्क और बहुपक्षीय संस्थाएँ किसी भी पूर्ण विश्वयुद्ध को अत्यंत महंगा बना देती हैं। इसलिए अधिकांश विश्लेषक मानते हैं कि तीसरे विश्वयुद्ध की संभावना भले ही चर्चा में हो, परंतु महाशक्तियाँ प्रत्यक्ष वैश्विक युद्ध से बचने की पूरी कोशिश करेंगी।

साथियों बात अगर हम 15 देशों के लिए आपातकालीन चेतावनीः कूटनीतिक भाषा में छिपा संदेश इसको समझने की करें तो, अमेरिकी विदेश विभाग की एडवाइजरी में जिन देशों का उल्लेख हुआ, उनमें खाड़ी के प्रमुख राष्ट्र सऊदी अरब,संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत, कतर, बहरीन और ओमान शामिल हैं। युद्धग्रस्त या सीधे टकराव में घिरे क्षेत्रों में लेबनान, इराक, यमन, सीरिया के साथ-साथ वेस्ट बैंक और गाज़ा जैसे क्षेत्र भी आते हैं। इसके अतिरिक्त पड़ोसी देश मिस्र और जॉर्डन भी इस चेतावनी के दायरे में हैं।इन देशों में से कई विशेषकर सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात अब तक अपेक्षाकृत सुरक्षित और स्थिर माने जाते रहे हैं। ऐसे में वहाँ से भी तत्काल निकासी की अपील यह संकेत देती है कि संघर्ष सीमित दायरे में रहने वाला नहीं है। हवाई मार्ग बंद होने की आशंका, बड़ी एयरलाइंस द्वारा उड़ानों का रद्द किया जाना और समुद्री मार्गों पर खतरे का बढ़ना ये सभी संकेत व्यापक सैन्य उथल- पुथल की ओर सटीक इशारा करते हैं।

साथियों बात अगर हम संघर्ष की जड़ें और विस्तार का स्वरूप इसको समझने की करें तो, ईरान और इज़राइल के बीच दशकों से वैचारिक और सामरिक शत्रुता रही है। परमाणु कार्यक्रम, मिसाइल तकनीक, और क्षेत्रीय प्रॉक्सी समूहों को समर्थन ये सभी मुद्दे लंबे समय से तनाव के केंद्र में रहे हैं। जब अमेरिका खुलकर इज़राइल के साथ खड़ा दिखाई देता है और संयुक्त सैन्य ऑपरेशन की बात सामने आती है, तो यह टकराव सीधे महाशक्ति बनाम क्षेत्रीय शक्ति का रूप ले लेता है।इस संघर्ष की एक विशेषता यह है कि यह पारंपरिक युद्ध की सीमाओं को पार कर चुका है।ड्रोन,साइबर अटैक, लंबी दूरी की मिसाइलें और समुद्री नाकेबंदी ये सभी आधुनिक युद्ध के उपकरण एक साथ सक्रिय हैं। यदि यह टकराव लंबा खिंचता है, तो ऊर्जा आपूर्ति, वैश्विक व्यापार मार्ग और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय बाज़ार गंभीर रूप से प्रभावित हो सकते हैं।

साथियों बात अगर हम भारत पर प्रभावः कूटनीति, अर्थव्यवस्था और आंतरिक सुरक्षा इसको समझने की करें तो, भारत के लिए पश्चिम एशिया केवल एक भू- राजनीतिक क्षेत्र नहीं, बल्कि ऊर्जा, प्रवासी भारतीयों और व्यापार का प्रमुख केंद्र है। लाखों भारतीय खाड़ी देशों में कार्यरत हैं। यदि वहां व्यापक युद्ध होता है, तो निकासी अभियान, ऊर्जा कीमतों में उछाल और आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान जैसी चुनौतियाँ सामने सटीक रूप से आ सकती हैं।दिल्ली एयरपोर्ट पर अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का रद्द होना, खाड़ी देशों से भारतीयों की वापसी की शुरुआत, और सीबीएसई द्वारा बहरीन, यूएई तथा सऊदी अरब में परीक्षाएँ स्थगित करना ये घटनाएँ बताती हैं कि संघर्ष का प्रभाव सीधे भारत तक पहुंच चुका है। भारतीय विदेश मंत्रालय अलर्ट मोड में है और विभिन्न देशों में रह रहे भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रयास तेज़ किए गए हैं।

साथियों बात अगर हम जम्मू- कश्मीर और आंतरिक संवेदन शीलता को समझने की करें तो,पश्चिम एशिया में किसी बड़े इस्लामी नेता की मृत्यु या बड़े सैन्य टकराव का असर भारत के संवेदनशील क्षेत्रों विशेषकर जम्मू कश्मीर में दिखाई दे सकता है। घाटी में बढ़ते प्रतिबंध और प्रदर्शनों की खबरें यह दर्शाती हैं कि अंतरराष्ट्रीय घटनाएँ स्थानीय भावनाओं को प्रभावित कर सकती हैं। 2019 के बाद इतने बड़े पैमाने पर प्रदर्शन देखे जाना सुरक्षा एजेंसियों के लिए गंभीर संकेत है।भारत सरकार के लिए चुनौती दोहरी है,एक ओर बाहरी भू-राजनीतिक संकट, दूसरी ओर आंतरिक कानून-व्यवस्था की स्थिरता बनाए रखना। किसी भी प्रकार की सांप्रदायिक या राजनीतिक उग्रता को नियंत्रित करना इस समय अत्यंत आवश्यक है। ऊर्जा,अर्थव्यवस्था और वैश्विक बाजार यदि खाड़ी क्षेत्र में समुद्री मार्ग बाधित होते हैं, तो तेल की कीमतों में तीव्र वृद्धि हो सकती है।भारत जैसे ऊर्जा-आयातक देश के लिए यह आर्थिक दबाव बढ़ाने वाला होगा। महंगाई, चालू खाता घाटा और मुद्रा विनिमय दर पर सीधा प्रभाव पड़ सकता है। वैश्विक स्तर पर शेयर बाजारों में अस्थिरता और सोने जैसी सुरक्षित संपत्तियों की मांग में वृद्धि सटीक रूप से देखी जा सकती है।

साथियों बात अगर हम कूटनीतिक संतुलन की आवश्यकता को समझने की करें तो, भारत की विदेश नीति पारंपरिक रूप से संतुलन पर आधारित रही है ईरान के साथ ऐतिहासिक संबंध, इज़राइल के साथ रणनीतिक सहयोग और अमेरिका के साथ बढ़ती साझेदारी। वर्तमान संकट में यह संतुलन बनाए रखना कठिन किन्तु आवश्यक होगा। खुलकर किसी एक पक्ष का समर्थन करना दीर्घकालिक हितों को प्रभावित कर सकता है। संयुक्त राष्ट्र और अन्य बहुपक्षीय मंचों पर शांति की अपील, मानवीय सहायता और निकासी अभियानों में सक्रिय भूमिका ये भारत की प्राथमिकताएँ हो सकती हैं।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि अनिश्चितता के युग में संयम की आवश्यकता, पश्चिम एशिया की वर्तमान स्थिति विस्फोटक है, परंतु इसे सीधे तीसरे विश्वयुद्ध की घोषणा कहना जल्दबाजी होगी। इतिहास यह सिखाता है कि बड़े युद्ध अक्सर गलत आकलनों और कूटनीतिक विफलताओं का परिणाम होते हैं। यदि संवाद की संभावनाएँ जीवित रखी जाती हैं और क्षेत्रीय शक्तियाँ संयम बरतती हैं, तो व्यापक वैश्विक युद्ध टाला जा सकता है।फिर भी, आपातकालीन एडवाइजरी, उड़ानों का रद्द होना, सैन्य अभियानों की अवधि बढ़ाने की घोषणा और क्षेत्रीय संगठनों की सक्रियता ये सभी संकेत इस बात के हैं कि विश्व एक अत्यंत अस्थिर दौर में प्रवेश कर चुका है। भारत सहित समूचे अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए यह समय सतर्क कूटनीति, आंतरिक स्थिरता और वैश्विक शांति के प्रति प्रतिबद्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का है।

विचार

# वैश्विक राजनीति में नैतिकता, हस्तक्षेप व उत्तरदायित्व का सवाल

*डॉ. प्रियंका सौरभ*

बीसवीं सदी का मध्य मानव इतिहास का निर्णायक मोड़ था। जब संयुक्त राज्य अमेरिका ने अगस्त 1945 में जापान के नगर हिरोशिमा और नागासाकी पर परमाणु बम गिराए, तब केवल दो नगर नष्ट नहीं हुए बल्कि पूरी मानव सभ्यता ने अपनी ही निर्मित विनाशकारी शक्ति का भयावह स्वरूप देखा। लाखों लोग तत्काल मारे गए और असंख्य लोग विकिरण के दीर्घकालिक प्रभाव से वर्षों तक पीड़ित रहे। इस घटना ने द्वितीय विश्वयुद्ध को समाप्त करने में भूमिका निभाई, किंतु यह प्रश्न भी छोड़ गई कि क्या किसी भी परिस्थिति में इतना व्यापक संहार उचित ठहराया जा सकता है।

इसके बाद विश्व राजनीति ने एक नया रूप धारण किया। एक ओर संयुक्त राज्य अमेरिका था और दूसरी ओर सोवियत संघ। वैचारिक संघर्ष ने संसार को दो गुटों में विभाजित कर दिया। इसी पृष्ठभूमि में 1950 से 1953 तक चला कोरियाई युद्ध केवल कोरिया की भूमि का संघर्ष नहीं था बल्कि दो विचारधाराओं की टकराहट था। इस युद्ध ने कोरियाई प्रायद्वीप को स्थायी रूप से दो भागों में बाँट दिया और असंख्य परिवारों को पीड़ा दी।

इसके कुछ वर्षों बाद 1955 से 1975 तक चला वियतनाम युद्ध विश्व इतिहास के अत्यंत विवादास्पद संघर्षों में गिना जाता है। व्यापक बमवर्षा, रासायनिक पदार्थों का प्रयोग और ग्रामीण अंचलों का विध्वंस इस युद्ध की पहचान बन गए। इस संघर्ष ने न केवल वियतनाम को गहरी क्षति पहुँचाई, बल्कि संयुक्त राज्य अमेरिका के भीतर भी व्यापक जनविरोध और नैतिक मंथन को जन्म दिया।

इक्कीसवीं सदी के प्रारंभ में 2003 में आरंभ हुआ इराक युद्ध इस तर्क के साथ प्रारंभ किया गया कि वहाँ व्यापक विनाश के हथियार मौजूद हैं और विश्व सुरक्षा को गंभीर खतरा है। किंतु समय के साथ ऐसे हथियारों के स्पष्ट प्रमाण सामने नहीं आए। परिणामस्वरूप इराक की राजनीतिक संरचना अस्थिर हो गई, सांप्रदायिक हिंसा में वृद्धि हुई और पूरे क्षेत्र में असुरक्षा का वातावरण फैल गया।

2001 से 2021 तक चला अफगानिस्तान का युद्ध आतंकवाद के विरुद्ध अभियान के रूप में प्रारंभ हुआ। उद्देश्य था उन शक्तियों को समाप्त करना जिन्हें वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए खतरा माना गया। परंतु दो दशकों के लंबे संघर्ष, भारी आर्थिक व्यय और असंख्य जनहानि के उपरांत भी स्थायी शांति स्थापित नहीं हो सकी। अंततः विदेशी सेनाओं की वापसी के बाद वही संगठन पुनः सत्ता में आ गया जिसे हटाने के लिए यह अभियान आरंभ किया गया था।

मध्य और पश्चिम एशिया में उभरे आतंकी संगठन केवल किसी एक राष्ट्र की नीतियों का परिणाम नहीं थे। उनके उदय के पीछे क्षेत्रीय अस्थिरता, धार्मिक कट्टरता, आर्थिक विषमता, बाहरी हस्तक्षेप और सत्ता का रिक्त स्थान जैसे अनेक कारण रहे। फिर भी यह धारणा व्यापक है कि महाशक्तियों की नीतियों और युद्धों ने ऐसी परिस्थितियाँ निर्मित कीं जिनमें इन्हें पनपने का अवसर मिला।

लैटिन अमेरिका के अनेक देशों में भी बीसवीं सदी के दौरान राजनीतिक उथल-पुथल देखी गई। विभिन्न समयों पर बाहरी प्रभावों और गुप्त हस्तक्षेपों के आरोप लगे। कुछ स्थानों पर सैन्य शासन स्थापित हुए, तो कहीं लोकतांत्रिक व्यवस्थाएँ कमजोर पड़ीं। इन घटनाओं ने यह धारणा सुदृढ़ की कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति में आदर्शों की अपेक्षा सामरिक और आर्थिक हितों को अधिक प्राथमिकता दी जाती है।



तेल, प्राकृतिक संसाधन, व्यापार मार्ग और सामरिक ठिकाने आधुनिक विश्व व्यवस्था के महत्वपूर्ण घटक हैं। आलोचकों का मत है कि कई बार जनतंत्र, मानवाधिकार और शांति की भाषा इन हितों को वैध ठहराने का माध्यम बन जाती है। समर्थकों का तर्क है कि वैश्विक सुरक्षा, आतंकवाद-निरोध और सहयोगी राष्ट्रों की रक्षा भी समान रूप से आवश्यक चिंताएँ हैं।

सत्य संभवतः इन दोनों दृष्टिकोणों के मध्य स्थित है। किसी भी राष्ट्र की विदेश नीति पूर्णतः नैतिक या पूर्णतः स्वार्थप्रधान नहीं होती; वह परिस्थितियों, आशंकाओं, अवसरों और रणनीतिक विचारों का सम्मिलित परिणाम होती है। फिर भी यह प्रश्न बार-बार उभरता है कि क्या राष्ट्रीय हित की रक्षा के नाम पर व्यापक जनसंहार और दीर्घकालिक अस्थिरता को स्वीकार किया जा सकता है।

जनतंत्र और मानवाधिकार केवल औपचारिक शब्द नहीं होने चाहिए, बल्कि वे ऐसे सार्वभौमिक मूल्य बनें जिनका पालन मित्र और विरोधी- दोनों के प्रति समान रूप से किया जाए। यदि शक्ति का प्रयोग चयनात्मक नैतिकता के आधार पर किया जाएगा, तो विश्व समुदाय में अविश्वास, असंतोष और वैमनस्य की भावना प्रबल होगी।

इतिहास यह शिक्षा देता है कि सैन्य विजय स्थायी समाधान प्रदान नहीं करती। स्थायी शांति संवाद, सहयोग, आर्थिक न्याय और सांस्कृतिक सम्मान से ही संभव होती है। किसी भी महाशक्ति की वास्तविक परीक्षा रणभूमि में नहीं बल्कि इस तथ्य में निहित है कि वह अपनी शक्ति का उपयोग कितनी जिम्मेदारी, पारदर्शिता और मानवीय संवेदनशीलता के साथ करती है।

आज का विश्व संघर्षों, प्रतिस्पर्धा और असुरक्षा से घिरा हुआ है। ऐसे समय में आवश्यक है कि अतीत की त्रासदियों से सीख लेकर भविष्य की नीतियों का निर्माण किया जाए। यदि मानव जीवन को सर्वोच्च मूल्य माना जाए और शक्ति को उत्तरदायित्व के साथ जोड़ा जाए, तभी एक अधिक न्यायपूर्ण, संतुलित और शांतिपूर्ण विश्व व्यवस्था की कल्पना साकार हो सकती है।

*(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)*

साहित्य



## मोहमाया और इज़ाज़त...!

**संजय एम तराणेकर**

ना जाने ऐसी वह कौन-सी घड़ी थी,
कैसे मोहमाया में लिपटी खड़ी थी।
आने की इज़ाज़त दे मौन पड़ी थी,
लापता आफ़त दरवाजे पे खड़ी थी।

यूं कितनी चुप्पी साधे रखेगा इंसान,
हमारे आसपास ही खड़े हुए शैतान।
यहाँ सिर पे नाच रहे हैं बनके हैवान,
हम हैं वरिष्ठ नागरिक यह है जवान।

इनसे न जाने कब तक छूटेगा पीछा,
जमाने के सामने दिखा रहे हैं निचा।
इन्हें पाल-पोसकर हमने ही है सिचा,
हे रब दे सदबुद्धि यहीं हमारी इच्छा।





# राशिफल

**मेषः-** कर्जदारों से मन परेशान होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी।

**वृषभः-** किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ मिलेगा।

**मिथुनः-** नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा।

**कर्कः-** काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने के आसार बनेंगे। काफी दिनों से प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। शिक्षा की दिशा में किया गया प्रयत्न सार्थक होगा।

**सिंहः-** अच्छे कार्य से परिजनो के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही न करें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कन्याः-** प्रतिभाओं के बावजूद हीनभाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

**तुलाः-** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यावहारिक बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंतायें मन पर प्रभावी होंगी।

**वृश्चिकः-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें।

**धनुः-** संवेदनील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**मकरः-** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कार्य के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

**कुंभः-** कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। महत्वपूर्ण कार्यो में लापरवाही न करें।

**मीनः-** थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त अच्छी-बुरी सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी रवैया आपनायें। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी।

# ईरान पर चुप्पी हमें शर्मसार करेगी

*योगेन्द्र यादव*

आप सुनिए मेरी बात। नैतिकता, आदर्श, सिद्धांत ये सब अपने घर-समाज के नियम हैं। विदेश नीति इनसे नहीं चलती है। वहां हर कोई अपना राष्ट्रीय हित साधने आता है। हमें भी यही करना होगा। यही हमारी सरकार कर रही है। आप खामखा उपदेश मत दीजिए। फिर अपने लहजे को हल्का करने की नीयत से मुस्कुराए और बोले, ‘आपको वो गाना याद है, कसमे वादे प्यार वफा, सब बातें हैं बातों का क्या? कोई किसी का नहीं है, झूठे नाते हैं नातों का क्या।’ बातचीत शुरू ऐसे नहीं हुई थी। हम फिर पार्क में मिले थे। जैसा जमाने का दस्तूर है, चर्चा खेल और युद्ध पर चल रही थी। टी-20 पर चर्चा ऐसी, मानो खेल नहीं युद्ध चल रहा हो। और ईरान पर हमले और जवाबी हमले की चर्चा ऐसी मानो युद्ध नहीं खेल चल रहा हो। मिसाइल और लाशों को रन और विकेट की तरह गिना जा रहा था। हर हिंदुस्तानी कानून, देसी दवा और क्रिकेट के साथ-साथ अब सामरिक विषयों का एक्सपर्ट भी बन गया था। बुमराह को स्विंग और यॉर्कर सिखाने वाले एक्सपर्ट अब ट्रम्प को हवाई युद्ध और पश्चिम एशिया को कूटनीति सिखा रहे थे। ईरान की तबाही और तेल के दाम पर निरपेक्ष भाव से चर्चा चल रही थी, जैसे मैच से पहले पिच की समीक्षा हो रही हो। भारत के विकल्पों पर चर्चा हो रही थी। मेरे बोलने में जरूर कुछ तल्खी रही होगी। मैंने कहा, जरा एक मिनट के लिए सोचिए, अगर ईरान की जगह हम होते और अगर कोई ऐसी बातचीत कर रहा होता तो हमें कैसे लगता? आखिर किसी की बर्बादी पर हम इतनी चटपटी चर्चा कैसे कर सकते हैं? उन्हें बात नागवार गुजरी थी। हम ईरान की तुलना भारत से कैसे कर सकते हैं? वहां इस्लामी चरमपंथी मुल्लाओं का राज है। जनता उस तानाशाही से मुक्ति चाहती है। यूं भी ईरान ने अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी की नाक में दम कर रखा है। चोरी-छुपे एटम बम बना रहा है। उसे रोकना तो पड़ेगा न। इस तरह के तर्क सुनकर मेरे कान पक चुके थे। अमरीका को ईरान के लोकतांत्रिक होने या न होने से रत्ती भर फर्क नहीं पड़ता। सच यह है कि ईरान के पहले लोकतंत्र को खत्म करने का काम 1953 में अमरीका की सी.आई.ए. ने किया था। अमरीका ने ही ईरान पर राजशाही लादी थी, जिसके खिलाफवहां इस्लामी क्रांति हुई थी। और जो भी बोले, अमरीका तो इस सवाल पर न ही बोले। इसमें कोई शक नहीं कि वहां इस्लाम के नाम पर जो शासन चल रहा है, उससे जनता में भारी असंतोष है। हाल ही में जनता ने विद्रोह किया था, जिसे ईरान की सरकार ने बेरहमी से कुचल दिया था। लेकिन क्या इससे अमरीका को वहां दखलअंदाजी का हक मिल जाता है? अमरीका का जब मन आए वेनेजुएला के राष्ट्रपति का अपहरण कर ले, जब चाहे ईरान के राष्ट्राध्यक्ष की हत्या कर दे। इसे हम कैसे देखते रह सकते हैं? मुझ जैसे लोगों को हमारी सरकार से लाख शिकायत है लेकिन इसका मतलब यह तो नहीं कि उसकी आड़ लेकर कोई विदेशी ताकत भारत की जनता को मुक्त करवाने के नाम पर भारत पर हमला कर दे। सीधी बात है- ट्रम्प को यह मंजूर नहीं कि ईरान उसके सामने सिर उठाकर चले। इसलिए उसने जोर-जबरदस्ती से वहां सत्तापलट करवाने की ठान ली है। एटम बम की बात सरासर झूठ है। अमरीका का रक्षा मंत्रालय कबूल कर चुका है कि ईरान एटम बम बनाने से कोसों दूर है। पिछले साल ईरान पर हमला करने के बाद ट्रम्प ने खुद कहा था कि ईरान के एटमी कार्यक्रम को नेस्तनाबूद कर दिया गया है। ईरान और अमरीका के बीच मध्यस्थता करने वाले बहरीन के विदेश मंत्री ने साफ कहा है कि ईरान लिख कर देने को तैयार था कि वह अभी या भविष्य में कभी भी एटम बम नहीं बनाएगा। अगर अमरीका को चोरी-छुपे एटम बम की चिंता है तो उसे सबसे पहले इसराईल और पाकिस्तान पर हमला करना चाहिए, जिनके पास अवैध एटम बमों का जखीरा है। सच कहूं तो एटम बम रोकने की सारी बात ही पाखंडपूर्ण है।

खुद दसियों हजार एटम बम रखने वाला अमरीका किस मुंह से दूसरों को पहला बम बनाने से रोक सकता है? कम से कम भारत तो इस पाखंड में शामिल न हो। जब तक हमारे एटम बम को दुनिया की मान्यता नहीं मिली थी, तब तक यही उपदेश हमें भी दिए जाते थे। और बाकी दुनिया को हम यही कहते थे-तुम कौन होते हो हमें सिखाने वाले। हमें तो ईरान के साथ खड़ा रहना चाहिए। कल तक हमारे प्रधानमंत्री ईरान और भारत के ऐतिहासिक संबंधों की दुहाई देते थे। पश्चिम एशिया के कुछेक देश जो आड़े वक्त हमारे काम आए थे, उनमें से ईरान एक है। चलिए खड़े होने की हिम्मत नहीं है तो कम से कम उनके राष्ट्राध्यक्ष की हत्या पर अफसोस तो जता सकते थे। इतना तो अमरीका की पिट्ठू पाकिस्तानी सरकार ने भी कह दिया। पता नहीं ट्रम्प के पास ऐसी क्या चाबी है कि मोदी जी सामान्य शिष्टाचार का बयान भी नहीं दे सकते। सच कहूं तो मुझे शर्म आती है। पहले हमारा देश गरीब था लेकिन सिर नहीं झुकाता था। अमरीका के सातवें बेड़े के सामने हमारी कोई ताकत नहीं थी लेकिन इंदिरा गांधी अमरीकी राष्ट्रपति निक्सन को दो-टूक जवाब दे सकती थी। क्या हो गया है हमारी दृष्टि और आदर्शों को? बस मेरे मुंह से ‘आदर्श’ सुनते ही उन्होंने पलटवार किया था और ‘जंजीर’ का गीत याद दिलाया था। उनके चेहरे पर मुस्कुराहट थी। अब मेरी बारी थी- ‘‘जो परिवार और समाज में होता है वही दुनिया नामक परिवार में भी होता है। न घर सिर्फ नैतिकता और आदर्श से चलता है, न दुनिया बिल्कुल इनके बिना चल सकती है। नैतिकता नीति से अलग नहीं है। दीर्घकाल में राष्ट्रहित को हासिल करने के लिए ही सिद्धांत चाहिए। रही बात आदर्श की, उसे छोड़कर सबसे ज्यादा नुकसान हमारा ही होगा। अगर अमरीका को गुंडागर्दी की छूट मिल गई तो इसी छूट का इस्तेमाल कल चीन भी करेगा। चीन की नजर में पहले ताइवान का नंबर आएगा। और कौन जाने कभी हमारा नंबर भी आ सकता है। अगर आदर्श का दामन छोड़ देंगे तो कल हमारे साथ कौन खड़ा होगा? जिसकी लाठी उसकी भैंस वाली दुनिया में अगर हम लाठी वाले की लल्लो-चप्पो करेंगे तो इज्जत तो जाएगी ही, एक दिन उसकी लाठी भी हमीं पर पड़ेगी।’’अनायास मुझे भी एक फिल्मी गीत की एक पंक्ति याद आ गई-‘बिक गया जो वो खरीदार नहीं हो सकता।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### गन्ना लदे बेकाबू ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा, मौत

**हरदोई।** पिहानी थाना क्षेत्र में गन्ने से भरे ट्रक की टक्कर लगने से एक बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही परिवार और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त विवरण में पिहानी थाना क्षेत्र के करीमनगर गांव निवासी रोहित कुशवाहा पुत्र विजेंद्र कुशवाहा बाइक से शाहाबाद तिराहे की ओर जा रहे थे। बताया जा रहा है कि वह अपने ताऊ राजेंद्र की मिठाई की दुकान पर जा रहे थे। गन्ना लेकर जा रहा एक तेज रफ्तार ट्रक उनकी बाइक को टक्कर मारते हुए उन्हें रौंदता हुआ निकल गया। ट्रक का पहिया रोहित के सिर के ऊपर से गुजर गया, जिससे मौके पर ही रोहित की मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए और पुलिस को जानकारी दी। बताया जा रहा है कि रोहित की शादी करीब 25 दिन पहले ही हुई थी। अचानक हुई इस दर्दनाक घटना से परिवार की खुशियां पल भर में मातम में बदल गईं। पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे गांव में शोक का माहौल है। सूचना मिलते ही पिहानी कोतवाली पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पाली में भीषण अग्निकांड, 20 लाख का सामान और नकदी जली, पूरे जीवन में खड़ा किया व्यापार आग में हुआ राख

**पाली, हरदोई।** पाली कस्बे के बरगद तिराहे के पास स्थित एक साइकिल की दुकान में अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई, आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते दुकान का पूरा सामान, नगदी और आवश्यक दस्तावेज जलकर राख हो गए। बुधवार तड़के करीब 5 बजे दुकान मालिक को आग लगने की सूचना मिली, शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और नगर पंचायत के टैंकर की मदद से किसी तरह आग पर काबू पाया गया। पीड़ित द्वारा फायर ब्रिगेड को भी सूचना दी गई थी, लेकिन फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले ही स्थानीय लोगों ने आग बुझा ली थी। पीड़ित दुकानदार मोहम्मद हसीन उर्फ गुड्डू पुत्र नवी अहमद निवासी मोहल्ला शेख सराय कस्बा पाली ने बताया कि आग में करीब 20 लाख रुपये कीमत का साइकिल और स्पेयर पार्ट्स का सामान तथा 50 हजार रुपये नकद जल गए। इसके अलावा दुकान में रखे जरूरी दस्तावेज भी आग की भेंट चढ़ गए। घटना को लेकर पीड़ित ने पाली थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित ने कहा कि इस अग्निकांड ने उनके जीवन भर की मेहनत को राख कर दिया। उनका पूरा व्यापार पूरी तरह खत्म हो गया है और अब वे भविष्य को लेकर बेहद चिंतित हैं, वहीं पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### तेज रफ्तार ई-रिक्शा पेड़ से टकराया, महिला की मौत

**हरदोई।** कोतवाली देहात के पिहानी रोड पर ग्राम भूड़ा टीकूर के निकट सवारियां ले जा रहा एक तेज रफ्तार ई रिक्शा पेड़ से टकरा गया जिसमे सवार एक महिला की मृत्यु हो गयी अन्य रिक्शा सवार छह लोग घायल हो गए घायलों को इलाज के लिए भिजवाया गया है। एडीशनल एसपी पूर्वी सुबोध गौतम ने बताया ई रिक्शा पेड़ से टकराने की सूचना पर पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया है जहाँ डाक्टर ने एक पचास वर्षीय अज्ञात महिला को मृत घोषित कर दिया है शेष अन्य घायलों का इलाज करवाया जा रहा है।मृतका के शव को कब्जे में ले लिया गया स्थानीय लोगों से महिला की शिनाख्त करवाई गयी लेकिन अभी सही जानकारी नहीं मिली है। शव का पंचायत नामा भरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।पुलिस द्वारा अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### पाली में भोजनालय का ताला तोड़कर गैस सिलेंडर व सामान पार

**पाली, हरदोई।** पाली कस्बे के बरगद तिराहे के पास स्थित एक भोजनालय में अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर गैस सिलेंडर, भगौना सहित अन्य सामान और नगदी चोरी कर ली। घटना की जानकारी गुरुवार सुबह होने पर पीड़ित दुकानदार ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। जानकारी के अनुसार ग्राम जिगनिया थाना टड़ियावां निवासी सलमान पुत्र सत्तार अली पाली कस्बे के बरगद तिराहे के पास खाने का होटल चलाते हैं। बुधवार रात अज्ञात चोरों ने उनके भोजनालय के खोखे का ताला तोड़ दिया और अंदर रखा गैस सिलेंडर, 7 भगौना सहित अन्य सामान तथा कुछ नगदी चोरी कर ले गए। गुरुवार सुबह जब सलमान अपने भोजनालय पर पहुंचे तो उन्हें चोरी की घटना की जानकारी हुई। इसके बाद उन्होंने थाने पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है, पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### पुरवार-पोरवाल महासभा के होली मिलन समारोह में एक दूसरे को लगाया गुलाल



**उरई (जालौन)।** अखिल भारतीय पुरवार-पोरवाल महासभा नगर इकाई द्वारा स्थानीय विवाह घर में आयोजित होली मिलन समारोह में समाज के लोगों ने सहभागिता कर उसे सफल बनाने में योगदान दिया। साथ ही पूरे वर्ष भर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों पर भी एकमत होकर उन्हें सफल बनाने का संकल्प लिया गया। होली मिलन समारोह में शामिल हुये पुरवार-पोरवाल समाज के लोगों को कई लोगों ने संबोधित करते हुये कहा कि ऐसे आयोजन के पीछे मुख्य मंशा रहती है कि हमारा परिवार समय-समय पर ऐसे आयोजन में शामिल होकर अपनी एकजुटता का संदेश देना भी महत्वपूर्ण होता है। वक्ताओं का कहना था कि आप लोग जो भी सहयोग धनराशि नगर इकाई को देते हैं उसका इकाई के कोषाध्यक्ष एक-एक रुपए कापूरा हिसाब नाम सहित लिखते हैं जो सजातीय व्यक्ति सहयोग देता है तो उसका पूरा नाम व पता लिखा जाता है। फिर वही सहायता राशि समय-समय पर जो भी कार्यक्रम आयोजित होते हैं उसमें व्यय होने वाली धनराशि भी लिखी जाती है ताकि पूरी पारदर्शिता बनी रहे। वक्ताओं नेक हा कि घर-घर नेम प्लेट लगाने का कार्य प्रगअित पर चल रहा है। जैसे-जैसे आप लोगों से सहयोग राशि प्राप्त होती रहेगी उसी तरह से कार्यक्रम आगे बढ़ते रहेंगे। वक्ताओं ने कहा कि आने वाले समय में प्रतिभा सम्मान समारोह के साथ युवक-युवती परिचय सम्मेलन भी जिला स्तर पर आयोजित कराये जायेंगे इसकी तैयारियां चल रही है। चैत्र नवरात्रि पर शोभा यात्रा में अपना प्रेस के सामने शहीद भगत सिंह चौराहा पर प्रसाद व सर्बत वितरण कार्यक्रम आयोजित कराया जायेगा। नवरात्रि के अंतिम दिन नवमी तिथि को माहिल तालाब पर भी सर्बत वितरण कार्यक्रम आयोजित कराने में सहमति बनी। जबकि पिछले वर्ष नेत्रहीन विद्यालय व वृद्धाश्रम में भोजन के पैकेट वितरित कराये गये। रामजानकी मंदिर में राम जन्म दिवस पर सुंदरकांड आयोजन में समाज की सहभागिता रही।

### मैनूपुर गांव में घास में लगी भीषण आग, टला बड़ा हादसा

**उरई (जालौन)।** कोतवाली के ग्राम मैनूपुर के पास बुधवार की शाम बंजर भूमि में खडी घास मे आग लग गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे अग्नि शमन दल ने घण्टो की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा जा सका। जिससे घरो तक आग नही पहुंच सकी थी। मौसम मे परिवर्तन के साथ आग की घटनाएं आनी शुरू हो गई है। जिसके तहत वुधवार शाम क्षेत्र के ग्राम मैनूपुर मे ग्रामीण होली मना रहे थे। इसी दौरान गाव के पास बंजर भूमि में खडी घास में आग भड़क गयी थी और लोग जब तक समझ पाते तब तक आग विकराल रूप धारण कर चुकी थी। आनन फानन मामले की जानकारी गांव में मौजूद समाज सेवी अनुराग पंडित द्वारा प्रशासन को दी गई थी। आग की सूचना पाकर एस डी एम मनोज कुमार सिंह, सीओ अवधेश कुमार सिंह व कोतवाली प्रभारी अजय ब्रह्म तिवारी अग्नि शमन दल के साथ मौके पर पहुंच गए।लेकिन आग तब तक काफी बडे क्षेत्रफल में फैल चुकी थी जिसको काबू में पाने के लिए दल को घण्टो की मशक्कत करनी पडी थी। लेकिन समय रहते काबू पा लिया गया था जिससे आग गाँव तक नहीं पहुंच सकी थी। एसडीएम के मुताबिक अगर आग पर समय रहते काबू नहीं पाया गया होता तो दायरा फैल सकता था। जिसकी आंच खेतो में खड़ी फसलो और गांव स्थित घरों तक पहुंच सकती थी।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई चकबंदी विभाग की समीक्षा बैठक

**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



गुरुवार को विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में चकबंदी विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने अविवादित वरासत के प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण पर जोर देते हुए कहा कि ऐसे मामलों को प्राथमिकता पर निपटाया जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि जिन 59 गावों मे डेथ सर्टिफिकेट 01 वर्ष से पूर्व जारी हुआ है, फिर भी वरासत लम्बित है, ऐसे मे अभियान चलाकर वरासत के प्रकरणों को निस्तारित कराये। उन्होंने निर्देश दिए कि चकबंदी की प्रक्रिया को निर्धारित समयसीमा में तेजी से आगे बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि चकबंदी कार्यों में शिथिलता व लापरवाही किसी भी स्तर पर क्षम्य नही होगी तथा कठोर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने 03 व 05 साल से लम्बित मुकदमों को 15 दिन के अन्दर निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने चकबंदी अधिकारी सण्डीला को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, एसओसी चकबंदी प्रकाश चन्द्र उत्तम, एसीओं सकील अहमद सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### जिलाधिकारी ने जन सनुवाई में सुनी 15 शिकायतें




**हरदोई।** गुरुवार को कलेक्ट्रेट में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई मे आज कुल 15 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण पूर्ण हो। जनसुनवाई मे प्राप्त कुछ शिकायतों का जिलाधिकारी ने मौके पर ही समाधान किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि.रा. प्रियंका सिंह, न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें।

### दो बाइक की भिड़ंत में चार घायल, तीन हायर सेंटर हुए रेफर

**शाहाबाद हरदोई।** मंझिला थाना के आंझी आलमनगर मार्ग पर हुए दो बाइक की आमने सामने हुई भिड़ंत में चार लोग घायल हो गए जिन्हें सीएचसी लाए जाने के बाद तीन घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। घटना ग्राम टूमुर्की के निकट एक पेट्रोल पंप के पास हुआ जिसमें फतेहपुर गाजी गांव के रहने वाले जकील 32 वर्ष पुत्र मोहम्मद नबी, हीरालाल पुत्र बाबूलाल 45 वर्ष और मंझिला गांव के रहने वाले 30 वर्षीय विपिन पुत्र राकेश और 18 वर्षीय नीरज पुत्र उपदेश सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने चारों घायलों को तुरंत शाहाबाद सीएचसी भेजा जहां मौजूद चिकित्सक ने घायलों का उपचार कर हीरालाल, विपिन, और नीरज को इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

# नदी में डूब कर युवक की मौत

- काफ़ी मशक्कत के बाद गौताखोरों ने बरामद किया शव

**शाहाबाद हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



कोतवाली के मोहल्ला उधरनपुर निवासी युवक की गर्रा नदी में डूबने से मृत्यु हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गौतखोरों से कड़ी मशक्कत के बाद दूसरे दिन मृतक युवक का शव बरामद किया। मृतक के घर में कोहराम मचा है। एडीशनल एसपी आलोक राज नारायण ने बताया 4 मार्च को पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि उधरनपुर निवासी 40 वर्षीय रामसिंह पुत्र रामबक्स होली खेलने के बाद नहाने गावं के बाहर गर्रा नदी में गया था जों गहरे पानी में डूब गया, युवक के डूबने की सूचना पर एडीशनल एसपी के नेतृतव में पुलिस ने गौतखोरों की मदद से काफ़ी मशक्कत के बाद दूसरे दिन गुरुवार को दोपहर में करीब एक बजे युवक के शव को बरामद कर पाया। मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्यवाही पूर्ण कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। मृतक विवाहित था उसके दो अविवाहित पुत्र और एक पुत्री है। मृतक के घर में कोहराम मचा है। एएसपी श्री नारायण ने गौताखोर टीम को जल्द ही पुरस्कार देकर उनका उत्साह वर्धन किये जाने की घोषणा की है।

### सड़क हादसे में घायल 3 माह की बच्ची ने अस्पताल में दम तोड़ा, दरियापुर के पास हुआ था हादसा

**पाली, हरदोई।** पाली थाना क्षेत्र के भरखनी गांव निवासी बृजेश अपनी पत्नी मुसम्मी एवं तीन माह की पुत्री विनीता के साथ बाइक से अपनी ससुराल बिन्धैया गांव गया था, जहां से बीती 2 मार्च को वापस बाइक से अपने घर लौट रहा था, तभी रास्ते में शाहाबाद-पाली मार्ग पर दरियापुर गांव के पास पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दंपति व उनकी तीन महीने की पुत्री घायल हो गई। जिसे इलाज के लिए पाली पीएचसी पर ले जाया गया, जहां से डॉक्टर ने हरदोई मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया था। तभी से मेडिकल कॉलेज में दम्पति व तीन माह की बच्ची का इलाज चल रहा था। गुरुवार को मासूम विनीता की मौत हो गई, जबकि दंपति का इलाज चल रहा है।

# धूमधाम से निकाला गया होली का पारम्परिक जुलुस

- शाहाबाद में आपसी सौहार्द से मनाया गया त्यौहार

**शाहाबाद हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



शाहाबाद छेत्र में होली का त्यौहार आपसी सौहार्द और प्रेम से मनाया गया। कस्बे में होली का पारम्परिक जुलुस पूरे हर्षोल्लास के साथ निकाला गया। जिसमे ढ़ोल नगाड़ों की धुन पर रंग में सराबोर युवाओं ने खूब नृत्य किया जुलुस की सुरक्षा में पुलिस पूर्णतया स्तर नजर आई।

शाहाबाद छेत्र में होली का त्यौहार छूटपुट घटनाओं को छोड़कर पूरे हर्षोल्लास और आपसी सौहार्द से मनाया गया। कस्बे में निकलने वाला होली का पारम्परिक जुलुस नगर पालिका परिषद के निकट से दोपहर करीब 1 बजे शुरू हुआ। जो घास मंडी तिराहा घंटाघर चौक होते हुए बाला जी मंदिर से वापस लौटा।जुलुस में ढ़ोल नगाड़ों की धुन पर रंग से सराबोर युवाओं ने नृत्य किया। जुलुस में भाजपा के जिला महामंत्री सतेंद्र राजपूत, पूर्व ब्लॉक प्रमुख रामनाथ त्रिपाठी, हरिनाथ त्रिपाठी, संजय तिवारी, मुन्न लाल यादव, सिद्धार्थ त्रिवेदी मनू सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे। सुरक्षा की दृष्टिकोण से जुलुस के कोतवाली पुलिस पूर्णतया मुस्तैद नजर आई।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया होली व भाई दूज का पर्व

- बहनों ने भाइयों का तिलक कर की दीर्घायु की कामना

**रामपुरा (जालौन)**



होलिकोत्सव के दूसरे दिन क्षेत्र में भाई दूज का पर्व हर्षोल्लास, श्रद्धा और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने अपने भाइयों के मस्तक पर तिलक लगाकर उनकी दीर्घायु, सुख-समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना की। भाई दूज पूजन के बाद नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र में अबीर गुलाल लगाकर हर्षोल्लास के साथ होली खेली गई।

फाल्गुन मास की पूर्णिमा को होली का उल्लासपूर्ण पर्व मनाने के बाद द्वितीया तिथि को भाई दूज का पावन पर्व मनाया जाता है। इस वर्ष 5 मार्च को होली के बाद भाई दूज पूरे क्षेत्र में आस्था और परंपरा के साथ मनाई गई। धार्मिक और पौराणिक मान्यताओं के अनुसार यह दिन भाई-बहन के अटूट प्रेम, स्नेह और रक्षा के भाव का प्रतीक माना जाता है। भाई दूज के दिन प्रातःकाल स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण किए जाते हैं। बहनें व्रत का संकल्प लेकर पूजा स्थल को सजाती हैं और थाली में रोली, अक्षत, दीपक, मिठाई, नारियल तथा कलावा रखती हैं। इसके बाद भाई को चौकी पर बैठाकर बहनें उसके मस्तक पर रोली और अक्षत का तिलक लगाकर आरती उतारती हैं और मिठाई खिलाती हैं। कई स्थानों पर बहनें भाई के हाथ में कलावा भी बांधती हैं और उसकी दीर्घायु तथा सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। तिलक के उपरांत भाई अपनी बहन को उपहार भेंट कर उसके स्नेह का सम्मान करता है। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन बहन द्वारा लगाया गया तिलक भाई को अकाल मृत्यु और बड़े संकटों से रक्षा प्रदान करता है। लोक परंपराओं में यह पर्व केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि बहिन के समर्पण, प्रेम और आशीर्वाद का प्रतीक माना जाता है। पौराणिक कथा के अनुसार एक बहन ने अपने भाई के प्राणों पर आए संकट को अपने साहस और प्रेम से टाल दिया था। इसी स्मृति में बहनें इस दिन व्रत रखती हैं, कथा सुनती हैं और अपने भाई की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना करती हैं। विकासखंड रामपुरा के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में भाई दूज का पर्व उत्साहपूर्वक मनाया गया।

# पशु क्रूरता में तीन आरोपी गिरफ्तार, पशु और पिकप डाला बरामद



**शाहाबाद हरदोई।** कोतवाली पुलिस ने एक पिकप में क्रूरता से भरे गए सात जानवरो सहित तीन आरोपियों को पशु क्रूरता अधीनयम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार किया है। प्राप्त विवरण में सरदार गंज चौकी के प्रभारी एस आई अतुल गुप्ता और पुलिस बल द्वारा 03 मार्च को क्रूरता पूर्वक पशुओं को लादकर ले जा रहे एक पिकअप वाहन को कब्जे में लेकर फैजान पुत्र हफीज निवासी मोहल्ला गिगियानी,अलीम पुत्र बाबू निवासी मोहल्ला महमन्द और उवैस पुत्र खालिद निवासी मोहल्ला महमन्द को गिरफ्तार किया गया। पिकअप वाहन में लदे 7 पशुओं को उतरवाकर सुरक्षित स्थान पर भेजा गया है। गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध पशु क्रूरता निवारण अधिनियम पंजीकृत किया गया।

# धूमधाम से मनी होली कुंडौरा में महिलाओं ने निकाली फाग

**भरूआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।**



होली पर्व कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में परंपरागत ढंग से श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों ने फाग निकालकर एक दूसरे को रंग अबीर गुलाल लगाया। कुंडौरा में गुरुवार को महिलाओं की अनोखी फाग निकाली गई। यह फाग अपना 56 वर्ष का सफर तय कर चुकी है। इस फाग के दौरान गांव के पुरुष घरों से बाहर रहते हैं।रंगों का पर्व कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम के साथ मनाया गया। दो पंचायतों के संयुक्त ग्राम बिदोखर में ऐतिहासिक फाग का आयोजन पूर्व की वर्षो की तरह इस वर्ष भी किया गया। इसके अलावा इंगोहटा, चंद्रपुरवा बुजुर्ग, टेढ़ा, बड़ागांव, पंधरी, मुंडेरा आदि गांवों में फाग धूमधाम के साथ निकाली गई। बडागांव में ब्लाक प्रमुख जयनरायन सिंह यादव के यहां सदर विधायक डॉक्टर मनोज प्रजापति मौजूद रहे क्षेत्र के ग्राम कुंडौरा में गुरुवार को महिलाओं की अनोखी फाग निकाली गई। इस फाग की परंपरा 1970 में हुई एक घटना के बाद शुरू हुई थी। कुंडौरा निवासी डकैत मेंबर सिंह ने होली के फाग के दौरान गांव के रामजानकी मंदिर प्रांगण में पुलिस मुखबरी के शक में गांव निवासी रसपाल पाल की हत्या कर दी थी। इससे आहत होकर पुरुषों ने अगले वर्ष फाग निकालने से मना कर दिया था। तब गांव की महिलाओं ने फाग निकालने का बीड़ा उठाया और तभी से महिलाओं के द्वारा यहां प्रतिवर्ष फाग निकाली जाती है। गांव के रामजानकी मंदिर से शुरू होकर यह फाग खेरापति मंदिर सहित अन्य धार्मिक स्थलों में जाती है। इस दौरान महिलाओं पुरुषों की तरह ईश्वरी रचित फागें गाती है और ढोल मजीरे के साथ गायन करती हुई गांव की गलियों से गुजरती है। फर्क केवल इतना रहता है कि उनकी फाग में पुरुषों की एंट्री नहीं होती है। यह फाग पूर्णतया पुरुषविहीन होती है। गांव के पुरुष फाग निकलने के दौरान घरों में कैद रहते हैं अथवा गांव से बाहर खेत खलिहानों की तरफ निकल जाते हैं।

# कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा जिला कार्यालय में खेली गई होली

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय हमीरपुर में जिला अध्यक्ष शकुंतला निषाद की उपस्थिति में सभी उपस्थित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भाई बहनों के साथ भव्य होली खेली गई मीडिया प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि नवनियुक्त जिला अध्यक्ष शकुंतला निषाद जब से बागडोर अपने हाथों पर ली है तो तब से बराबर कार्यकर्ताओं के साथ हर दुख सुख में सामने रहती है जिलाअध्यक्ष ने होली ,भैया दूज त्योहार पर अपने सभी भाई बहन पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ जिला कार्यालय में पहुंचकर गुलाल, रंग एक दूसरे को लगाकर होली मनाई तथा जिला अध्यक्ष के द्वारा सभी जनपद वासियों को शुभकामनाएं दी गई इस होली मिलन कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष विजय पांडे लक्ष्मी रतन साहू किशन व्यास उत्तम सिंह साधना सिंह रणवीर सिंह अंकित गुप्ता योगेंद्र दीक्षित मोहन कुशवाहा अरविंद शर्मा रोशनी साहू दुर्गेश ओमर उमा दीक्षित हिना परवीन रेनू अनुरागी मीना सिंह सिया प्यारी आशुतोष दुबेदी सियाराम विश्वकर्मा दिनेश द्विवेदी सुभाष पांडे रमाकांत सिंह उपस्थित रहे।

### मौदहा में होलिका दहन के साथ मनी होली व भाईदूज

**मौदहा हमीरपुर।** मौदहा कस्बा सहित आसपास के गांवों में सोमवार को होलिका दहन के साथ शुरू हुआ रंगों और गुझियों का त्यौहार होली एवं भाईदूज हर्सोल्लास के साथ मनाया गया है। वहीं कस्बा में शुक्रवार को मटकी फोड़ की होली का आयोजन किया गया है। मौदहा कस्बा क्षेत्र के गांवों में सोमवार को होलिका दहन किया गया। होलिका दहन के तीसरे दिन कस्बा सहित गांवों में रंग अबीर गुलाल की होली शुरू हुई।साथ ही लोगों ने एक दूसरे के घरों में पहुंचकर स्वादिष्ट पकवानों एवं गुझियों का लुत्फ उठा गले मिलकर होली की बधाइयां दी हैं। जगह-जगह युवाओं को टोलियां रंगों से सराबोर हो डीजे और गाजे-बाजे में जमकर झूमे हैं। गुरुवार को अधिकांश लोगों द्वारा भाई दूज का त्यौहार मनाया गया है जिसमें बहनों ने अपने भाइयों का तिलक करके उनके दीर्घायु एवं सुख समृद्धि की कामना की है।

# होली की दूज, भाई की लंबी आयु की कामना के लिए मनाया जाता है यह त्योहार



**पनवाड़ी महोबा।** यमराज और यमुना की कथा पौराणिक कथा के अनुसार, इसी दिन मृत्यु के देवता यमराज अपनी बहन यमुना के घर भोजन करने गए थे। यमुना के स्नेहपूर्ण स्वागत और तिलक से प्रसन्न होकर यमराज ने वरदान दिया कि जो भाई इस दिन अपनी बहन के घर जाकर तिलक करवाएगा और भोजन करेगा, उसे अकाल मृत्यु का भय नहीं रहेगा और वह यमपुरी के कष्टों से मुक्त होगा।

**भाई-बहन के रिश्ते की मजबूती:** दिवाली के बाद आने वाली भाई दूज की तरह ही, होली के बाद आने वाली यह दूज भी भाई-बहन के बीच स्नेह, सुरक्षा और सम्मान के बंधन को गहरा करने का अवसर प्रदान करती है।

**धार्मिक रीति-रिवाज:** इस दिन बहनें अपने भाई के माथे पर रोली और अक्षत का तिलक लगाती हैं, उनकी सुख-समृद्धि की प्रार्थना करती हैं और उन्हें मिठाई खिलाती हैं। बदले में भाई अपनी बहनों को उपहार देते हैं और उनकी रक्षा का संकल्प लेते हैं।

**क्षेत्रीय परंपरा:** उत्तर भारत के कई हिस्सों में होली के उत्सव को कई दिनों तक बढ़ाने की परंपरा है, जिसमें होली भाई दूज उत्सव का समापन और पारिवारिक मेल-मिलाप का एक महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है।

# हर्षोल्लास के मनाया गया होली पर्व

- होली की बधाई के साथ पर्व पर पुलिस प्रशासन की रही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था
- रंग गुलाल से सराबोर नजर आए होरियारे, पिचकारी से रंग डालते कम दिखाई दिए

**कुलपहाड़/महोबा, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस प्रशासन की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की बीच होली का त्योहार हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। लोगों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। होली पर्व को लेकर बाजारों में भी रौनक बनी रही, रंग बिरंगे रंग, गुलाल से सजी दुकानों पर खरीदारों की भीड़ दिखाई देती रही, तो वहीं दिन भर होरियारे रंग गुलाल उड़ाते एक दूसरे को लगाकर होली की बधाई देते नजर आए। दो दिन तक चले इस होली पर घरों में गुजिया मिष्ठान आदि पकवानों के खाने खिलाने का दौर भी चलता रहा। बुधवार एवं वृहस्पतिवार को खूब होली के रंग में लोग मस्ती करते नजर आए। इस बार होली पर्व पर पिचकारी द्वारा रंग डालने की परंपरा कम दिखाई दी, जिससे पिचकारी बेचने वाले दुकानदारों में भी मायूसी बनी रही, लेकिन गुलाल लगाकर बच्चे, महिला, पुरुष एक दूसरे को सराबोर करते ज्यादा दिखाई दिए। होली त्यौहार को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा काफी सुरक्षा व्यवस्था की गई। क्षेत्राधिकारी रविकांत गोंड के नेतृत्व में कस्बा इंचार्ज विकास तिवारी सहित पुलिस बल के साथ नगर की विभिन्न गलियों में भ्रमणशील रहे, तो वहीं कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार सिंह पुलिस फोर्स के साथ अराजकतत्वों पर पेनी नजर बनाए रखे। जिस कारण कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का माहौल खराब करने की हिम्मत नहीं जुटा सका। होली का पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने के बाद पुलिस प्रशासन ने राहत महसूस की है।

**आवश्यक सूचना**

सर्वसधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने दो पुत्रों में से बड़े पुत्र मो. इमरान व उसकी पत्नी सबनूर बानो को उनके गलत आचरण व कहना न मानने के कारण अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। मेरा एवं मेरे परिवार का मो इमरान व सबनूर बानो एवं उनके परिवार से कोई वास्ता व सरोकार नही है। उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए हमारी कोई जिम्मेदारी नही होगी।

सूचनाकर्ताः शहजाद अहमद पुत्र मो. हुसैन मैमून निशा पत्नी शहजाद अहमद, निवासी - ग्राम सतबरपुर मजरे जमीन हुसेनाबाद परगना सुबेहा तहसील हैदरगढ़, बाराबंकी।

# आबादी की सहन की भूमि से अवैध कब्जा हटाने को लेकर धरना दे रहे एक दर्जन दलित परिवार

**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।**



तहसील फतेहपुर के ग्राम शैलक जलालपुर निवासी एक दर्जन दलित परिवार शहर में स्थित गन्ना संस्थान परिसर में बीते 28 फरवरी से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। इन दलितों का मांग है की गांव में जिस आबादी की जमीन पर हम पीड़ितों के मकान बने हैं उस आबादी की जमीन पर पुरखों के समय से चले आ रहे कब्जे और उनके सहन की जमीन पर गांव के दबंग लोग अवैध कब्जा कर रहे हैं। अवैध कब्जा करने वाले लोगो पर कार्यवाई करने, अवैध कब्जा हटाने तथा पीड़ित दलितों के नाम पट्टा करने की मांग कर रहे है। पीड़ित दलितों का कहना है की पुरखों के समय से आबादी की गाटा संख्या 516 की भूमि पर पूरा गांव बसा है, और इसी भूमि पर में हम सबके भी मकान पुरखों के समय से बने हैं। इस भूमि के कुछ खाली हिस्से पर जो पीड़ितों के सहन में है, पुरखों के समय से उस पर प्रार्थिजनो के खूंटा आदि गाड़कर जानवरो को बांधा जाता है, और घूर गढढा लगाया जाता है। तहसील प्रशासन द्वारा पीड़ित दलितों के नाम आवासीय कब्जा होने का जुर्माना भी जमा कराया गया है। अवैध कब्जा करने वाले दबंगो द्वारा सिविल कोर्ट में मुकदमा किया गया जहाँ से विपक्षी जनो का मुक़दमा खारिज हो गया और प्रार्थीजनों के पुरखों के समय से चले आ रहे कब्जे को वैध माना है। उक्त भूमि पर गांव के ही रिंकू वर्मा धर्मेंद्र वर्मा, अंकित वर्मा पुत्रगण रामकिशोर वर्मा व जितेंद्र वर्मा, सुशील वर्मा पुत्र हनुमान आदि दबंग लोगों द्वारा अवैध कब्जा किया जा रहा है। इस कब्जे के विरोध में प्रार्थी गणों ने तहसील व जिला प्रशासन से मांग की जिस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ितों का कहना है कि हम सब प्रार्थी आहत होकर धरना प्रदर्शन एवं भूख हड़ताल कर रहे हैं। अभी तक प्रशासन का कोई भी अधिकारी द्वारा धरना दे रहे पीड़ितों से कोई आश्वासन नहीं मिला है और ना ही उनसे कार्यवाही करने व धरना खत्म करने की कोई कार्यवाही हुई है। पीड़ितों का कहना है की दबंग आए दिन गाली गलौज वह जान माल की धमकी दे रहे हैं। जिसकी सूचना पुलिस व प्रशासन को दी जा रही है फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। अगर हम सभी को न्याय नहीं मिलता है तो अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल करेंगे, जिसकी जिम्मेवारी जिला प्रशासन की होगी धरना देने वालों में चंद्रिका प्रसाद पुत्र रामनरेश राम प्रताप पुत्र ज्वाद सहित सहित एक दर्जन पुरुष व महिलाएं धरना स्थल पर धरना दे रहे हैं।

## संदिग्ध परिस्थितियों में मिला मानसिक बीमार बुजुर्ग का शव

**जैदपुर बाराबंकी।** जैदपुर कस्बे में एक मानसिक विक्षिप्त बुजुर्ग का शव सड़क किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है। यह घटना सिनेमा हॉल के पास हुई।सुबह टहलने निकले लोगों ने शव देखा जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।सूचना मिलने पर जैदपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची।पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।मामले की जांच शुरू कर दी गई है।स्थानीय लोगों ने मृतक की पहचान कोठी थाना क्षेत्र के मादूपुर गांव निवासी करीब 60 वर्षीय बेचूलाल के रूप में की है।स्थानीय दुकानदारो के अनुसार, बुजुर्ग बेचूलाल जैदपुर और आसपास के इलाकों में भीख मांगता था।

## धनोखर घंटाघर का हुआ ऐतिहासिक रंगोत्सव

**बाराबंकी।** शहर के धनोखर चौराहा, हनुमान मंदिर, घंटाघर की होली का रंगोत्सव हर साल अपना रिकार्ड तोड़ रही है। सुबह पांच बजे से ही होली महोत्सव की शुरुआत होती है, जिसमें हजारों की संख्या में महिलाएं, लडकियो के अलावा



हर तबके के बड़ी संख्या में लोग इस रंगोत्सव में जश्न मनाने एकत्र होकर ऐतिहासिक रंगोत्सव मनाते हैं। सुबह सबसे पहले फूलों की होली खेली गई, इसमें सैकड़ों महिलाएं पुरुष मस्ती में एक दूसरे से मिलकर होली की बधाई दिए इसके बाद दूसरी टोली जो रंग गुलाल के साथ डीजे की धुन पर थिरकते रंगो की धूम में एक दूसरे को रंग लगाकर होली की बधाई दिए। तीसरे चरण में युवाओं की एक बड़ी संख्या जो हुड़दंग में कपड़ा फाड् डांस के साथ खूब हुड़दंग किया। इस रंगोत्सव में शहर का व्यापारी,समाजसेवी सभी दलों के राजनैतिक व जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। सुरक्षा में लगे पुलिस कर्मी भी रंग में रंगे नजर आए। शाम को नागेश्वर नाथ मंदिर परिसर में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें अधिकारी, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि, समाजसेवी व्यवसायी सहित सैकड़ों की संख्या में लोग एक दूसरे के गले मिलकर होली की बधाई दी।

## बलरामपुर चीनी मिल का शुरू हुआ 55वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस पखवारा



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड की हैदरगढ़ इकाई परिसर में मंगलवार को प्रसाशनिक भवन के सामने '55वें राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस सहित राष्ट्रीय सुरक्षा पखवारे का उद्घाटन किया गया। प्रतिष्ठान के ई.एच.एस. के सहायक प्रबंधक अग्नि एवं संरक्षा सुनीत सिंह ने उपस्थित चीनी मिल टीम को सुरक्षा की शपथ दिलायी। बलरामपुर समूह के ई.एच.एस. प्रमुख बी0के0 सिंह ने भी लोगो को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

इस अवसर पर यूनिट हेड बी0के0 यादव ने सुरक्षा झंडा रोहण कर सभी टीम मेम्बर को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने सभी कर्मचारियों से सुरक्षा नियमो का सख्ती से पालन करने को कहा। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थल पर सुरक्षा केवल एक नियम नहीं बल्कि हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। प्रत्येक कर्मचारी की सर्तकता और अनुशासन से सुरक्षित कार्य किया जा सकता है। सभी टीम सदस्य न केवल स्वयं सुरक्षा मानकों का पालन करें बल्कि अन्य कर्मचारियों और आसपास के लोगों को भी सुरक्षा के प्रति जागरूक करें। 4 मार्च से 10 मार्च तक सप्ताह भर चलने वाले इस राष्ट्रीय सुरक्षा पखवारे में स्लोगन, प्रश्नोत्तरी, पोस्टर इत्यादि अनेक प्रतियोगितायें आयोजित की जायेंगी तथा सप्ताह के अन्त में प्रतियोगिता में सहभागिता करने वाले विजेता प्रतिभागियों व हमेशा सुरक्षा के प्रति सर्तक एवं सजग रहने वाले कर्मचारियों को पुरस्कृत किया जायेगा। कार्यक्रम में हिस्सेदारी करते हुए चीनी मिल के मुख्य प्रबंधक मा0सं0 एवं प्रशा0 उपदेश शर्मा ने उपस्थित चीनी मिल टीम को सुरक्षा नियमों के प्रति सदैव सर्तक रहने की प्रतिबद्ध रहने को कहा। इस अवसर पर बलरामपुर समूह के डायरेक्टर प्रवीण गुप्ता, चीनी मिल व सीटीटी के अधिकारी सहित अन्य अनेक मिल कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकता मिला युवक का शव

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली हैदरगढ़ के लालपुर गांव में गुरुवार की सुबह पड़ोस में स्थित बाग में एक युवक का शव फांसी के फंदे से लटकता पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। मृतक नशे का आदी बताया जाता है। मृतक इसी गांव का सुरेंद्र कुमार पुत्र मौनी 20 वर्ष बताया जाता हैं।ग्रामीणों ने बताया कि युवक अहमदाबाद में करारा फैक्ट्री में काम करता था।अभी एक सप्ताह पहले ही गाँव लौटा था।। शराब के नशे का आदी था।मां बाप की बचपन में मौत के बाद दादी ने पाला पोसा। ग्रामीणों ने बताया बुधवार की देर रात नशे में ही घर आया। थोड़ी देर बाद वापस चला गया।

## बहुता धाम के मानस सम्मेलन में सन्तों की वाणी से भक्तिमय हुआ माहौल

**जीवन का सार तत्व है प्रेम : अवधेश शुक्ल**

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** जीवन का सार तत्व प्रेम है। प्रेम द्वारा मनुष्य ही नहीं अपितु संसार के समस्त प्राणियों को वश में किया जा सकता है। ये विचार रामनगर बाराबंकी से पधारे पंडित अवधेश शुक्ल तरंग जी कथाव्यास ने बहुता धाम के मानस सम्मेलन में चौथे दिन व्यक्त किये। तरंग जी ने बताया कि प्रेम सदैव निस्स्वार्थ होना चाहिए। प्रेम कोई अदला-बदली या व्यापार की वस्तु नहीं है। जब जीव के हृदय में निष्काम प्रेम जागृत हो जाता है तभी भगवान दर्शन देते हैं। शबरी, सुतीक्ष्ण, अगस्त्य तथा अन्यान्य भक्तों के शुद्ध प्रेम को देखकर भगवान राम स्वयं उनके पास गये और उन्हें अविरल भक्ति का वरदान दिया। रामहि केवल प्रेम पियारा, यही प्रेम भगवान की



अनुकूलता पाने का उत्तम साधन है। सभी प्राणी प्रेम से प्रभावित होकर अनुकूल हो जाते हैं क्योंकि सभी के हृदय में भगवान का निवास है। अतः प्रेम पूर्ण व्यवहार से सभी जीवों का व्यवहार सात्विकता में बदल जाता है। प्रेमदास कुटी के महन्त लालतादास जी ने कहा कि संसार में गुण और दोष दोनों हैं। दोषरहित तो केवल परमात्मा ही है। अतः परमात्मा को पाने के लिए दोषों या संसार की बुराइयों से मन हटाकर केवल गुणों पर ही ध्यान देना चाहिए। दोषान्वेषण बुद्धि से चिन्तन बिगड़ जाता है। संसार में सदैव गुणों की खोजकर उन्हें अपनाने का प्रयास करना चाहिए जिससे अन्तःकरण शुद्ध होता है और शुद्ध अन्तःकरण में ही भगवान रहते हैं। पं. अजयशास्त्री बिन्दु ने हनुमान जी के चरित्र पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ज्ञान की शोभा विनम्रता में है। हनुमान जी ने विशाल समुद्र को पार कर लंका में सीता का पता लगाया। अत्यन्त बुद्धिमत्ता और साहस के साथ रावण को भरी सभा में तर्कपूर्ण बचनों से निरुत्तर किया किन्तु लौटकर राम के पूछने पर यही कहा कि मैंने जो भी कार्य किया है उसने मेरी शक्ति बुद्धि नहीं है अपितु आपकी कृपा है, नाथ न कहू मोरि प्रभुताई। सो सब तव प्रताप रघुराई। पं. रामकिशोर पाण्डेय ने कथा- परम्परा की चर्चा करते हुए बताया कि जिस प्रकार भगवान के आदि अंत को नहीं जाना जा सकता है उसी प्रकार भगवान की पावन कथा भी शाश्वत और अनादि है। इनके अतिरिक्त पं0 अभयनाथ त्रिपाठी तथा पं0 रामनिवास शास्त्री आदि विद्वानों ने अपने भावपूर्ण विचारों से श्रद्धालुओं को रस विभोर किया।

## खबरें एक नजर में

### तालाब में डूबने से युवक की मौत

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** इन्हौना थाना अंतर्गत बिझौरा मजरे आजादपुर में तालाब में डूबने से एक युवक की मौत हो जाने से होली के त्योहार की खुशियाँ पल भर में मातम में बदल गई। स्थानीय लोगों के अनुसार यह घटना तालाब में नहाते समय डूबने से हुई। मिली जानकारी के अनुसार बिझौरा निवासी दिलीप कुमार उम्र 28 वर्ष पुत्र स्वर्गीय छितई पासी बुधवार को राष्ट्रीय राजमार्ग 731 के पास स्थित एक तालाब में नहाने गया था। नहाते समय अचानक वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। आस-पास मौजूद ग्रामीणों ने जब दिलीप को डूबते देखा, तो तत्काल उसे बाहर निकाला और एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगदीशपुर पहुँचाया। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक दिलीप अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गया है। घटना की सूचना पुलिस को सूचना दे दी गई है, पुलिस द्वारा आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटकी युवती

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** पीपरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत सवनगी गांव में मंगलवार की सुबह अपने ही घर में एक युवती की लाश फांसी के फंदे से लटकती पाई गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही शुरू कर दी है। पीपरपुर थाना प्रभारी श्रीराम पांडेय ने बताया कि थाना क्षेत्र के सवनगी गांव में युवती द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या की सूचना मिली है। पुलिस ने लाश को फांसी के फंदे से उतारकर कब्जे में लेते हुए पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवती का नाम करिश्मा पाल उम्र 27 वर्ष पुत्री रामबरन पाल बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार मृतका की शादी अप्रैल 2025 में जनपद सुलतानपुर के थाना धम्मौर अंतर्गत नरहरपुर गांव में हुई थी। बताया जा रहा है कि ससुराल से कुछ अनबन के चलते करिश्मा पिछले नवंबर से अपने मायके में ही रह रही थी। पुलिस जांच तथा अन्य आवश्यक कार्यवाही में जुटी हुई है।

### होली में हुड़दंग...दो गुट आए आमने-सामने

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** होली खेलने के दौरान मुसलमानों के दो गुट आपस मे भिड़ गए। मुसलमानों का एक गुट दूसरे गुट से इस बात को लेकर नाराज़ था कि वह होली क्यों खेल रहा है। मामला बछरावा थाना इलाके के क़स्बा स्थित जगन टोला का है। यहाँ किन्नर समुदाय के लोग होली खेल रहे थे। उनके साथ ही मुसलमानों के कुछ युवक भी होली खेल रहा थे। उसी दौरान मुसलमानों का दूसरा गुट वहां पहुंचा और किन्नर समुदाय के साथ होली खेल रहे मुसलमान युवकों से कहा कि तुम लोग क्यों होली खेल रहे हो। इसी बात का विरोध करने पर मुसलमानों का दोनों गुट आमने सामने आ गया और पथराव कर दिया। पथराव में सात लोग घायल हुए जिन्हे पुलिस ने तुरंत अस्पताल पहुँचाया। उसी दौरान पीड़ित पक्ष ने थाने पहुँच कर घेराव शुरू कर दिया। सूचना पाकर तुरंत मौके पर पहुंचे एडिशनल एसपी संजीव कुमार सिन्हा, सीओ प्रदीप कुमार व एडीएम ने आक्रोशित लोगों को समझा बुझाकर स्थिती नियंत्रण मे करते हुए दोषियों के खिलाफ तहरीर मिलते ही मुकदमा लिखने का आश्वासन दिया है। एडिशनल एसपी ने आम लोगों से अफवाह भी न फैलाने की अपील की है।

## जगदीशपुर में धूमधाम से संपन्न हुई भव्य होली बारात

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र जगदीशपुर के कस्बा निहालगढ़ में बुधवार को भव्य होली बारात उत्साह और उल्लास के साथ संपन्न हुई। प्रातः ठाकुरद्वारा से शुरू हुई शोभायात्रा पूर्व निर्धारित मार्ग से विभिन्न मोहल्लों और प्रमुख स्थलों से होकर चौराहा गुलाबगंज पहुंची, जहां पर विशेष मटकी फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। गाजे-बाजे और रंगोत्सव के माहौल में आयोजित प्रतियोगिता कार्यक्रम में युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कड़े मुकाबले के बाद अलमापुर निवासी शिवा यादव ने प्रथम स्थान हासिल कर स्कूटी जीता।

वहीं द्वितीय स्थान पर रहे दौलतपुर रानीगंज के नितेश कुमार जिन्हें पुरस्कार स्वरूप कूलर मिला।

## एसपी ने वृद्धाश्रम में वृद्धजनों के साथ मनाया होली का त्योहार



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. द्वारा गौरीगंज स्थित वृद्धाश्रम में वृद्धजनों के साथ होली का पर्व सादगी, उल्लास एवं आत्मीयता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने वृद्धाश्रम में रह रहे वृद्धजनों को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं तथा उनके साथ समय व्यतीत करते हुए वृद्धजनों को फल, मिठाई एवं आवश्यक उपयोगी सामग्री वितरित की गई। पुलिस अधीक्षक ने वहां उपस्थित सभी वृद्धजनों का कुशलक्षेम जाना और उन्हें आश्वस्त किया कि जनपद पुलिस सदैव उनके साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि होली का पर्व आपसी प्रेम, सौहार्द एवं भाईचारे का प्रतीक है और समाज के प्रत्येक वर्ग के साथ खुशियां बांटना ही इस त्योहार की वास्तविक भावना है। पुलिस अधीक्षक द्वारा वृद्ध जनों को किसी भी परिस्थिति में सहायता हेतु अमेठी पुलिस से संपर्क करने हेतु बताया गया।

## दवा लेने जा रहे पति-पत्नी के ऊपर पलटा अनियंत्रित डीसीएम

**पत्नी की मौत, पति घायल**

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** कमरौली थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार को गढ़ा गांव के पास दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। साइकिल से दवा लेने बाजार जा रहे के दंपति के ऊपर तेज रफ्तार अनियंत्रित डीसीएम पलट गई। जिसके चलते एक तरफ जहां साइकिल पर बैठी पत्नी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई वहीं दूसरी तरफ साइकिल चला रहा पति गंभीर रूप से घायल हो गया है। मौके पर पहुंची पुलिस आवश्यक वैधानिक कार्यवाही में जुट गई। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को तेज रफ्तार डीसीएम लखनऊ से सुल्तानपुर की ओर जा रही थी तभी वह अनियंत्रित



होकर कमरौली थाना क्षेत्र के गढ़ा गांव के पास पलट गई। ठीक उसी समय बगल से गुजर रहे साइकिल सवार एक दम्पति डीसीएम की चपेट में आ गए। जिससे साइकिल पर बैठी पत्नी की डीसीएम के नीचे दबकर मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जिसमें डीसीएम को कटर से काटकर बाहर निकाला गया। जबकि पति गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों एवं राहगीरों द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दी गई तथा घायल पति को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर जगदीशपुर भेजा गया। कमरौली थाना प्रभारी मुकेश कुमार पटेल ने बताया कि सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पुलिस पहुंच गई घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगदीशपुर भिजवाया गया। जबकि मृतक महिला की लाश को कब्जे में लेकर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। डीसीएम का ड्राइवर मौके से फरार हो गया उसकी तलाश की जा रही है। डीसीएम को कब्जे में ले लिया गया है। मृतक महिला की पहचान अनवरी उम्र 60 वर्ष पत्नी वसीम अहमद निवासी सूबेदार का पुरवा मजरे बहुआ थाना मोहनगंज के रूप में हुई है।

## श्रीमद्भगवत कथा में धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**

तहसील तिलोई के ग्राम सिंहपुर में पुरोहित संजय तिवारी के सौजन्य व ग्रामवासियों के सहयोग से श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के प्रारंभ में ही भारी संख्या में श्रद्धालुओं की गरिमा मई उपस्थिति रहीं। कथा वाचक श्री विपिन ब्यास जी महराज द्वारा श्रीमद्भागवत कथा में श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन किया गया। जब व्यासपीठ पर विराजमान पंडित श्री विपिन ब्यास जी महराज एवं श्री आचार्य राहुल त्रिवेदी द्वारा शंख ध्वनि के साथ कथा का शुभारंभ किया। कथा की मुख्य यजमान लक्ष्मी तिवारी रहीं। भगवत कथा में भगवान कृष्ण के जन्म, बचपन की लीताओं और महाभारत के युद्ध में उनकी भूमिका का वर्णन किया गया। श्रद्धालुओं ने कथा को बड़े ध्यान से सुना और भगवान कृष्ण की जय-जयकार की। कथा के अंत में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। कथा का आयोजन अगले तीन दिनों



तक चलेगा, जिसमें भगवान कृष्ण की विभिन्न लीलाओं का वर्णन किया जाएगा। कथा समापन के उपरान्त विशाल भंडारे का आयोजन सुनिश्चित किया गया है। भण्डार प्रसाद वितरण कार्यक्रम दोपहर 1 बजे से प्रभु इच्छा तक चलेगा। कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर अपने दायित्वों को मजबूती से निभाने वाले व्यवस्थापक गण ढोलक मास्टर सुभाष यादव, अमरीश जी, प्रमोद तिवारी, राजकुमार, मिडिया प्रभारी दिनेश कुमार चौरसिया एवं समस्त ग्राम - क्षेत्रवासी की गरिमामई उपस्थिति रही।

## दरियापुर : कृषि संसाधन केंद्र बना किसानों के लिए वरदान

**हाइब्रिड पौधों की नर्सरी से बढ़ रही आमदनी**

**रायबरेली।** सदर तहसील क्षेत्र के दरियापुर ग्राम स्थित कृषि संसाधन केंद्र आज किसानों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। यहां आधुनिक तकनीक से हाइब्रिड फसलों की नर्सरी तैयार की जाती है, जिससे जिले ही नहीं बल्कि आसपास के क्षेत्रों के किसान भी जुड़ रहे हैं।

केंद्र में यदि कोई किसान अपना बीज (बी) उपलब्ध कराता है, तो मात्र ?1 प्रति पौधा की दर से उसके पौधे तैयार कर दिए जाते हैं। वहीं, संस्थान द्वारा तैयार किए गए पौधे किसानों को ?2 प्रति पौधा के हिसाब से उपलब्ध कराए जाते हैं। इससे छोटे और सीमांत किसानों को कम लागत में बेहतर गुणवत्ता के पौधे मिल जाते हैं।



**हाइड्रोलिक सिंचाई से तैयार होते हैं पौधे**

नर्सरी में पौधों की सिंचाई हाइड्रोलिक तकनीक के माध्यम से की जाती है, जिससे पानी की बचत के साथ पौधों की बेहतर वृद्धि सुनिश्चित होती है। आधुनिक ट्रे सिस्टम और नियंत्रित वातावरण में पौधे तैयार किए जाते हैं, जिससे अंकुरण दर अधिक रहती है और फसल की गुणवत्ता भी बेहतर होती है। **डेढ़ लाख किसान जुड़े**

केंद्र के कर्मचारी बाल मुनी ने बताया कि अब तक करीब डेढ़ लाख किसान इस केंद्र से जुड़ चुके हैं। हर सीजन में अलग-अलग किस्मों के पौधे तैयार किए जाते हैं।

**इस सीजन में तैयार हो रहे प्रमुख पौधे**-इस समय नर्सरी में विभिन्न सब्जियों और फूलों के पौधे तैयार किए जा रहे हैं।

## दो कारों की भीषण टक्कर में सभी बाल-बाल बचे

**सूची सलोन रायबरेली**

कहते हैं 'जाको राखे साईयाँ, मार सके न कोय 'यह कहावत उस समय चरितार्थ हो गई।जब दो कारों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत के बावजूद दोनों वाहनों में सवार पूरी तरह सुरक्षित बच गए।घटना सलोन कोतवाली क्षेत्र स्थित सूची चौराहे की है। जहां प्रतापगढ़ के रहने वाले इनोवा से एक मरीज को इलाज के लिए एम्स ले जा रहे थे।तभी डीह की तरफ से अचानक निकली बलेनो कार आमने-सामने आ गई।जिसमें टक्कर इतनी भीषण हो गई कि जोरदार धमाके की आवाज दूर तक सुनाई दी। आसपास के लोग किसी बड़े हादसे की आशंका में मौके की ओर दौड़ पड़े।लेकिन जब लोगों ने दोनों वाहनों



में सवार लोगों को देखा तो राहत की सांस ली।सभी लोग पूरी तरह सुरक्षित थे और किसी को खरोंच तक नहीं आई। हालांकि दोनों कारों के परखच्चे जरुर उड़ गए।सूचना मिलने पर तत्परता दिखाते हुए सूची चौकी इंचार्ज स्वदेश कुमार ने हमराहियों के साथ मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।मानवता का परिचय देते हुए उन्होंने मरीज को सुरक्षित रूप से अस्पताल भेजने की व्यवस्था कराई और यातायात सुचारु कराया। साथ ही दुर्घटना के संबंध में आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## सीएचसी में इलाज के दौरान महिला की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**

इलाज के लिए सीएचसी पहुंची महिला की इंजेक्शन लगाए जाने के बाद हुई मौत को लेकर जमकर हंगामा हुआ है। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले मे बीच बचाव किया है। परिजनों का आरोप है कि ट्रेनी फार्मेसिस्ट के इंजेक्शन लगाने से महिला की मौत हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामला शिवगढ़ थाना इलाके का है। यहाँ पूरे टिकैत गांव के रहने वाले रघुनाथ की 55 वर्षीय पत्नी राम प्यारी की तबियत खराब होने पर परिजन सीएचसी शिवगढ़ लेकर गए थे। आरोप है कि यहाँ ट्रेनी फार्मासिस्ट ने महिला को इंजेक्शन लगाया जिसके बाद उसकी मौत हो



गई। महिला की मौत के बाद परिजनों ने हंगामा शुरू किया तो ट्रेनी फार्मेसिस्ट मौके से फरार हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह हालात को काबू में कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वही इस मामले में शिवगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव सिंह ने बताया कि अभी कोई तहरीर नहीं मिली है शव को पीएम के लिए भेजा गया है तहरीर मिलने पर विधि कार्यवाही की जाएगी ट्रेनी फार्मासिस्ट पर गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप : महिला के परिजन प्रदीप ने जानकारी देते हुए बताया कि मेरी माता जी को बुधवार की शाम का स्वास्थ्य बिगड़ तो उन्हें लेकर हम लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ पहुंचे जहां पर मौजूद एक लड़के ने उन्हें इंजेक्शन लगा दिया जिससे उनकी हालत बिगड़ गई कुछ ही समय बाद उनकी मौत हो गई यह सब देख जिस लड़के ने इंजेक्शन लगाया था वह इमरजेंसी का पर्चा लेकर फरार हो गया डॉक्टर कुछ बोलने के लिए तैयार नहीं है उलट हम लोगों को ही डांट रहे हैं। **आरोप बेबुनियाद :** उधर पूरे मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए सीएचसी अधीक्षक ने सभी आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि महिला जब आई थी तो उसका बीपी बहुत हाई था और ऑक्सीजन लेवल भी कम था। उन्होंने कहा कि ट्रेनी फार्मेसिस्ट के इंजेक्शन लगाने से हुई मौत का आरोप बेबुनियाद है।

## खूंटा गाड़ने को लेकर दो पक्षो में मारपीट, पति-पत्नी घायल, मुकदमा दर्ज

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** खूंटा गाड़ने को लेकर विपक्षियों ने लाठी डंडों से हमला कर पति-पत्नी को घायल कर दिया। मुकामी पुलिस मुकदमा दर्ज कर छानबीन कर रही हैं। सुबेहा थाना क्षेत्र के अमर का पुरवा मजरे आलापुर गांव के सुखराम पुत्र रामदीन केवट अपने दरवाजे के सामने सुबह साढ़े सात बजे जमीन में खूंटा गाड़ रहा था। आरोप लगाया कि परिवार के ही विपक्षी दुर्गा प्रसाद पुत्र राम चरन,मनोहर पुत्र धनपता, जेवन पुत्र भारत व राकेश पुत्र शंकर भद्दी गलिया देते लाठी व डान्डो से मारने लगे। बचाने दौड़ी पत्नी कलावती की भी लाठी व डान्डो से पिटाई कर दी। यही नहीं जान से मारने की धमकी दी है।

# समाजसेवी और नेकदिल इंसान थे स्व. संजीव यादव : डॉ. राजपाल कश्यप



छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

नवीन मंडी के प्रतिष्ठित आढ़ती एवं रामनाथ सिंह यादव कोल्ड स्टोरेज (नगला हीरा, बिशुनगढ़) के स्वामी संजीव सिंह यादव के निधन पर शांति पाठ कार्यक्रम में जनसैलाब उमड़ पड़ा। कुछ दिन पूर्व सड़क हादसे में ट्रैक्टर से टकराव के कारण उनकी मृत्यु हो गई थी। रामनाथ सिंह यादव कोल्ड स्टोरेज नगला हीरा, असालताबाद, विशुनगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री डॉ. राजपाल कश्यप ने कहा कि संजीव यादव एक नेकदिल और समाजसेवी व्यक्ति थे, जिन्होंने हमेशा जरूरतमंदों की मदद की। उनका जाना स्थानीय व्यापार और समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ. जितेंद्र यादव ने कहा कि संजीव भाई मंडी के एक सक्रिय स्तंभ थे, जिनकी ईमानदारी और सहयोग की भावना सबको प्रेरित करती थी। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें। लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव रोविन यादव ने कहा कि संजीव यादव का निधन युवा पीढ़ी के लिए बड़ा झटका है। उन्होंने व्यापार के साथ सामाजिक सद्भाव बनाए रखा, उनका योगदान हमेशा याद रहेगा। इस अवसर पर मृतक के पुत्र अंकित यादव (नीटू) एवं अंकुर सिंह यादव (एडवोकेट) सहित परिजनों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में व्यापारी, राजनीतिक कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## गौ सम्मान आह्वान अभियान की बैठक 8 मार्च को

**छिबरामऊ, कन्नौज।** गौ सम्मान आह्वान अभियान के अंतर्गत आगामी कार्यों की रूपरेखा तय करने हेतु एक स्वैच्छिक रणनीतिक बैठक का आयोजन 8 मार्च को प्रातः 11 बजे से पंडित कन्हैया लाल पांडेय मार्केट, पश्चिमी बाई पास पर किया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू शक्ति सेना गौ रक्षा प्रकल्प के राष्ट्रीय संयोजक रंजीत पांडे ने कहा यह बैठक पूर्णतः स्वैच्छिक है। इसमें न कोई औपचारिक आयोजक है, न कोई पदाधिकारी और न ही कोई मंचीय व्यवस्था। जो भी धर्म, संस्कृति और गौ सम्मान के विषय में गंभीरता से कार्य करना चाहते हैं, वे अपनी इच्छा से उपस्थित हो सकते हैं।आने वाले सभी बंधुओं से आग्रह है, कि अंत तक बैठकर गंभीर चर्चा में सहभागी बनें। बैठक में केवल ठोस रणनीति, स्पष्ट कार्ययोजना और आगामी कार्यक्रमों की दिशा तय की जाएगी।

# अबीर गुलाल व रंगों की बौछार के साथ मनाई होली



छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

▸ आखत डालकर लोगों ने की होलिका की परिक्रमा

होली का त्यौहार अबीर गुलाल और रंगों की बौछार के साथ धूमधाम से मनाया गया। इससे पहले जगह-जगह होली जलाकर लोगों ने परिक्रमा की। मंगलवार को चंद्र ग्रहण के कारण नगर में कुछ जगहों पर सोमवार की रात विधि विधान के साथ होलिका की पूजा की गई जबकि अधिकांश जगह बुधवार की सुबह होलिका की पूजा करके आग लगाई गई। लोगों ने होलिका की परिक्रमा करते हुए गेहूं की बालियां तोड़ तोड़ कर डाली। यहां से कंडे में आग ले जाकर घरों में गुलरियों को जलाकर महिलाओं ने परिक्रमा की। इसके बाद रंगोत्सव का पर्व शुरू हुआ। बच्चों के साथ बड़ों ने भी अबीर गुलाल और रंगों से जमकर होली खेली। दोपहर 1 बजे यह सिलसिला थम गया और फिर नहा कर नए कपड़े पहनने के बाद एक दूसरे के घरों में जाकर मिलने व होली की बधाई देने का सिलसिला देर रात तक जारी रहा। गुरुवार को दौज पर ग्रामीण क्षेत्रों में होली खेली गई। नगर में पुलिस विभाग के जवानों ने भी एक दूसरे को रंगों से सराबोर कर दिया और जमकर होली खेली।

श्री गोविंद सत साहित्य प्रचार एवं प्रभात फेरी मंडल की ओर से होली समारोह का भव्य आयोजन मंशेश्वरनाथ मंदिर परिसर में आयोजित किया गया। अबीर गुलाल और गुलाब के फूलों के साथ भक्तों ने जमकर होली खेली। वहीं, भजनों पर थिरकते हुए एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर फूलों की होली का जश्न मनाया। इस दौरान होली गीतों की भी धूम रही।

# शॉर्ट सर्किट से लगी आग, दो लाख का नुकसान



छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

मोहल्ला सैय्यदवाडा में शॉर्ट सर्किट के कारण एक मकान की दूसरी मंजिल पर भीषण आग लग गई। इस हादसे में पीड़ित परिवार को लगभग दो लाख रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। स्थानीय निवासियों की तत्परता और साहस से समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

मकान मालिक सुईल खान पुत्र फजल्ले खान बजरिया रोड पर टेलरिंग की दुकान चलाते हैं। परिवार नीचे के हिस्से में मौजूद था, तभी ऊपरी मंजिल के कमरे में शॉर्ट सर्किट से आग भड़क उठी। पड़ोसियों ने खिड़कियों से काला धुआं देखकर शोर मचाया और परिवार को सूचित किया। मोहल्ले में हड़कंप मच गया। लोगों ने घरों में जमा पानी और पास के सबमर्सिबल पंप से आग बुझाने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया जा सका, अन्यथा पूरी मंजिल जल सकती थी। पीड़ित सुईल खान के अनुसार कमरे व अलमारी में रखे कीमती कपड़े, घरेलू सामान और नकदी जलकर राख हो गई। नुकसान का आकलन करीब दो लाख रुपये बताया गया है। पीड़ित परिवार ने आर्थिक सहायता व नुकसान मूल्यांकन के लिए क्षेत्रीय लेखपाल को सूचना दे दी है।

# अनियंत्रित कार 33 केवी विद्युत पोल से टकराई, चालक घायल



**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम मिघौली 33 केवी पावर हाउस के पास अनियंत्रित कर 33 केवी विद्युत पोल से टकरा गई। इस हादसे में विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हो गया और कार को भी नुकसान पहुंचा। दुर्घटना में कार चालक घायल हो गया। ग्राम महमूदपुर जागीर निवासी रिंकू शाक्य ने बताया कि वह कार से कुसमरा जा रहे थे। मिघौली पावर हाउस के पास पहुंचने पर वह अपने बच्चे को संभाल रहा था तभी कार अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गई। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 और शकरपुर पुलिस चौकी प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। घायल चालक को सौ सैया अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। विद्युत विभाग के लाइनमैन सचिन कुमार ने बताया कि दुर्घटना के कारण 33 केवी का विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हो गया है। सुरक्षा कारणों से 33 केवी की मुख्य लाइन को बंद कर दिया गया है जिससे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति पूरी तरह से बाधित हो गई है। विभाग क्षतिग्रस्त खंबे की मरम्मत कर जल्द से जल्द बिजली आपूर्ति बहाल करने का प्रयास कर रहा है।

# राजकीय सम्मान संग लोकतंत्र सेनानी पंचतत्व में विलीन

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



नगर के राधानगर कालोनी के रहने वाले लोकतंत्र सेनानी शंभूदयाल मौर्य का इलाज के दौरान निधन हो गया। वह पिछले लंबे अरसे से बीमार चल रहे थे। उनका इलाज नोएडा के कैलाश हॉस्पिटल में चल रहा था। उनके शव को पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई।

हसेरन क्षेत्र के सुखसेनपुर गांव के राहने वाले लोकतंत्र सेनानी शंभूदयाल मौर्य ने नगर के मोहल्ला राधानगर में मकान बनवाया था। वह सहीं लंबे अरसे तक परिवार के साथ रहे। भारत सरकार व प्रदेश सरकार के शैक्षिक कार्यक्रम सतत शिक्षा के जरिए जनपद के अनपढ़ों को साक्षर बनाने में उनका बहुत बड़ा योगदान रहा। वह नगर के कई सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्थानों से लंबे समय तक जुड़े रहे। पिछले दिनों उनकी अचानक तबियत बिगड़ गई। इस पर उन्हें नोएडा के कैलाश हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। यहां उनका शनिवार की सुबह करीब 11 बजे निधन हो गया। निधन की जानकारी होते ही तमाम लोग मौके पर पहुंचे। इस दौरान एसडीएम सिटी के अलावा अन्य जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित की। उनका पूरे राजकीय सम्मान के साथ गार्ड ऑफ ऑनर देकर अंतिम संस्कार किया गया। उनके इकलौते पुत्र आशुतोष आनंद ने उनहें मुखाग्नि दी।



# होली पर विवादों की झड़ी, पथराव और फायरिंग की घटनाएं, दरोगा घायल

कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

▸ मामला कन्नौज जिले में होली पर्व पर घटित घटनाओं का



जिले में होली पर्व पर विवादित घटनाओं के घटने का सिलसिला जारी रहा। कहीं पथराव और फायरिंग में लोग घायल हुए,वहीं पुलिस भी विवादों के दौरान घटित घटनाओं के दौरान घायल हुई। जिले के संबंधित थानों और कोतवाली में विभिन्न घटनाओं के मुकदमें भी दर्ज किए गए, जबकि कई लोगों को पुलिस ने कार्यवाही को लेकर हिरासत में भी लिया। जानकारी के मुताबिक जिले के थाना इंदरगढ़ क्षेत्र के गुमदापुर गांव में गालीगलौज ,पथराव और फायरिंग का मामला सामने आया है।

बताया गया कि, बीते बुधवार को थाना क्षेत्र के गुमदापुर गांव निवासी श्याम जी नायक अपनी स्कूटी से मढ़पुरा गांव से वापस गांव लौट रहे थे। श्याम जी का आरोप है कि, जैसे ही वह घर के निकट पहुंचे इसी दौरान खनियापुर गांव के सीतेंद्र कुमार ने कुछ लोगों के साथ उन्हें रोका। स्कूटी तेज गति से चलाने की बात कहते हुए पहले गालीगलौज का सिलसिला शुरू हुआ और उसके बाद विवाद शुरू हो गया। विवाद बढ़ा तो श्याम जी के भाई और परिजन मौके प पहुंच गए वहीं दूसरी ओर से सीतेंद्र ने भी फोन कर गांव से लोगों को बुला लिया। गांव में विवाद बढ़ा तो श्याम अपने परिजनों के साथ घर के अंदर चले गए। इस दौरान श्याम के घर के बाहर मौजूद भीड़ ने पथराव शुरू कर दिया। आसपास के लोगों ने फायरिंग की बात कही है। घटनाक्रम के दौरान का किसी शख्स द्वारा वीडियो भी बना लिया गया। कथित फायरिंग की कही गई बात पर जब गांव के लोगों की भीड़ मौके पर पहुंची तो इस दौरान हमलावर भाग निकले। मौके पर सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने घटनाक्रम की जांच पड़ताल शुरू कर दी थी। वहीं श्याम द्वारा दी गई तहरीर पर इंदरगढ़ थाना पुलिस ने सीतेंद्र, नवीन उर्फ झल्ला, रोहित, आनंद, जितेंद्र फौजी, प्रदीप, पुष्पेंद्र, जगपाल, जीतू, जितेंद्र, कालीचरन, दीपक, पंकज, अमन, युवराज, सल्लू सहित अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। दूसरी घटना जिले के छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र से सामने आई है। यहां होली के हुड़दंग का विवाद शांत करने को पहुंची पुलिस पथराव की घटना में घायल हो गई।

जानकारी के मुताबिक छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव भगवन्तपुर में होली को लेकर दो बच्चों के विवाद ने बड़ा रूप ले लिया। मामले की सूचना पर मौके पर हल्का नंबर 4 के दरोगा दयाशंकर पांडे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। जिस दौरान पुलिस विवादित मामले में बीच बचाव का प्रयास कर रही थी, इसी दौरान विवाद कर रहे लोगों के मध्य अचानक पथराव शुरू हो गया। इस दौरान दरोगा पांडेय भी घायल हुए। घायल दारोगा को उपचार हेतु स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। यहां उनकी हालत में सुधार था। मामले की पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी थी, वहीं कोतवाली प्रभारी ने बताया कि, जांच जारी है, दोषियों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। तीसरी घटना में एक किसान को शराब के नशे में धुत लोगों ने पीट दिया। मामला जिले के थाना सौरिख क्षेत्र के गढ़िया पाह गांव की बताई गई है। जानकारी के मुताबिक गांव का निवासी प्रबल प्रताप बीती सायं अपने खेत से वापस लौट रहा था। रास्ते में नशे की हालत में कुछ लोगों ने प्रबल को रोका और अपने साथ शराब पीने को कहा। मना करने पर विवाद शुरू हो गया। जिसके बाद करीब आधा दर्जन लोगों ने प्रबल की पिटाई कर दी। प्रबल का आरोप है कि, नशे में धुत लोगो ने घर तक पीछा किया और घर पर हमलावर होकर गालीगलौज और जान से मार देने की धमकी तक दी। गांव के लोगों द्वारा विरोध करने पर हमलावरों द्वारा अभद्रता भी की गई। घटना का वीडियो भी वायरल हुआ है। पुलिस ने शिकायत पर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। एक अन्य घटना में एक ट्रक ड्राइवर को कुछ लोगों ने बेरहमी से पीट दिया। मामला जिले के गुरसहायगंज के तेराजाकेट कस्बे का बताया जा रहा है।

# आय आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में छह बच्चों ने मारी बाजी



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा के परिणाम में विकासखंड के यूपीएस खानपुर कसावा सहित 6 विद्यालयों के बच्चों ने अच्छी रैंक लाकर बाजी मार ली।

इस परीक्षा में सफल होने वाले छात्र-छात्राओं को शिक्षा मंत्रालय द्वारा छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। यह छात्रवृत्ति कक्षा नौ से लेकर इंटरमीडिएट तक की पढ़ाई के लिए है। प्रत्येक सफल विद्यार्थी को 48 हजार रुपये की राशि मुहैया कराई जाएगी जो उनकी आगे की शिक्षा में सहायक होगी। यूपीएस खानपुर कसावा के इंचार्ज प्रधानाध्यापक नीरज पाल ने बताया कि उनके विद्यालय की छात्रा काजल पुत्री चंद्रपाल ने इस परीक्षा में 49 वीं रैंक के साथ सफलता प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन कर दिया है। इसके अलावा यूपीएस पलिया बूंचपुर की छात्रा रितिका दुबे पुत्री संजीव दुबे रैंक 34, यूपीएस धरनी धरपुर नगरिया के छात्र प्रतीक पुत्र ओमकार रैंक 45, कंपोजिट विद्यालय रामखेड़ा की छात्रा अंशुल पुत्री रंजना रैंक 11, कंपोजिट विद्यालय महमूदपुर खास के छात्र आकाश पांडे पुत्र नीरज पांडे रैंक 28 और यूपीएस कल्यानपुर की छात्रा अनुष्का पुत्री अतुल कुमार रैंक 102 मैं भी इस परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। छात्र-छात्राओं की इस उपलब्धि पर बीएसए संदीप कुमार और बीईओ आनंद द्विवेदी ने बधाई देते हुए संभी सफल विद्यार्थियों को भविष्य में भी सराहनीय प्रयास करने की सलाह दी है।

# अमोनिया रिसाव से दहला कोल्ड स्टोरेज, दमकल ने 15 को बचाया

▸ रात दो बजे मशीन रूम का वाल्व लीक
▸ बीए सेट पहनकर चला दो घंटे रेस्क्यू



कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

सदर कोतवाली क्षेत्र के गोवर्धनी रोड स्थित जनता कोल्ड स्टोरेज में मंगलवार देर रात अमोनिया गैस रिसाव से अफरातफरी मच गई। रात करीब दो बजे मशीन रूम में लगा एक वाल्व अचानक लीक हो गया, जिससे तेज गंध के साथ जहरीली गैस पूरे परिसर में फैलने लगी। उस समय ड्यूटी पर मौजूद करीब 15 कर्मचारी गैस की चपेट में आ गए और जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। रात का समय होने के कारण स्थिति और गंभीर हो गई। गैस का प्रभाव इतना तीव्र था कि बिना सुरक्षा उपकरण के अंदर जाना संभव नहीं था। सूचना मिलते ही शहर फायर स्टेशन से दमकल की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। हालात का जायजा लेने के बाद दमकल कर्मियों ने बीए सेट (ब्रीदिंग अपरेटस) पहनकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। जहरीली अमोनिया गैस के बीच टीम ने साहस दिखाते हुए सबसे पहले सभी 15 कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाला। कुछ कर्मचारियों को सांस लेने में दिक्कत हो रही थी, जिन्हें तत्काल ताजी हवा में लाकर प्राथमिक राहत दी गई। इसके बाद टीम मशीन कक्ष में पहुंची और लीक हो रहे वाल्व को बंद कर रिसाव पर नियंत्रण पाया। गैस के असर को कम करने के लिए दमकल विभाग ने परिसर और आसपास के क्षेत्र में पानी की बौछारें कराई। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद हालात सामान्य हो सके। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। फायर स्टेशन इंचार्ज संदीप तंवर ने बताया कि समय पर सूचना और त्वरित कार्रवाई से बड़ा हादसा टल गया।

विभाग ने कोल्ड स्टोरेज प्रबंधन को सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन करने, वाल्व व मशीनरी की नियमित जांच कराने और आपातकालीन सुरक्षा इंतजाम दुरुस्त रखने के निर्देश दिए हैं। आधी रात के सन्नाटे में दमकल के जांबाजों ने अपनी जान जोखिम में डालकर 15 जिंदगियां बचाईं और संभावित बड़े हादसे को टाल दिया। अमोनिया रिसाव से दहला कोल्ड स्टोरेज, दमकल के जांबाजों ने 15 कर्मचारियों को मौत के मुंह से निकाला।

# सौहार्द भाईचारे एवं प्रेम का संदेश देता है होली का त्यौहारः इंद्र कुमार गुप्ता

▸ नन्हे मुन्ने बच्चों ने एक दूसरे को रंग लगाकर मनाया होली का उत्सव

गुरसहायगंज, समृद्धि न्यूज।




नगर की इंदिरा नगर स्थित जेपी एकेडमी में रंगों के पावन पर्व होली का त्यौहार अत्यंत हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस शुभ अवसर पर विद्यालय परिसर रंग-बिरंगे गुलाल से सराबोर हो उठा तथा चारों ओर आनंद और उल्लास का वातावरण व्याप्त रहा। नन्हे मुन्ने बच्चों ने एक दूसरे को रंग लगाकर प्रेम का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एक-दूसरे को तथा समस्त अध्यापक-अध्यापिकाओं को गुलाल लगाकर होली की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। सभी ने सौहार्द, भाईचारे एवं आपसी प्रेम का संदेश दिया।

सोमवार को विद्यालय के प्रधानाचार्य अमरेंद्र सिंह विनोद शेखर विजय मिश्रा आरती शर्मा अनुपम द्वेदी शिवानी निशु सिंह शुभम मिश्रा पूजा गुप्ता पुष्पांजलि गुप्ता सिद्धार्थ गुप्ता के अलावा विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चे छात्र एवं छात्राएं कार्यक्रम में मौजूद रहे। सभी ने आपसी सौहार्द एवं सामाजिक समरसता बनाए रखने का संकल्प लिया। जेपी एजुकेशन एकेडमी इंदिरा नगर में होली का यह उत्सव प्रेम, उल्लास और सद्भावना का संदेश देकर संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक इंद्र कुमार गुप्ता उत्कर्ष कुमार गुप्ता पूर्व पालिका अध्यक्ष राधा गुप्ता सहित विद्यालय परिवार के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# जवाहर नवोदय में हुआ प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम

▸ जिला विद्यालय निरीक्षक ने की कार्यक्रम की अध्यक्षता
▸ यह हमारे विद्यालय के लिए हर्ष का विषय प्रधानाचार्य

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अनौगी स्थिति जवाहर नवोदय आवासीय विद्यालय,में प्रेरणा उत्सव का आयोजन किया गया। जवाहर नवोदय विद्यालय कन्नौज द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के लगभग तीन दर्जन विद्यार्थियों ने भाग लिया,जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज के नेतृत्व में कार्यक्रम संपन्न हुआ। जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि पहले चरण में विद्यार्थियों का चयन उनकी रचनात्मक लेखन और चित्रकला के आधार पर किया गया। इसमें उनकी सृजनात्मकता, अभिव्यक्ति कौशल और कल्पनाशीलता का मूल्यांकन हुआ। 15 छात्र और 15 छात्राओं का साक्षात्कार लिया दूसरे चरण में 15 छात्र और 15 छात्राओं का साक्षात्कार लिया गया। इसमें उनके व्यक्तित्व, विचार क्षमता और नेतृत्व गुणों का आकलन किया गया। दूसरे चरण का परिणाम शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के प्रेरणा पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है। अंतिम चयन के बाद कन्नौज जिले से एक छात्र और एक छात्रा को प्रेरणा कार्यक्रम के लिए चुना जाएगा। जिसमे जेपी एजुकेशन एकेडमी की छात्रा आस्था पटेल तथा मदन मोहन मालवीय इंटर कालेज के छात्र अभिषेक कश्यप का चयन जनपद कन्नौज से हुआ है। चयनित विद्यार्थियों को उस विद्यालय में सात दिवसीय शैक्षिक प्रवास का अवसर मिलेगा, जहां से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी शिक्षा प्रारंभ की थी। इस प्रवास के दौरान विद्यार्थी विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों, भारतीय ज्ञान परंपरा, आधुनिक भारत के योगदान और नैतिक शिक्षा से जुड़े अनुभवात्मक अधिगम में शामिल होंगे। इस अवसर पर चयनित छात्रा आस्था पटेल व अभिषेक कश्यप के माता पिता ने अपने बच्चों की उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया।

इस दौरान जेपी एजुकेशन एकेडमी के प्रधानाचार्य अमरेंद्र सिंह ने बताया कि यह हमारे विद्यालय के लिए हर्ष का विषय है, इससे बच्चों में उत्साह बढ़ता है और आगे बढ़ने के लिए मनोबल बढ़ेगा।

## किसानों की भूमि बनेगी डिजिटल आईडीः संतोष कुमार

**कन्नौज।** जनपद में किसानों की भूमि का एक विशिष्ट पहचान पत्र (आईडी) तैयार करने के लिए फार्मर रजिस्ट्री अभियान चलाया जा रहा है। उप कृषि निदेशक संतोष कुमार ने बताया कि इस प्रक्रिया के तहत किसानों की जमीन को आधार से लिंक कर डिजिटल रूप से पंजीकृत किया जा रहा है। यह कार्य कृषि विभाग के साथ-साथ राजस्व, पंचायत, ग्राम्य विकास और चकबंदी विभाग के सहयोग से गांव-गांव में जागरूकता अभियान चलाकर कराया जा रहा है।
उन्होंने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री एक डिजिटल व्यवस्था है, जिसमें किसान की भूमि से संबंधित पूरा विवरण एक ही आईडी से लिंक कर दिया जाता है। इससे जमीन के सभी अभिलेख सुरक्षित रूप से एक स्थान पर उपलब्ध हो जाते हैं और किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में सुविधा मिलती है। फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की आगामी किश्त प्राप्त करने, किसान क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा, आसान ऋण सुविधा, सरकारी क्रय केंद्रों पर धान-गेहूं की बिक्री तथा कृषि मशीनरी, बीज और उर्वरकों पर मिलने वाली सब्सिडी का लाभ आसानी से मिल सकेगा।

# व्यापारियों के होली मिलन में जमकर उड़ा अबीर गुलाल



छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

नवीन मंडी के पास स्थित श्रीराम रिसॉर्ट में आयोजित व्यापारियों के होली मिलन समारोह में अबीर गुलाल जमकर उड़ा। डीजे पर बज रहे गानों और ढोल की थापों पर युवा व्यापारियों ने डांस किया और एक दूसरे को होली की बधाई दी। सभी के लिए स्वल्पाहार के साथ ठंडाई की व्यवस्था भी की गई थी। इस आयोजन में नगर के साथ ही घिलोई, प्रेमपुर, विशुनगढ़, सिकंदरपुर आदि जगहों से भी व्यापारी बड़ी संख्या में आए थे। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू एवं किराना एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने सभी को होली की बधाई देते हुए कहा अगली बार इससे भी बड़ा आयोजन किया जाएगा। हम सभी व्यापारी इसी तरह एकजुट रहेंगे तो हर संघर्ष में सफलता प्राप्त होगी। कार्यक्रम में विधायक अर्चना पांडे के प्रतिनिधि राहुल रतन पांडेय छोटू, पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे, श्यामू चौहान, गल्ला आलू व्यापारी संघ के अध्यक्ष आदेश गुप्ता, नरेश गुप्ता गोल्डी, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के नगर अध्यक्ष आनंद गुप्ता, आनंद गुप्ता महिंद्रा, बृजेश गुप्ता, प्रभाकर गुप्ता, एसके किराना, शिवम गुप्ता, सुधीर गुप्ता, रामू गुप्ता, वीर गोयल, सत्यनारायण वर्मा, वेद प्रकाश राठौर, विजय गुप्ता, नीरज गुप्ता, अमित भारतीय, पुस्सन अवली गुप्ता, प्रियांशु गुप्ता, अमोघ गुप्ता राम सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

# अनाथ बच्चों के आंसू पोंछने पहुंचे सपा प्रदेश सचिव
## कहा-अब ये बच्चे अनाथ नहीं, हमारे भाई-बहन हैं

**अमृतपुर, फर्रूखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



कस्बा अमृतपुर में बीते दिनों घटी एक दर्दनाक घटना ने क्षेत्रवासियों को झकझोर कर रख दिया। कस्बा निवासी कुसुमलता अपने चार बच्चों का पालन-पोषण मजदूरी करके कर रही थीं। उनके पति की लगभग पांच वर्ष पूर्व एक सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो चुकी थी, जिसके बाद से परिवार की पूरी जिम्मेदारी उन्हीं पर थी।

गत 21 फरवरी को फर्रूखाबाद-बदायूं मार्ग पर एक बाइक सवार ने कुसुमलता को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिजनों द्वारा उनका उपचार कराया जा रहा था, लेकिन 27 फरवरी को इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। उनकी मृत्यु से चारों बच्चे अनाथ हो गए और परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। घटना की जानकारी मिलते ही डॉ. जितेंद्र सिंह यादव, प्रदेश सचिव समाजवादी पार्टी व अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी, पीड़ित परिवार के घर पहुंचे। उन्होंने बच्चों और परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि आज से ये बच्चे अनाथ नहीं हैं, बल्कि हमारे भाई-बहन हैं।

प्रदेश सचिव ने होली के अवसर पर आर्थिक सहायता प्रदान की तथा बच्चों की आगे की पढ़ाई अपने विद्यालय में निशुल्क कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने यह भी कहा कि यदि बच्चे चाहें तो उनके आवासीय विद्यालय में रहकर शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं, जिसका संपूर्ण खर्च वह स्वयं वहन करेंगे। इतना ही नहीं, उच्च शिक्षा पूरी करने के बाद उन्हें अपने संस्थान में रोजगार देने का भी वादा किया।

इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों से आगामी होली पर्व को आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाने की अपील की। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है, वहीं प्रदेश सचिव की पहल से पीड़ित परिवार को कुछ राहत और सहारा मिलने की उम्मीद जगी है।

# दबंगों ने टीन शेड उखाड़, छप्पर में लगायी आग

▸ चार के खिलाफ दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के नगला हिलकी गांव में जमीन विवाद को लेकर एक व्यक्ति के टीन शेड को उखाड़ दिया गया और छप्पर में आग लगा दी गई। पीड़ित धर्मेंद्र कुमार ने मंगलवार को थाने में चार नामजद लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। धर्मेंद्र कुमार पुत्र विनोद कुमार ने अपनी तहरीर में बताया कि उन्होंने लगभग पांच साल पहले गांव के बाहर एक बीघा जमीन खरीदी थी। इस जमीन पर उन्होंने टिन शेड और छप्पर डाल रखा था। मंगलवार को गांव के कुछ युवक अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचे और जमीन पर कब्जा करने की नीयत से टिन शेड को उखाड़ दिया। उन्होंने छप्पर में भी आग लगा दी। जब धर्मेंद्र कुमार ने इसका विरोध कियाए तो आरोपियों ने उनके साथ गाली.गलौज की और मारपीट पर उतारू हो गए। धर्मेंद्र कुमार की शिकायत पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दर्ज की है। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

उन्होंने कहा कि जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस तीन लोगों से पूछताछ कर रही है।



टीन शेड उखाड़ते दबंग

# होली पर पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई, जुआ खेलते 9 दबोचे

**नवाबगंज/फर्रूखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

होली के त्योहार पर शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए नवाबगंज पुलिस पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रही है। इसी क्रम में पुलिस ने नगर में दो अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर जुआ खेल रहे कुल 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। छापेमारी के दौरान मची अफरा-तफरी जानकारी के मुताबिक, पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि नगर में कुछ जगहों पर बड़े स्तर पर जुआ खेला जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने चिन्हित स्थानों पर दबिश दी। पुलिस की गाड़ी को अचानक सामने देख जुआरियों में हड़कंप मच गया और वे भागने लगे। हालांकि, पुलिसकर्मियों ने मुस्तैदी दिखाते हुए घेराबंदी की और दौड़कर आरोपियों को पकड़ लिया। दो जगहों से हुई गिरफ्तारी पुलिस ने इस कार्रवाई में दो अलग-अलग ठिकानों पर प्रहार किया पहली जगह से- कुल 7 लोगों को रंगे हाथों पकड़ा गया। दूसरी जगह से- 2 अन्य लोगों को गिरफ्तार किया गया। इस प्रकार पुलिस ने कुल 9 जुआरियों को हिरासत में लिया है। मौके से ताश के पत्ते और नकदी भी बरामद होने की सूचना है। सीओ ने दी जानकारी क्षेत्राधिकारी (सीओ) मोहम्मदाबाद, अजय वर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की अराजकता या अवैध गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार की मौत, दो घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**







बाइक से बेटे व दामाद के साथ मछली लेने जा रहे बाइक को तेज रफ्तार बोलेरो ने टक्कर मार दी। जिससे मजदूरी करने वाले अधेड़ की मौत हो गयी व बेटा और दामाद गंभीर रूप से घायल हो गये। कोतवाली क्षेत्र के गांव जौरा निवासी उमेश चंद्र उर्फ झब्बू कठेरिया उम्र 45 वर्षीय पुत्र जगदीश कठेरिया अपने बेटे योगेश और दामाद उदयराज पुत्र रूपेश (निवासी सौरिख जनपद कन्नौज के साथ बाइक से मछली खरीदने कायमगंज बाजार आ रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक मेहंदियावली की मजार के पास पहुंची और उन्होंने घसिया चिलौली रोड की ओर मोड़ लियाए तभी कंम्पिल की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार बोलेरो ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार तीनों लोग उछलकर काफी दूर जा गिरे। जिससे वाइक सवार उमेश चंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। जवकि वेटा योगेश तथा दामाद उदयराज गम्भीर रूप से घायल होगया आसपास के लोगो की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायलों को तत्काल कायमगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आए जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सा प्रभारी विपिन कुमार ने उमेश चंद्र को मृत घोषित कर दिया घायल बेटे योगेश और दामाद उदय राज को प्राथमिक उपचार के वाद हालत गम्भीर होने पर फरूखावाद लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया बुलेरो चालक गाडी लेकर भाग गया उमेश चंद्र मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करते थे। उनकी बेटी नेहा की शादी एक साल पहले ही हुई थी और वह होली का त्योहार मनाने के लिए अपने पति उदय राज के साथ मायके आई हुई है मृतक अपने पीछे पत्नी सुनीता, मां विदेशी, दो बेटियां निशा, नेहा और दो बेटे संदेश, योगेश को रोता बिलखता छोड़ गए हैं। घटना की सूचना पाते ही मण्डी चौकी इन्चार्ज वलवीर सिह दागी कस्बा चौकी इन्चार्ज सोमवीर सिंह कास्टेबल विजय गूर्जर कास्टेबल धरमेन्द्र तिवारी के साथ मौके पर पहुँचकर जाँच पडताल कर मृतक उमेश चन्द्र उर्फ झब्बू के शव का पन्चनाम भरवाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया बुलेरो चालक गाड़ी लेकर भाग निकला।



# पुलिस के हटते ही भिड़े शराबी, चले लात घूंसे
## पुलिस की गाड़ी देख मौके से भागे उपद्रवी

▸ लोगों ने मांग की है कि मुख्य चौराहों पर पुलिस की गश्त बढ़ाई जाए

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर के सबसे व्यस्त मुख्य चौराहे पर होली से एक दिन पूर्व उस समय अफरा–तफरी मच गई, जब दो पक्ष शराब के नशे में आपस में भिड़ गए। चौंकाने वाली बात यह रही कि यह पूरी घटना पुलिस की पिकेट हटने के महज आधे घंटे के भीतर हुई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोमवार देर शाम नगर के मुख्य चौराहे पर सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिस बल जैसे ही वहां से रवाना हुआ, उसके करीब आधा घंटे बाद दो शराबी गुटों में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट शुरू हो गई। बीच सड़क पर हो रहे हंगामे को देख मौके पर स्थानीय लोगों और राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई। त्योहार के समय सरेराह हो रही इस गुंडागर्दी से चौराहे पर काफी देर तक अराजकता का माहौल बना रहा। मारपीट के दौरान ही वहां से यूपी 112 की गाड़ी गुजरी। पुलिस की गाड़ी की सायरन सुनते ही मारपीट कर रहे दोनों पक्षों के युवक मौके से भाग खड़े हुए। गनीमत रही कि पुलिस के समय पर पहुँचने से मामला और गंभीर होने से बच गया। हालांकि, स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों में इस बात को लेकर नाराजगी है कि त्योहार के समय पुलिस के हटते ही अराजक तत्व सक्रिय हो जाते हैं। लोगों ने मांग की है कि मुख्य चौराहों पर पुलिस की गश्त बढ़ाई जाए ताकि होली के दौरान शांति व्यवस्था बनी रहे।

## खबरें एक नजर में

### आर्मी जवानों ने जमकर खेली होली, खूब उड़ाया अबीर गुलाल



होली खेलते जवान

**फर्रूखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सिखलाइट सेंटर के रमन स्टेडियम में सेंटर सूबेदार मेजर जसवीर सिंह के नेतृत्व में आयोजित होली पर्व के अवसर पर आमंत्रित सिखलाइट सेंटर के अधिकारियों जेसीओ, जवानों एवं अग्निवीर सैनिकों को स्टेशन कमांडर एवं कमांडेंट सिखलाइट रेजीमेंटल सेंटर ब्रिगेडियर मनीष कुमार जैन ने एकत्रित जवानों को होली के पर्व पर संबोधित करते हुए कहा कि होली रंगों एवं उमंगों का पर्व है। इसे जोश के साथ मनाइयें परन्तु होश में रहिए। होली खेलते समय किसी को कोई नुकसान न हो। रंग उड़ाइए, भांगड़ा करिए, पानी से होली खेलिए पर होश न खोइए। रमन स्टेडियम पहुंचने पर सेंटर एस0एम0 जसवीर सिंह, धर्मगुरु सूबेदार सर्वजीत सिंह, डिप्टी कमांडर कर्नल गौरव बोस, ट्रेनिंग बटालियन कमांडर कर्नल अभिषेक गुप्ता, रिकार्ड अधिकारी ले0 कर्नल मदन लाल चौधरी आदि वरिष्ठ अधिकारियों ने ब्रिगेडियर मनीष जैन का स्वागत अबीर गुलाल लगाकर किया। राजपूत के करियप्पा ट्रेनिंग ग्राउंड पर सेंटर सूबेदार मेजर संजीव कुमार के नेतृत्व में होली पर्व का आयोजन किया गया। ब्रिगेडियर माइकल डिसूजा ने जवानों के साथ जमकर होली खेली। जीएमपी जेसीओ की टीम की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही।

### पति ने पुलिस को दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर के मोहल्ला नगला जोधा निवासी शिवकुमार ने गांव के ही निवासी युवक का खेत अपने ट्रेक्टर से जोता था। जिसका भाड़ा नहीं दिया। मंगलवार शिवकुमार की पत्नी सत्यवती युवक के घर पर जाकर जुताई के पैसे लेने गई। तो युवक गालीगलौज करने लगा। किसका विरोध करने पर युवक ने शिवकुमार की पत्नी सत्यवती को मारपीट कर दी। पति ने थाने पहुंचकर पुलिस को युवक के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने जांचकर कार्यवाही करने का भरोसा दिया।

### दबंगों ने युवक को मारपीट कर किया घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज़।** कस्बा नवाबगंज के मोहल्ला बवना रोड निवासी हिमांशु का छोटा भाई रमन सोमवार को बाबू सिंह डिग्री कॉलेज के पास मौजूद था, उसी समय मोहल्ले का ही निवासी युवक अपने साथियों के साथ आकर गालीगलौज करने लगा। जब गालीगलौज का विरोध किया। तो युवक व उसके साथियों ने रमन को मारपीट कर दी। भाई के साथ मारपीट होने पर मंगलवार सुबह थाने पहुंचकर हिमांशु ने युवक व उसके साथियों के खिलाफ तहरीर दी। कस्बा प्रभारी गीतम सिंह ने बताया कि पूछतांछ के लिए दो युवकों को हिरासत में लिया है। जांच की जा रही है।

### मोबाइल दुकानदार से दस हजार की लूट

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज़।** मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान पर लूट की घटना सामने आई है। गुरुवार शाम तीन अज्ञात बदमाशों ने दुकान मालिक गौतम से 40 हजार रुपये लूट लिए। बदमाश अपनी मोटरसाइकिल मौके पर छोड़कर फरार हो गए। यह घटना नवाबगंज नगर के बबना रोड तिराहा स्थित गौतम पुत्र सुरेश चंद्र की दुकान पर हुई। गौतम शाम लगभग पौने पांच बजे अपनी दुकान पर बैठे थे, तभी मोटरसाइकिल पर सवार होकर तीन युवक मोबाइल रिपेयरिंग कराने आए। गौतम जब उनका मोबाइल चेक कर रहे थे, तभी एक युवक ने काउंटर की दराज से 40 हजार रुपये निकाल लिए। गौतम ने तुरंत युवक का हाथ पकड़ लिया, जिसके बाद तीनों बदमाशों ने गौतम के साथ मारपीट की और रुपये लेकर भाग गए।

# शराब के नशे में दो पक्षों में चले लात-घूसे

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस के हटते ही मुख्य चौराहे पर भिड़े शराबी, जमकर लात घूंसे चल गये। पुलिस की गाड़ी देख मौके से उपद्रवी फरार हो गये। नगर के सबसे व्यस्त मुख्य चौराहे पर होली से एक दिन पूर्व उस समय अफरा.तफरी मच गईए जब दो पक्ष शराब के नशे में आपस में भिड़ गए। चौंकाने वाली बात यह रही कि यह पूरी घटना पुलिस की पिकेट हटने के महज आधे घंटे के भीतर हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार देर शाम नगर के मुख्य चौराहे पर सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिस बल जैसे ही वहां से रवाना हुआए उसके करीब आधा घंटे बाद दो शराबी गुटों में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट शुरू हो गई। बीच सडक़ पर हो रहे हंगामे को देख मौके पर स्थानीय लोगों और राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई। त्योहार के समय सरेराह हो रही इस गुंडागर्दी से चौराहे पर काफी देर तक अराजकता का माहौल बना रहा। मारपीट के दौरान ही वहां से यूपी 112 की गाड़ी गुजरी। पुलिस की गाड़ी की सायरन सुनते ही मारपीट कर रहे दोनों पक्षों के युवक मौके से भाग खड़े हुए। गनीमत रही कि पुलिस के समय पर पहुँचने से मामला और गंभीर होने से बच गया। हालांकि स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों में इस बात को लेकर नाराजगी है कि त्योहार के समय पुलिस के हटते ही अराजक तत्व सक्रिय हो जाते हैं। लोगों ने मांग की है कि मुख्य चौराहों पर पुलिस की गश्त बढ़ाई जाए ताकि होली के दौरान शांति व्यवस्था बनी रहे।

# जमीनी विवाद में भतीजे ने चाचा को उतारा मौत के घाट

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**



मृतक का फाइल फोटो



रोते बिलखते परिजन

कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गाँव अलादा सपुर निवासी मीरादेवी उम्र 45 वर्षीय पत्नी सरबन सिह यादव ने बताया की होली क त्योहार वह अपनी 6 महीने की गर्भ वती देवरानी विटान श्री पत्नी सरनेशसिह व जेठ सूरज सिह यादव उम्र 62 वर्षीय पुत्र पौचीलाल लाल के साथ घर पर मना रही थी जमीनी विवाद को लेकर परिवारिक भतीजे जसवन्त, राम सुन्दर यादव पुत्रगण मटरूलाल अपने परिजनो के साथ एक राय होकर हाथो मे लाठी डन्डे ब धारा धार हथियार लेकर आए और आते ही वृद्ध सूरजपाल के ऊपर हमला कर दिया जेठ को पिटता देख वीच बचाव के लिए आई गर्भवती विटान श्री तथा मरादेवी को भी उक्त लोगो ने लाठी डन्डो से मारा पीटा जिससे तीनो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये आसपास के लोग परिजनो की मदद से उपचार के लिए कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे लेकर आए जहाँ डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर सूरज सिह विटान श्री तथा मीरा देवी को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

लोहिया अस्पताल लेजाते समय रास्ते मे बृद्ध सूरज सिह यादव की मौत होगई वही घायल विटान श्री के पेट मे गर्भ की मौत होगई प्राइवेट हास्पीटल फर्रूखाबाद मे उपचार जारी तथा मीरा देवी को प्राथमिक उपचार के बाद लोहिया अस्पताल से सैफई के लिए रेफर कर दिया।

# एक-दूसरे से गले मिलकर मनाया होली का त्योहार

**गोन्डा ,समृद्धि न्यूज।**

▸ लोगों ने बाबा खाटू श्याम जी और श्रीराणी सती दादी जी का दर्शन कर लिया आशीर्वाद और प्रसाद

बुधवार को होली खेलने के बाद शाम होते ही मंदिरों का दरवाजा लोगों ने खटखटाया।लोग शाम होते ही होली मिलन समारोह के कार्यक्रम में पहुंच कर एक दूसरे से गले मिले। इससे पूर्व लोगों ने श्री श्याम मंदिर,श्री राम जानकी मंदिर, हनुमान गढ़ी, दुखहरण नाथ मंदिर,खैरा मंदिर और सांई मंदिरों में भक्तों ने जाकर भगवान का दर्शन किया।फिर लोग एक-दूसरे को गले लगा कर होली मनाया। सांयकाल रानी बाजार स्थित श्री राम जानकी मारवाड़ी धर्मशाला में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें लोगों ने मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद लिया और होली मिलन धूमधाम से मनाया। एक दूसरे को तिलक लगाकर गले मिलकर होली का पर्व बनाया। महिलाएं सेल्फी लेती नजर आ रही थी। मंदिर में खान-पान एवं जलपान की व्यवस्था मंदिर कमेटी द्वारा किया गया। इस दौरान श्रीराम जानकी मंदिर कमेटी के अध्यक्ष अनिल मित्तल, महामंत्री संजय अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, श्याम केडिया, रमन महेश्वरी, सीमा अग्रवाल,पूनम मित्तल,सरोज अग्रवाल,वर्षा अग्रवाल, ज्योति मित्तल,शारदा गर्ग,सुधा टेकरीवाल, सरोज गर्ग,कविता बंसल, अनामिका बंसल, नीतू गर्ग, नीलम जैन ,रेनू नेवटिया,किरन बंसल,रुचि अग्रवाल, डॉ नेहा नेवटिया,लक्ष्मी अग्रवाल, पूजा केडिया, शालू नेवटिया,प्रेमलता सिंघल, अमिता अग्रवाल सहित भारी संख्या में जनमानस मौजूद रहे। उधर ददुआ बाजार स्थित श्री श्याम मंदिर में दर्शन के लिए उम्र पड़े।लोगों ने बाबा खाटू श्याम जी और श्रीराणी सती दादी जी का दर्शन कर आशीर्वाद लिया और प्रसाद ग्रहण किया। कमेटी के द्वारा प्रसाद के रूप में निशान ध्वज अर्पित किया गया।

इस दौरान सुरेश भावसिंहका,गोविंद जालूका, सुशील पचेरिया, विमलेश सिंघल, नितेश मित्तल, आशीष भावसिंहका सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# नाली के पानी को लेकर दो पक्षों में विवाद, दोनों पक्ष हिरासत में

**नवाबगंज/फर्रूखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बीच-बचाव के बावजूद स्थिति बनी रही तनावपूर्ण

थाना क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर में नाली के पानी के निकास को लेकर दो पक्षों के बीच चल रहा विवाद शुक्रवार को उग्र हो गया। जबरन नाली का पानी दूसरे के खेत में छोड़ने को लेकर दोनों गुटों में जमकर कहासुनी और मारपीट हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शांति भंग की आशंका में दोनों पक्षों के लोगों को हिरासत में ले लिया है। जानकारी के अनुसार, रसूलपुर गांव में काफी समय से नाली के पानी की निकासी को लेकर खींचतान चल रही थी। आरोप है कि एक पक्ष ने दूसरे पक्ष की रजामंदी के बिना जबरन नाली का रुख मोड़ दिया, जिससे गंदा पानी दूसरे पक्ष के खेत में घुसने लगा। जब पीड़ित पक्ष ने अपनी फसल खराब होने का हवाला देकर पानी रोकने की कोशिश की, तो विवाद बढ़ गया। मना करने पर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। गाली-गलौज से शुरू हुआ मामला देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। ग्रामीणों के बीच-बचाव के बावजूद स्थिति तनावपूर्ण बनी रही। गनीमत रही कि समय रहते पुलिस को सूचना दे दी गई, वरना बड़ी वारदात हो सकती थी। मौके पर पहुंची नवाबगंज थाना पुलिस ने स्थिति को संभाला और झगड़ा कर रहे दोनों पक्षों के मुख्य लोगों को पकड़कर थाने ले आई।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने लगायी फांसी, गंभीर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत बिगडऩे पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया।

शमसाबांद क्षेत्र के गांव हंसापुर गौराई निवासी शोभा उम्र 25 वर्षीय पत्नी नीलेश ने संदिग्ध परिस्थितियों मे घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। परिजनों ने आनन-फानन में महिला को नीचे उतारा और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आए। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# आलू के ढेर में लगी आग
## अज्ञात के खिलाफ दी तहरीर



जला आलू का ढेर, मौजूद ग्रामीण

**जहानगंज, समृद्धि न्यूज।**

संदिग्ध परिस्थितियों में आलू के ढेर में आ लग गयी। जिससे पीड़ित को हजारों रुपये का आर्थिक नुकसान हो गया। पीड़ित ने घटना के संबंध में थाने में तहरीर दी है। थाना जहानगंज के ग्राम रतनपुर निवासी आलोक यादव पुत्र अखिलेश यादव पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि खेत में पेड़ के नीचे आलू का ढेर लगा हुआ था। 04 मार्च की रात्रि किसी अज्ञात व्यक्ति ने जानबूझकर आलू के ढेर में आग लगा दी। जिससे आलू जलकर नष्ट हो गए। इस घटना से प्रार्थी को लगभग 70 हजार रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। पीड़ित ने घटना की जांच कराकर अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही करने की मांग की।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत, ससुराली फरार

▸ भाई ने दहेज हत्या का आरोप लगाकर कार्यवाही की मांग

**फर्रूखाबाद, समृद्धि न्यूज।**





संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंचे मायके वालों ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल की।

जानकारी के अनुसार, जनपद हरदोई के ग्राम भुआपुर पो0 कुंडी, थाना पचदेवरा निवासी शिवेन्द्र सिंह पुत्र हरिपाल सिंह ने कोतवाली फतेहगढ़ में दी तहरीर में दर्शाया कि बहन भवप्रीती की शादी हिन्दू रीति रिवाज से 7 जुलाई 2019 को पिथूपुर मेहंदिया हाल निवासी नारायणपुर आरआरपी पब्लिक स्कूल के पास निवासी ललित नारायण राजपूत पुत्र राकेश कुमार के साथ किया था। 4 मार्च को फोन के द्वारा मेरे पिता को रात्रि 9:54 पर ललित नारायण राजपूत ने फोन पर सूचना दी कि भवप्रीती की हालत खराब है वह बेहोशी की अवस्था में है। आवास विकास स्थित एक अस्पताल में लेकर जा रहे है। तभी मैंने अपने भांजे को फोन से सूचना दी और मौके पर भेजा, लेकिन वह लोग वहां नहीं मिले। पास में ही एक हास्पिटल के सामने मेरी बहन एंबुलेंस में मिली। उस समय ससुराल पक्ष का कोई भी व्यक्ति मौके पर नहीं था। पीड़ित ने आरोप लगाया कि मेरी बहन का आये दिन ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज में कार लाने का दबाव बनाकर प्रताड़ित करते थे। कई बार जान से मारने की धमकी भी दी गई। जब हम लोग पहुंचे तो घटना संदिग्ध पायी गई। मेरी मां ने उस दिन फोन किया था तब वह सही थी। बहन को उसके पति ललितनारायण राजपूत, सास कैशल्या राजपूत, ससुर राकेश राजपूत, ननद तृप्ती राजपूत तथा सौम्या राजपूत ने मिलकर मार डाला। मृतक के दो पुत्र है, उनका रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पीड़ित ने मामले की सीबीआई व फॉरेंसिक जांच कराने की मांग की।

# युवती को आत्महत्या करने के लिए प्रेरित करने वाला युवक गिरफ्तार

**फर्रूखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस हिरासत में आरोपी

युवती को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कोतवाली कायमगंज के उपनिरीक्षक सोमवीर सिंह ने अपने हमराहों के साथ चेकिंग अभियान चला रहे थे, तभी एक संदिग्ध व्यक्ति आता दिखायी दिया। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पकड़े गये युवक ने अपना नाम गोपाल पुत्र कुशलपाल उर्फ किशनलाल शाक्य निवासी ग्राम झकरई थाना अलीगंज जनपद एटा बताया। पुलिस ने बताया कि 24 फरवरी 2025 को कोतवाली कायमगंज में वादी द्वारा तहरीर दी गई थी। जिसमें दर्शाया था कि आरोपी मेरी बहन को आये दिन छेड़ता था और अश्लील हरकते करता था। बहन द्वारा विरोध करने पर पेट्रोल डालकर जलाना व जाति सूचक गाली-गलौज भी करता था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरु कर दी थी। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया।

# 3 डग्गेमार बस सीज, लगाया गया 70 हजार का जुर्माना

- रोडवेज बसों की ड्रिंक एंड ड्राइव की चेकिंग
- एक ऑटो मद्यपान कर सवारी ढोता हुआ पकड़ा
- मद्यपान कर वाहन न चलाएं : जिलाधिकारी

**फर्रूखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देशन में होली पर जनपद को दुर्घटनाओं से बचाने के दृष्टिगत एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत तथा एआरएम रोडवेज राजेश कुमार द्वारा बसों की सघन चेकिंग की गई।

चेकिंग के दौरान रोडवेज के रंग में एक बस दिल्ली से सवारी लाते हुए मिली जिसमें 75 सवारी यात्रा कर रही थी। इसके अतिरिक्त एक अन्य बस जो कि दिल्ली से सवारी ला रही थी उसका बीमा समाप्त था तथा उसका 6 माह का टैक्स भी बकाया था। एक अन्य बस परमिट प्रस्तुत न करने के कारण पकड़ी गई। तीनों बसों को सीज कर रोडवेज बस अड्डा में खड़ा कराया गया तथा उन पर 70000 जुर्माना लगाया गया। होली के पर्व के अवसर पर यात्रियों की सुरक्षा के दृष्टिगत एआरटीओ द्वारा रोडवेज बसों एवं अन्य बसों के चालकों की ड्रिंक एंड ड्राइव की चेकिंग की गई।



पकड़ी गयी बस की ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट करते अधिकारी

42 बसों की चेकिंग में कोई भी चालक मद्यपान कर वाहन चलाता हुआ नहीं पाया गया। एक ऑटो को जब चेकिंग के दौरान पांचालघाट पुल पर रोका गया तो उसने वाहन नहीं रोका तथा उसमें तेज आवाज़ में होली के गाने बजाए जा रहे थे।

जब उसको गाड़ी से दौड़ाकर पकड़ा गया तो पाया कि उसने मद्यपान किया हुआ था एवं उसके पास चालक लाइसेंस भी नहीं था। ऑटो में राजेपुर तथा अमृतपुर की सवारियाँ ले जाई जा रही थीं। उस ऑटो को पकडक़र उस पर 13000 का जुर्माना लगाते हुए कादरी गेट थाना के अंतर्गत आईटीआई चौकी में सीज कर दिया गया। एक मोटरसाइकिल पर 3 सवारी रॉन्ग साइड ले जाते हुए पाए जाने पर जब उसके ड्राइवर को चेक किया गया तो उसने काफी अधिक मात्रा में शराब पी रखी थी, जो उसके ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट से स्पष्ट हुआ। चालान के बाद उसको बिना शराब पिए उसके परिचितों के सुपुर्द किया गया। जिलाधिकारी ने सभी से अपील है कि मद्यपान कर वाहन न चलाएं तथा अपने साथ-साथ दूसरे का जीवन भी संकट में न डालें। ऐसा किए जाने पर परिवहन तथा पुलिस विभाग द्वारा कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## बंदरों के हमले से बालक छत से कूदा, घायल

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** बंदरों के हमले से बालक छत से कूद गया। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। परिजनों ने आनन-फानन में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार हुसैनपुर नौखंडा निवासी रिन्कू का पुत्र दीपांशु छत खेल रहा था, तभी अचानक बंदर आ गये। जिन्हें देखकर वह घबरा गया और भागने लगा, तभी वह छत से कूद गया और गंभीर रुप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों ने एंबुलेंस की मदद से दीपांशु को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने उसका उपचार किया। चिकित्सक ने पैर में चोंट होने की जानकारी दी। वहीं परिजनों ने बताया कि क्षेत्र में बंदरों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है। आये दिन किसी न किसी को काट लेते है। जिससे छोटे बच्चों में दशहत है। परिजनों व ग्रामीणों ने प्रशासन से बंदरों को पकड़वाने की मांग की है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए भेज दिया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही स्वजन बिलखने लगे। शव घर पहुंचते ही कोहराम मच गया।

नगर के मोहल्ला चौधरियान निवासी इकबालुद्दीन का बाईस वर्षीय पुत्र मुस्तकीम दिल्ली में रहकर प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता था। बुधवार सुबह मुस्तकीम अपनी बाइक से फुफेरे भाई पच्चीस वर्षीय असलम निवासी कोतवाली कायमगंज के मोहल्ला घसिया चिलौली व दिल्ली निवासी उन्नीस वर्षीय दोस्त समीर के साथ बाइक से कंपिल आ रहे थे। तीनों बाइक सवार बुधवार की अल सुबह लगभग साढ़े चार बजे जनपद अलीगढ़ के थाना सिकंदरा राव स्थित एटा अलीगढ़ मार्ग पर गांव रतनपुर के पास पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे असलम व समीर की मौके पर मौत हो गई। जबकि मुस्तकीम घायल अवस्था में सडक़ किनारे पड़ा रहा। राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मुस्तकीम को इलाज के लिए भेज दिया। जहां इलाज के दौरान मुस्तकीम की भी मौत हो गई। पुलिस ने तीनों युवकों के शवों को पीएम के लिए भेज दिया। मौत की खबर मिलते ही स्वजन बिलखने लगे। बुधवार देर रात दस बजे शव घर पहुंचते ही स्वजनों मे कोहराम मच गया। मृतक मुस्तकीम तीन भाइयों सलाउद्दीन, शानू में दूसरे नंबर का था। मृतक की पत्नी शबनम व मां निशारा बेगम का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक के एक वर्षीय पुत्री भी है।



होली मिलन समारोह में मौजूद लोग

## नवाब मोहम्मद खान बंगज वेलफेयर सोसाइटी द्वारा मनाया गया होली मिलन

**फर्रूखाबाद, समृद्धि न्यूज।** चौक पर सद्भावना के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। सर्वसमाज के लोगों ने होली मिलन में भाग लिया। नवाब मोहम्मद खान बंगज वेलफेयर सोसाइटी द्वारा सद्भावना भाईचारे की मिशाल को रखते हुए होली मिलन सम्पन्न हुआ। सभी ने एक दूसरे को गले मिलकर होली की बधाई दी। आये हुए लोगों ने अपने विचार रखे। इस मौके पर नवाब काजी हुसैन बंगज खां, वसीमुजमा खां, सलीम राजा, नीरज प्रताप सिंह, संजय गर्ग, अंकुर मिश्रा, साकिर अली मंसूरी आदि लोग मौजूद रहे।

# बरकतों व खूबियों का महीना है रमजान...

**फर्रूखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अल्लाह और उसके रसूल मोहम्मद-ए-मुस्तफा ने फरमाया कि माहे रमजान को तमाम महीनों पर फजीलत हासिल है और इन महीने में वह एक रात भी शामिल है। जिससे की गयी इबादत हजार महीनों से अफजल है। रमजान में गुनाहे कबीरा से बचें। रमजान का एतराम करें यानी झूठ न बोलें, गोहतान न लगायें, किसी की गीवत न करें, हराम से बचें।

सलीम राजा एडवोकेट का कहना है कि रसूले खुदा ने फरमाया कि मेरी उम्मत अगर माहे रमजान का एतराम करेगी तो कभी रुसवा नहीं होगी। नवी करीम ने फरमाया कि माहे रमजान में नेकी करने वाले को 70 नेकियों का सबाब मिलता है। रमजान का पहला असरा रहमत, दूसरा असरा मगफिरत, तीसरा असरा जाहन्नुम से आजादी दिलवाता है।



मकसूर अंसारी



सलीम राजा



सलमान खां

मकसूर अंसारी ने बताया अल्लाह की रहमत होगी तो रिज्क इजाफा होगा। तंग दस्ती खत्म होगी, मगफिरत होगी तो कब्र में सब्र जवाब में आसानी होगी। तीसरे असरे में अल्लाह को राजी कर लो तो जहन्नुम की आजादी मिल जायेगी। रमजान का दूसरा असरा मुकम्मल हुआ। रोजे का असल मकसद है कि हैसियतदार भी भूख प्यास की तकलीफ को समझे और साल के बाकी 11 महीनों में गरीब और बेसहारा लोगों की भूख और प्यास की तकलीफ को समझ सकें। वहीं रोजा सिर्फ खाना पीना छोड़ देने का काम नहीं, बल्कि इस दौरान बुराइयों से दूर रहने का भी नाम है। सलमान खां का कहना है कि रमजानुल मुबारक पर रोजदारों ने अल्लाह के रसूल पैगम्बर मो0 सल्लाह अलैह बसल्लम ने रमजान को शहरुल मुआसल कहा है, क्योंकि रमजान के महीने में निजात ही निजात है। इस मुबारक महीने में खुदा की रहमत की वर्षा होती है। रमजान के रोजे का मकसद दरअसल गुनाहों से बचना है। रोजा ऐसी रुहानी इबादत है जो इंसान को बहुत ऊंचे स्थान पर पहुंचाता है। रमजान का वह मुकद्दस महीना है। जिसके लिए दुनिया भर के करोड़ों लोग प्रतीक्षा करते हैं। सभी मुसलमान रोजा, नमाज और अन्य इबादतों में व्यस्त हो जाते हैं।

## कायस्थ समाज ने हवन-पूजन के साथ मनाया होली मिलन

**फर्रूखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कायस्थ समाज की ओर से पक्कापुल स्थित कायस्थ सोशल भवन में भगवान चित्रगुप्त का पूजन अर्चन कर यज्ञ व होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। अन्तर्राष्ट्रीय न्यायिक मानवाधिकार के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप सक्सेना के नेतृत्व में दिउज पूजन के लिए यज्ञ समिधा प्रज्वलित की। विनोद सक्सेना व महावीर प्रसाद श्रीवास्तव ने मंत्रोंच्चारण किया। नीरज सक्सेना ने भगवान चित्रगुप्त की आराधना कर सस्वर पाठ किया। प्रशासनिक अधिकारी अर्चना सक्सेना ने कायस्थ जाति के इतिहास पर प्रकाश डाला। निवेदिता अस्थाना व पूजा श्रीवास्तव ने काव्यपाठ किया। दीपक सक्सेना,



हवन पूजन में भाग लेते लोग

शोभित सक्सेना, प्रिंस सक्सेना, कृष्ण कुमार, पीयूष सक्सेना, प्रखर सक्सेना ने व्यवस्था देखी। इस मौके पर डॉ. पीएन सक्सेना, आलोक सक्सेना, शिवप्रकाश सक्सेना, डॉ. सर्वेश श्रीवास्तव, डॉ. अशोक कुमार श्रीवास्तव, मुकेश सक्सेना, दीपक रंजन सक्सेना, प्रदीप सक्सेना, आलोक सक्सेना आदि लोग मौजूद रहे। संचालन राजेश हजेला ने किया।

## खबरें एक नजर में

### लोको दरगाह पर रोजा इफ्तार आज



**फर्रूखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दरगाह हजरत सैयद शहाबुद्दीन औलिया अल्लाह रहमान लोको फतेहगढ़ में रोजा इफ्तार 6 मार्च बरोज जुम्मे को होगा दरगाह के सज्जादा नशीन शाह मोहम्मद वसीम उर्फ मोहम्मद मियां ने जानकारी दी 6 मार्च को आम रोजा इफ्तार होगा रोजा 6:18 पर दरगाह परिसर में खोला जाएगा और बाद नमाजे ईशा 16 रोज़ा तरबी में कुरान मुकम्मल होगा और ईद मिलादुन्नबी मनाया जाएगा आप सभी लोग रोजा इफ्तार में शिरकत करें।

### होली के दिन फुंका ट्रांसफार्मर, अभी तक बिजली गुल

**सिद्धौर, बाराबंकी।** विद्युत उपकेंद्र देवीगंज के अंतर्गत आने वाले गैरिया गांव में बुधवार को होली के दिन फुंका ट्रांसफार्मर 24 घंटे बाद भी बदला नहीं गया है जिससे उपभोक्ताओं में रोष व्याप्त है। गांव में स्थापित 25 केवी का ट्रांसफार्मर बुधवार शाम को अचानक जल गया। उपभोक्ताओं ने उपकेंद्र पर इसकी सूचना दी लेकिन 24 घंटे बीतने के बाद भी ट्रांसफार्मर बदला नहीं जा सका है। त्योहार पर लोगों को अंधेरे में रात गुजारनी पड़ी ।गांव के कुलशेखर सुघर पाल श्यामू यादव नन्हेलाल और नरेंद्र कुमार अवस्थी ने बताया कि जलने के 24 घंटे बीतने के बाद भी ट्रांसफार्मर बदला नहीं गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि एसडीओ फोन नहीं उठाते ।

### संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ ने लगायी फांसी



**रामसनेहीघाट,बाराबंकी।** कोतवाली क्षेत्र के दयाराम पूर्व गांव में सोमवार को एक 55 वर्षीय व्यक्ति द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। जानकारी के अनुसार दयाराम पूर्व निवासी राजपाल (55) पुत्र राम बहादुर ने घर के भीतर रस्सी के सहारे फांसी लगा ली। सुबह जब परिजनों ने उन्हें फंदे से लटका देखा तो कोहराम मच गया। आनन-फानन में पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। मृतक के पुत्र रवि ने बताया कि उसके पिता ई-रिक्शा चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते थे। बीती रात तक वह सामान्य थे और किसी प्रकार की परेशानी जाहिर नहीं की थी। अचानक उठाए गए इस कदम से परिवार स्तब्ध है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। कोतवाली पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। हालांकि, पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की स्पष्ट जानकारी हो सकेगी। घटना के बाद गांव में मातम पसरा है और लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

# पुलिस कर्मियों ने जमकर खेली होली, एक दूसरे के लगाया अबीर-गुलाल

- एसपी ने परिवार सहित खेली होली

**फर्रूखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कर्तव्य के साथ रंगों का संगम में फर्रूखाबाद पुलिस परिवार ने जमकर होली खेली।

फतेहगढ़ पुलिस लाइन सभागार में होली का पावन पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पुलिस अधीक्षक आरती सिंह की उपस्थिति में सभी अधिकारी व कर्मचारियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएँ दी। गुरुवार को पुलिस लाइन सभागार में पुलिसकर्मियों ने जमकर होली खेली। सुबह से ही विभिन्न थानों और पुलिस लाइन में डीजे की व्यवस्था की गई, जहां पुलिसकर्मियों ने जमकर रंग-



बच्चों के साथ पानी के टप में बैठी एसपी

गुलाल खेला और नृत्य किया। होली का यह उत्सव सुबह से शुरू होकर दोपहर बाद तक चला। पुलिसकर्मियों ने पहले एक-दूसरे को गुलाल लगाया। फिर रंगों और पानी से भी होली खेली। इस दौरान कई जगहों पर डीजे की धुन पर पुलिसकर्मी थिरकते नजर आए। पुलिस लाइन में पुलिस परिवार की होली मनाई गई है। सभी कार्मिकों ने मर्यादा और शालीनता के साथ इसमें भाग लिया। पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने परिवार के साथ होली खेली। टप में भरें रंग बिरंगे पानी का भी बच्चों के साथ आनंद लिया। वहीं जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी सहित सभी उपस्थित लोगों ने होली का आनंद लिया और एक दूसरे को बधाई दी।



पुलिस कर्मियों के साथ होली खेलती पुलिस अधीक्षक

पुलिस अधीक्षक ने पूरे जनपद में शांतिपूर्ण तरीके से होली मनाने के लिए सभी जनपद वासियों को धन्यवाद दिया और पुलिस को भरपूर समर्थन देने के लिए आभार व्यक्त किया। वहीं कमालगंज थाने में भी पुलिसकर्मियों ने जमकर होली खेली। दरोगा भूकेंद्र, कस्बा इंचार्ज संदीप कुमार, हेड कांस्टेबल नरेंद्र सिंह, कांस्टेबल शेखर, सचिन, अक्षय और अखिलेश ने डांस किया। कायमगंज कोतवाली में पुलिसकर्मियों ने अलग-अलग अंदाज में होली मनाई। जिले के सभी थानाध्यक्षों ने पुलिस कर्मियों के साथ अपने-अपने अंदाज में होली मनायी।

## अलग-अलग मार्ग दुर्घटना में वृद्ध सहित दो चचेरे भाइयों की मौत

**फर्रूखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अलग-अलग मार्ग दुर्घटना में वृद्ध सहित दो चचेरे भाइयों की मौत हो गयी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाली मोहम्मदाबाद के ग्राम ग्राम बनकटी निवासी 58 वर्षीय सुरेश सिंह पुत्र ईनाम सिंह होली के दिन टेम्पो से पखना स्टेशन जा रहे थे। गांव के अंदर ही टेम्पो अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें उपचार के लिए सैनिक अस्पताल ले गए जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। इस घटना से पत्नी रूपा देवी आदि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने इस मामले में पुलिस को कोई सूचना नहीं दी और बिना किसी कानूनी कार्रवाई के अंतिम संस्कार कर दिया। वहीं ग्राम बनकटी पोस्ट बिहार निवासी स्व. आनंद प्रकाश के 35 वर्षीय पुत्र सतीश उर्फ सोनू तथा सुखवीर सिंह के 40 वर्षीय पुत्र सोनू की सडक़ दुर्घटना में मौत हो गई। बताया गया कि दोनों चचेरे भाई बाइक से नबीगंज रोड से सिनौडा की ओर जा रहे थे।

ग्राम बढऩपुर के सामने एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे बाइक अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से जा टकराई। सूचना पर मदनपुर चौकी प्रभारी जसवीर सिंह ने शवों का पंचनामा भरकर मोर्चरी में रखवाया।

## विकास राजपूत ने समर्थकों संग मनाया रंगोत्सव

**फर्रूखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

होली पर भारतीय जनता पार्टी के नेता विकास राजपूत ने समर्थकों के साथ हर्षोल्लास के साथ रंगोत्सव मनाया। इस दौरान उन्होंने समस्त देशवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

विकास राजपूत ने कहा कि होली का यह पावन पर्व सभी के जीवन में खुशियां लेकर आए और हर घर आनंद व खुशहाली से भर जाए। उन्होंने कहा कि यह रंगों का त्योहार केवल हिंदुओं का ही नहीं, बल्कि सभी धर्मों के लोगों को जोड़ने वाला और विविधता में एकता का प्रतीक है। होली ऐसा उत्सव है, जिसमें समाज के सभी वर्गों के लोग बिना



किसी भेदभाव के एक साथ मिलकर त्योहार मनाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि समाज में फैले भेदभाव और वैमनस्य के वातावरण को दूर रखते हुए सभी को इस पर्व का स्वागत करना चाहिए, ताकि आपसी प्रेम और सौहार्द बना रहे। राजपूत ने सभी समाज के लोगों से आपसी भाईचारे को बनाए रखने और एकजुटता के साथ त्योहार मनाने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान समर्थकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला और सभी ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**जैदपुर बाराबंकी।** जैदपुर थाना क्षेत्र में बुधवार को एक सड़क हादसे में 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई।यह घटना जैदपुर-सफदरगंज मार्ग पर गुलरिहा मोड़ के पास हुई।पुलिस के अनुसार भिटौरा लखन गाँव निवासी अमरीश कुमार के पुत्र मधुर कुमार अपनी बाइक से जा रहा था तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया।स्थानीय लोगों और राहगीरो ने घायल मधुर को सड़क पर पड़ा देखा। उन्होंने तत्काल 108 एम्बुलेंस और जैदपुर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैदपुर पहुंचाया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इमरजेंसी में तैनात डॉ नजमुल सिद्दीकी ने मधुर कुमार को मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और घटना को अंजाम देने वाले वाहन की तलाश मे जुट गई है।

## कोतवाली में मनाया गया होली का त्यौहार

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

बदोसराय कोतवाली परिसर में पुलिसकर्मियों ने होली का त्योहार मनाया। सुरक्षा ड्यूटी में तैनात रहने के बाद सभी पुलिसकर्मियों ने एक साथ रंगों का लुत्फ उठाया।कोतवाल अजित कुमार विद्यार्थी सहित सभी पुलिसकर्मियों ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उप निरीक्षक विश्वनाथ सिंह, लक्ष्मीकांत तिवारी, शालिक राय, आशीष सिंह और रवि कुमार समेत सभी जवानों ने अबीर-गुलाल लगाकर और पुष्प वर्षा कर होली खेली।होली के त्योहार पर शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिसकर्मी लगातार दो दिन से विभिन्न स्थानों पर तैनात थे।



उनकी थकान दूर करने और उनमें फिर से उत्साह भरने के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया।डीजे पर होली के गीत बजते ही पुलिस के सभी जवान थिरकने लगे। थानाध्यक्ष सहित हेड कांस्टेबल, कांस्टेबल और पुलिस मित्र सभी ने जमकर नृत्य किया और एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाया।

# चारों ओर उड़ा गुलाल, रंगों से सराबोर हुए लोग

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

होली का त्योहार बुधवार को क्षेत्र में हर्षोल्लास से मनाया गया। चारों ओर हवा में उड़ता अबीर-गुलाल और रंगों से सराबोर लोग। यह नजारा देख हर कोई होली के रंग में रंग गया और जमकर होली खेली गई।

होली के त्योहार में लोगों में गजब का उत्साह देखने को मिला। एक सप्ताह पहले ही लोगों ने होली की तैयारियां शुरू कर दी थीं। सोमवार/मंगलवार की रात होलिका दहन होने के बाद बुधवार को दिन भर रंगों का दौर चलता रहा। सुबह से ही लोग मित्रों, रिश्तेदारों के यहां पहुंच गए और एक दूसरे को रंग लगाकर होली का उल्लास मनाया। बड़े-बुजुर्गों को



अबीर गुलाल लगाकर उनका आशीर्वाद लिया। बच्चों ने अपने हम उम्र साथियों के साथ पिचकारियों व अन्य माध्यमों से होली के त्योहार का लुत्फ उठाया। दिन भर यही दौर चलता रहा। लोगों का एक दूसरे के घर आना-जाना लगा रहा। होली का उल्लास इतना था कि गांव की सूनी पड़ी गलियों से जो भी निकला वह पूरी तरह होली के रंगों में रंगा हुआ नजर आया। दोपहर बाद होली मिलन का कार्यक्रम शुरू हुआ और हिन्दू - मुस्लिम सभी एक दूसरे से गले मिलकर होली की बधाई दी। होली मिलन का कार्यक्रम देर रात्रि चलता रहा। प्रशासन की रही चौकसी होली एव शबे बरात के साथ साथ को लेकर पुलिस प्रशासन काफी सक्रिय रहा क्षेत्राधिकारी गरिमा पंथ से लेकर प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी तक होलिका दहन से लेकर होली मिलन तक गस्त पर रहे। क्षेत्राधिकारी ने जहाँ भारी पुलिस बल के साथ संवेदनशील क्षेत्रो में भृमण किया वही प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी, अतरिक्त निरीक्षक सनत मिश्रा चौकी प्रभारी सहादतगंज संतोष त्रिपाठी, वरिष्ठ उपनिरीक्षक शमशाद अली, अभय गुप्ता, राजकरन सिंह, राम नायक सिंह, राशिद खान , रमेश्चंद्र, राकेश यादव ने क्षेत्र में भृमण कर लोगो को होली की बधाई दी।

### औसानेश्वर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं ने खेली होली

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** रंगो के पर्व होली पर अवसानेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे श्रद्धालुओं ने अंबीर गुलाल से भगवान भोलेनाथ के साथ होली खेली। तहसील मुख्यालय से 6 किलोमीटर दूर गोमती नदी के तट पर स्थित महादेव मंदिर में शयन आरती के बाद गोस्वामी परिवार के पुजारियों एवं उपस्थित श्रद्धालुओं द्वारा होली खेली गई।

## मातम में बदली होली, करंट लगने से महिला की मौत

# तीन मासूम बच्चों के सिर से उठा मां का साया

- कपड़े सुखाने के दौरान तार में उतरे करंट की चपेट में आई महिला, अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित किया
- पोस्टमार्टम में देरी पर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, पुलिस से हुई तीखी नोकझोंक




**समृद्धि न्यूज, बांकेगंज खीरी।** मैलानी थाना क्षेत्र के कोठीपुर गांव में इस बार रंगों का त्योहार होली मातम में बदल गया। मंगलवार दोपहर करंट लगने से 30 वर्षीय कुसुमा देवी की दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। वहीं पोस्टमार्टम प्रक्रिया में देरी को लेकर ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति गहरा आक्रोश देखने को मिला। नाराज ग्रामीणों ने विरोध स्वरूप इस बार गांव में होली का त्योहार नहीं मनाया। जानकारी के अनुसार घटना मंगलवार दोपहर करीब 1:30 बजे की है। कोठीपुर गांव निवासी राहुल कुमार की पत्नी कुसुमा देवी घर पर अकेली थीं। वह घर के कामकाज में लगी थीं और कपड़े धोने के बाद उन्हें सूखने के लिए बाहर लगे तार पर डाल रही थीं। इसी दौरान अचानक तार में उतरे करंट की चपेट में आ गईं। तेज झटके से वह जमीन पर गिर पड़ीं और बेहोश हो गईं। कुछ देर बाद जब परिजनों को घटना की जानकारी हुई तो आनन-फानन में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बांकेगंज ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत की खबर फैलते ही परिवार में कोहराम मच गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण भी अस्पताल पहुंच गए। सूचना मिलने पर मैलानी थानाध्यक्ष बृजेश मौर्य, बांकेगंज चौकी प्रभारी संतोष तिवारी तथा कुकरा चौकी इंचार्ज अबलीस पवार पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंचे और घटना की जानकारी ली। इस दौरान पोस्टमार्टम प्रक्रिया में देरी और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ गई। बताया जाता है कि इस दौरान पुलिस और ग्रामीणों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने रात में ही पोस्टमार्टम कराने का आश्वासन दिया था, लेकिन किसी कारणवश प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। इसके चलते शव को अगले दिन बुधवार तक इंतजार करना पड़ा। अंततः बुधवार दोपहर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी की गई। बुधवार शाम करीब तीन बजे जब महिला का शव गांव पहुंचा तो पूरे गांव का माहौल गमगीन हो गया। हर तरफ रोने-बिलखने की आवाजें सुनाई दे रही थीं। इसके बाद शाम करीब पांच बजे गांव में अंतिम संस्कार कर दिया गया। कुसुमा देवी अपने पीछे तीन छोटे-छोटे बच्चों और पति को छोड़ गई हैं। अचानक हुई इस घटना से परिवार पूरी तरह टूट गया है। मासूम बच्चों के सिर से मां का साया उठ जाने से गांव के लोग भी बेहद भावुक नजर आए। ग्रामीणों का कहना है कि होली जैसे खुशी के त्योहार के बीच हुई इस दर्दनाक घटना और प्रशासनिक लापरवाही से पूरे गांव में शोक का माहौल रहा।

## होली पर रफ्तार का कहर : गोला में दो सड़क हादसों में 7 घायल, 4 की हालत गंभीर

**समृद्धि न्यूज़, गोला गोकर्णनाथ खीरी।** रंगों के पर्व होली पर गोला कोतवाली क्षेत्र में रफ्तार का कहर देखने को मिला। अलग-अलग स्थानों पर हुई दो सड़क दुर्घटनाओं में कुल सात लोग घायल हो गए। इनमें चार की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया, जबकि अन्य घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) गोला में चल रहा है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह ने बताया कि पहला हादसा दोपहर करीब दो बजे अलीगंज रोड स्थित कृषि विद्यालय के पास हुआ। यहां दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत घायलों को उठाकर एंबुलेंस की मदद से सीएचसी गोला पहुंचाया। दूसरी घटना इसी मार्ग पर कैला देवी मंदिर के पास हुई, जहां दो अन्य बाइकों की आपस में भिड़ंत हो गई। इस हादसे में भी कई लोग चोटिल हो गए। दोनों घटनाओं में कुल सात लोग घायल हुए। **चार घायलों की हालत गंभीर-** चिकित्सकों के अनुसार चार घायलों की हालत गंभीर पाई गई, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला स्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल भेजे गए घायलों में दिनेश (30) पुत्र निवासी लाल्हापुर , उनकी पत्नी उषा देवी (28) निवासी लाल्हापुर, पिंटू (26) पुत्र काशीराम निवासी भारत भूषण कॉलोनी गोला तथा माखनलाल (62) पुत्र कन्हैयालाल निवासी पुनर्भू ग्रांट शामिल हैं। अन्य घायलों का उपचार सीएचसी गोला में जारी है। चिकित्सकों का कहना है कि सभी की हालत फिलहाल स्थिर है।

## खबरें एक नजर में

### खड़ी बाइक में तेज रफ्तार बाइक की टक्कर युवक गंभीर घायल, आरोपी पर मुकदमा दर्ज

**उचौलिया खीरी।** उचौलिया थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही से बाइक चलाने के कारण एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। फतियापुर निवासी राजकुमार गौतम पुत्र भीखम ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि घटना 4 मार्च को करीब तीन बजे की है। वह घरेलू सामान लेने के लिए सहजना बाजार गया था। बाजार से वापस लौटते समय उसने अपनी मोटरसाइकिल सहजना तिराहे पर खड़ी कर दी और वहीं बीड़ी पीने लगा। इसी दौरान विपरीत दिशा से तेज रफ्तार व लापरवाही से बाइक चलाते हुए संजीव यादव पुत्र छोटेलाल यादव निवासी सहजना आ गया और उसकी खड़ी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि राजकुमार गंभीर रूप से घायल हो गया और उसके नाक व मुंह से खून निकलने लगा। घटना के बाद घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। उचौलिया पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी संजीव यादव के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### तेन्दुए के हमले में 20 वर्षीय युवक की मौत बीमार पिता का था इकलौता सहारा

**निघासन खीरी।** कोतवाली तिकुनियां क्षेत्र के ग्राम जसनगर में बुधवार को दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां तेंदुए के हमले में 20 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई। इस हादसे के बाद पूरे गांव में मातम छा गया। मृतक अपने बीमार पिता का इकलौता सहारा था, जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। जानकारी के अनुसार गांव निवासी राजकमल की मां का पहले ही निधन हो चुका था। उसके पिता अक्सर बीमार रहते हैं और घर की पूरी जिम्मेदारी राजकमल ही संभालता था। बताया जा रहा है कि मैलानी-नानपारा रेलवे ट्रैक के उत्तरी दिशा में घनी झाड़ियों में छिपे तेंदुए ने अचानक उस पर हमला कर दिया और उसे घसीटकर झाड़ियों में ले गया। कुछ देर बाद ग्रामीणों ने काफी तलाश के बाद उसका शव बरामद किया, जिससे गांव में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजन बदहवास हालत में मौके पर पहुंच गए और रो-रोकर उनका बुरा हाल हो गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण भी घटनास्थल पर जुट गए। सूचना मिलने पर वन विभाग और पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची। एसडीएम निघासन राजीव निगम और क्षेत्राधिकारी शिवम कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। अधिकारियों ने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। मामले की जानकारी लेने के लिए जब क्षेत्रीय पत्रकारों ने रेंजर भूपेंद्र सिंह से संपर्क करने का प्रयास किया तो हर बार की तरह इस बार भी उनका फोन नहीं उठा, जिससे वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। तिकुनियां कोतवाली के इंस्पेक्टर पुष्पराज कुशवाहा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया कराई जा रही है। इधर किसान नेता गुरमीत सिंह रंधावा और किसान संगठनों से जुड़े लोगों ने पीड़ित परिवार को 25 लाख रुपये की आर्थिक सहायता, एक आवास और संविदा पर एक नौकरी दिलाए जाने की मांग की है।

### अनियंत्रित बाइक से जीजा-साला गिरे, एक घायल

**हलिया (मिर्जापुर)।** थाना क्षेत्र के भटवारी गांव के पास बाइक सवार जीजा-साला अनियंत्रित होकर गिर गए। दुर्घटना में घायल साले को प्राथमिक उपचार के लिए ड्र के सहयोग से हलिया पीएचसी ले जाया गया। जहां मामूली चोट होने के कारण घायल को उपचार के बाद घर भेज दिया गया। लालगंज थाना क्षेत्र के दुबार गांव निवासी 18 वर्षीय भाईलाल अपने बहनोई विजय प्रकाश के साथ बाइक से भटवारी गांव अपने बहन के घर जा रहा था। भटवारी गांव के पास अचानक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे जा गिरा। घटना में भाई लाल के कान में मामूली चोटें आई। जीजा विजय प्रकाश ने ग्रामीणों के सयोग से साले को उठा कर बाइक से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया ले गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर विमल कुमार ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत सामान्य होने पर परिजनों युवक को लेकर घर चले गए।

### बाइक से गिरकर युवक घायल

**हलिया (मिर्जापुर)।** थाना क्षेत्र के सोठीया कला गांव के पास बुधवार की शाम लगभग चार बजे बाइक सवार युवक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर कर गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही पास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायल युवक को 108 एम्बुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर भेजवाया, जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार करने के बाद मिर्जापुर ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। क्षेत्र के बसकुड़िया गांव निवासी 32 वर्षीय सोनू पुत्र मुनीम किसी कार्य से अपने घर से सोठीया कला की तरफ जा रहा था। सोठीया कला गांव के पास पहुंचा उसकी बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और वह बाइक सहित सड़क पर गिर पड़ा। हादसे में सोनू के सिर में गम्भीर चोट आई। घटना की सूचना मिलने पर 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। एम्बुलेंस में तैनात एमटी राजकुमार और पायलट दिलीप कुमार घायल युवक को एम्बुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया पहुंचाया। जहां मौजूद चिकित्सक डॉ. विमल कुमार ने घायल युवक का प्राथमिक उपचार करने के बाद ट्रामा सेंटर मिर्जापुर रेफर कर दिया। पुलिस ने घायल युवक के परिजनों को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही परिजन रोते-बिलखते प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया पहुंचे और घायल युवक को तत्काल उपचार के लिए ट्रामा सेंटर मिर्जापुर लेकर चले गए।

### गुरुदेवनगर आश्रम में होली त्यौहार का अनोखा संगम, उमड़ी भक्तों की भीड़

**मड़िहान (मिर्जापुर)।** मड़िहान तहसील क्षेत्र के गुरुदेवनगर आश्रम में आयोजित होली पर्व पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ बुधवार को उमड़ पड़ी। दूर-दराज से पहुंचे भक्तों ने आश्रम में पधारे मठ गद्दीनशीन गुरुजी का आशीर्वाद लिया और एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया भक्ति और उत्साह के रंगों से मंच पर विराजमान गुरुजी ने सभी भक्तों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि होली का पर्व आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे का प्रतीक है, इसलिए सभी को मिलजुल कर समाज में शांति और सौहार्द बनाए रखना चाहिए। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए स्थानीय पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क रहा। आश्रम परिसर और आसपास के क्षेत्रों में पुलिस बल तैनात रहा, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सका। इस अवसर पर आश्रम के सेवादारों और आयोजकों ने भी व्यवस्था संभालते हुए श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद एवं अन्य व्यवस्थाएं कीं। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धा, भक्ति और होली के रंगों का अनोखा संगम देखने को मिला।

## सड़क हादसे में युवक की मौत, बीडीओ की सरकारी गाड़ी चलाता था युवक



**निघासन खीरी।** होली से पहले क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे ने खुशियों को मातम में बदल दिया। रूकुंदीपुर के पास देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक का माहौल फैल गया। जानकारी के अनुसार 25 वर्षीय पवन कुमार उर्फ सोनू, निवासी ग्राम किशनपुर, लखीमपुर में किराये पर रहकर नौकरी के साथ पढ़ाई कर रहा था। वह ब्लॉक निघासन में तैनात बीडीओ की सरकारी गाड़ी चलाता था। सोमवार रात करीब 11 बजे वह बाइक से घर से लखीमपुर जा रहा था। रूकुंदीपुर के पास किसी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि सोनू की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना की खबर मिलते ही ब्लॉक निघासन परिसर में भी शोक का माहौल बन गया। बीडीओ जयेश कुमार सिंह ने सोनू को कर्तव्यनिष्ठ और जिम्मेदार चालक बताते हुए गहरा दुख व्यक्त किया। होली से पहले हुई इस घटना से परिवार और गांव में मातम छा गया है।

# जंगल से भटककर गांव में पहुंचा हिरन......

- सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची,कोई हताहत नहीं
- ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद हिरन को सुरक्षित पकड़ा



**समृद्धि न्यूज़, निघासन खीरी।** थाना सिंगाही क्षेत्र के ग्राम भैरमपुर में गुरुवार सुबह उस समय हलचल मच गई, जब जंगल से भटककर एक हिरन अचानक आबादी वाले इलाके में पहुंच गया। गांव की गलियों में हिरन को इधर-उधर भागते देख ग्रामीणों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। कई लोग अपने घरों से बाहर निकल आए और हिरन को देखने के लिए आसपास भीड़ जुटने लगी। वहीं कुछ ग्रामीणों ने सतर्कता बरतते हुए उससे दूरी बनाए रखी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हिरन पहले गांव के बाहरी इलाके में दिखाई दिया, इसके बाद वह गलियों की ओर भागने लगा। अचानक हिरन को देखकर ग्रामीणों में कौतूहल के साथ-साथ थोड़ी दहशत भी फैल गई। कुछ लोगों ने अपने मोबाइल से इसका वीडियो भी बनाया और सूचना तुरंत वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। टीम ने ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद हिरन को सुरक्षित पकड़ लिया। इस दौरान मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई और हर कोई हिरन को करीब से देखने के लिए उत्सुक दिखाई दिया। वन क्षेत्राधिकारी भूपेंद्र सिंह ने बताया कि हिरन संभवतः भोजन या पानी की तलाश में जंगल से भटककर गांव में पहुंच गया था। उन्होंने बताया कि टीम ने सावधानी बरतते हुए हिरन को सुरक्षित पकड़ लिया और यह सुनिश्चित किया कि उसे किसी प्रकार की चोट न पहुंचे। गनीमत रही कि इस दौरान कोई भी ग्रामीण या अन्य व्यक्ति घायल नहीं हुआ।

वन विभाग की टीम ने हिरन को पकड़ने के बाद उसका स्वास्थ्य परीक्षण किया और उसे सुरक्षित रूप से दोबारा जंगल में छोड़ दिया। इस पूरी घटना के बाद गांव में काफी देर तक हिरन के गांव में पहुंचने की चर्चा होती रही। ग्रामीणों के लिए यह घटना किसी रोमांच से कम नहीं थी।

## दुधवा में बाघ के हमले से मादा गैंडे की मौत, मॉनिटरिंग के दौरान अमहा ताल में मिला शव

- मृत गैंडे की पहचान 'राजेश्वरी' के रूप में, कई वर्षों से रह रही थी पुनर्वास केंद्र में
- दुधवा में 40 से अधिक गैंडे, घटना के बाद बढ़ाई गई निगरानी और गश्त



**समृद्धि न्यूज़, पलिया खीरी।** दुधवा टाइगर रिजर्व के दक्षिण सोनारीपुर रेंज स्थित प्रथम गैंडा पुनर्वास केंद्र में बुधवार को बाघ के हमले से एक मादा गैंडे की मौत हो गई। नियमित मॉनिटरिंग के दौरान वन विभाग की टीम को अमहा ताल में गैंडा मृत अवस्था में मिला, जिसके ऊपर एक बाघ भी बैठा दिखाई दिया। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग के अधिकारियों में हड़कंप मच गया और मौके पर चिकित्सकों की टीम भेजी गई। वन विभाग के अनुसार पुनर्वास केंद्र में वर्तमान समय में 40 से अधिक गैंडे विचरण कर रहे हैं और उनकी गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जाती है। बुधवार सुबह करीब 7:30 बजे मॉनिटरिंग टीम प्रतिदिन की तरह गश्त पर निकली थी। महावत रामेश्वर, इरसाद, ब्रह्मादीन और अयूब के साथ चाराकटर इश्तियाक, रियासुद्दीन, देशराज, सतीश व शफीक राजकीय हाथियों रुपकली, चमेली, सुलोचना, किरण, कावेरी, कवनी, भास्कर, गजराज, पवनकली, विनायक और सुहेली पर सवार होकर पुनर्वास क्षेत्र की निगरानी कर रहे थे। इसी दौरान टीम जब अमहा ताल के पास पहुंची तो वहां एक बाघ पानी में आधा डूबे गैंडे के ऊपर बैठा दिखाई दिया।

टीम ने सावधानी बरतते हुए स्थिति का निरीक्षण किया। पास जाकर देखने पर गैंडे के शरीर पर गंभीर चोट के निशान मिले और उसमें कोई हलचल नहीं थी। इसके बाद टीम ने तत्काल उच्च अधिकारियों को सूचना दी। सूचना मिलने पर मुख्य वन संरक्षक एवं फील्ड निदेशक के निर्देश पर क्षेत्र को सुरक्षित कर दिया गया और गैंडे के शव के पास सुरक्षा घेरा बना दिया गया। इसके बाद पशु चिकित्सकों का पैनल मौके पर पहुंचा और शव का परीक्षण किया। जांच में पुष्टि हुई कि मृत गैंडा मादा है और उसकी मौत बाघ के हमले के कारण हुई है। मॉनिटरिंग टीम ने मृत गैंडे की पहचान 'राजेश्वरी' नाम की मादा गैंडा के रूप में की, जो कई वर्षों से पुनर्वास केंद्र में रह रही थी। चिकित्सकीय परीक्षण के बाद निर्धारित मानक प्रक्रिया (एसओपी) के तहत गैंडे के शव का पोस्टमार्टम कर उसका विधिवत निस्तारण कर दिया गया। घटना के बाद वन विभाग ने क्षेत्र में गश्त और निगरानी और बढ़ा दी है। अधिकारियों के अनुसार जंगल में कई बार प्राकृतिक परिस्थितियों में बाघ और गैंडे जैसे शक्तिशाली वन्यजीवों के बीच संघर्ष की घटनाएं हो जाती हैं।

## भगवान नरसिंह शोभायात्रा में झूमे श्रद्धालु रंग-गुलाल के साथ जीवंत हुई पुरानी परंपरा



**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।** होली के पर्व को सामूहिक रूप से मनाने और पुरानी परंपराओं को जीवंत करने के उद्देश्य से नगर में भगवान नरसिंह शोभायात्रा निकाली गई। श्रद्धा और उत्साह के माहौल में निकली इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। संयोजक एडवोकेट राहुल तिवारी ने बताया कि पहले गांव और शहरों में होली के अवसर पर 'धम्हार' निकालने की परंपरा थी, जिसमें लोग एकत्र होकर बड़े स्तर पर रंगोत्सव मनाते थे। समय के साथ यह परंपरा समाप्त हो गई थी। इसी परंपरा को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से वर्ष 2018 में नगर के लोगों ने भगवान नरसिंह शोभायात्रा समिति का गठन कर इस यात्रा की शुरुआत की। हर वर्ष की भांति इस बार भी शोभायात्रा सनातन धर्म सरस्वती शिशु मंदिर मिश्राना से प्रारंभ होकर सबसे पहले दुख हरण नाथ मंदिर पहुंची।

## बैंक जाने की बात कहकर घर से निकली किशोरी का 8 दिन बाद गन्ने के खेत में मिला शव

### दुष्कर्म के बाद गला दबाकर हत्या की आशंका, परिजन का चौकी इंचार्ज पर लापरवाही का आरोप

**लखीमपुर खीरी।** आठ दिनों तक लापता बेटी की सलामती की उम्मीद लगाए बैठे परिवार की दुनिया उस समय उजड़ गई, जब उनकी 16 वर्षीय किशोरी का शव गन्ने के खेत में मिलने की खबर आई। बैंक जाने की बात कहकर घर से निकली किशोरी अब हमेशा के लिए खामोश हो चुकी थी। शव की पहचान होते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई और पूरे इलाके में शोक व आक्रोश का माहौल फैल गया। सदर कोतवाली क्षेत्र की एक कॉलोनी में रहने वाली किशोरी 24 फरवरी को घर से यह कहकर निकली थी कि वह शहर स्थित एक बैंक में पैसे निकालने जा रही है। देर शाम तक जब वह वापस नहीं लौटी तो परिजनों की चिंता बढ़ गई। परिवार के लोगों ने आसपास के इलाकों, रिश्तेदारों और परिचितों के यहां उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। 24/25 फरवरी की रात को परिजनों ने कोतवाली सदर में तहरीर देकर किशोरी की गुमशुदगी दर्ज कराई। परिजनों का आरोप है कि शुरुआती दिनों में पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया, जिससे तलाश में देरी हुई और परिवार की चिंता लगातार बढ़ती रही। करीब एक सप्ताह बाद 3 मार्च को मुड़िया खेड़ा गांव के बाहर गन्ने के खेत में एक किशोरी का शव मिलने की सूचना से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पहचान कराई।

## बंदूक वाली पिचकारियों, रंगीन गुब्बारों और मास्क के साथ बच्चों ने खेली जमकर होली

- गोला, निघासन, पलिया समेत पूरे जिले में दिखी मस्ती



**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।** जनपद में इस बार होली का त्योहार बच्चों की मस्ती और उत्साह के बीच खासा रंगीन नजर आया। 2/3 मार्च की रात जिले के कई स्थानों पर परंपरागत विधि-विधान के साथ होलिका दहन किया गया। इसके बाद चार मार्च की सुबह होते ही बच्चे रंग, पिचकारियों और गुब्बारों के साथ गलियों और मोहल्लों में उतर आए और पूरे दिन जमकर होली खेलते रहे। जिले के गोला, निघासन, पलिया, मितौली, लखीमपुर, ओयल समेत अन्य कस्बों और गांवों में बच्चों की टोलियां होली की मस्ती में डूबी नजर आईं। कहीं बच्चे रंग-गुलाल उड़ाते दिखे तो कहीं पिचकारियों और गुब्बारों से एक-दूसरे को भिगोते हुए नजर आए। बच्चों की हंसी-ठिठोली और शरारतों से पूरे मोहल्लों का माहौल खुशनुमा बना रहा। इस बार बंदूक के आकार की पिचकारियां बच्चों के बीच खास आकर्षण का केंद्र रहीं। बच्चों ने इन बंदूक वाली पिचकारियों में रंग भरकर दूर तक रंगों की फुहार छोड़ी और दोस्तों के साथ-साथ राह चलते लोगों को भी रंगों से सराबोर कर दिया। कई जगह बच्चे घरों की छतों पर चढ़कर नीचे से गुजर रहे लोगों पर रंगीन पानी और गुब्बारे डालते दिखाई दिए। अचानक ऊपर से गिरते गुब्बारों और रंगीन पानी से लोग भीगते तो जरूर थे, लेकिन चेहरे पर मुस्कान के साथ बच्चों की इस शरारत का आनंद लेते नजर आए। छोटे-छोटे बच्चों ने अपने चेहरों पर अलग-अलग प्रकार के रंगीन और आकर्षक मास्क लगाकर भी सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। कोई सुपरहीरो के मास्क में नजर आया तो कोई कार्टून कैरेक्टर के मास्क लगाकर होली की मस्ती करता दिखा। इन मास्क को पहनकर बच्चों ने एक-दूसरे को रंग लगाया और पूरे माहौल को और भी आनंदमय बना दिया। होली से पहले बाजारों में भी बच्चों को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। रंग, गुलाल, पिचकारियां और रंगीन गुब्बारों की दुकानों पर लगातार भीड़ लगी रही। बच्चे अपनी पसंद की पिचकारी और रंग खरीदते नजर आए। दुकानदारों के अनुसार इस बार बंदूक के आकार वाली पिचकारियों की मांग सबसे अधिक रही। इसके अलावा गुजिया, नमकीन और मिठाई की दुकानों पर भी ग्राहकों की खासी भीड़ दिखाई दी। लोग त्योहार के लिए मिठाइयां और पकवान खरीदते नजर आए। कपड़ों की दुकानों और मॉल में भी खरीदारी के लिए लोगों की अच्छी-खासी भीड़ उमड़ी रही।

# एक ही परिवार के 12 लोग हुए फूड पॉइजनिंग के शिकार



**समृद्धि न्यूज़, लालगंज(मिर्जापुर)।** होली के दिन बुधवार को दोपहर भोजन करने के बाद एक ही परिवार के 12 लोग फूड पॉइजनिंग का शिकार हो गए। सभी को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां पर देर रात तक उपचार के बाद स्थिति सामान्य होने पर सभी को डिस्चार्ज कर दिया गया। प्रयागराज जनपद के मांडा थाना क्षेत्र के बनवारी गांव के निवासी दुबे परिवार ने बुधवार को होली के दिन बने पकवान खाने के बाद एक के बाद एक परिवार के सभी 12 सदस्यों को बुखार के साथ उल्टी दस्त की शिकायत होने लगी। तबीयत बिगड़ने पर सभी पीड़ितों को लालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर तीन 108 एंबुलेंस से पहुंचाया गया। पीड़ित परिवार के के रिश्तेदार लालगंज क्षेत्र के धसड़ा गांव निवासी राकेश प्रसाद तिवारी ने बताया कि फिलहाल सभी लोगों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में होता रहा। जहां पर स्थित में सुधार होने पर देर रात अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद उनको घर भेज दिया गया। होली का पकवान खाने से माधव दुबे, अंकित दुबे, अंतिमा दुबे, खुशी दुबे, संजय दुबे, प्रभु दत्त दुबे, ननकाई दुबे, खुशबू दुबे, शिवा दुबे,संजीव दुबे, विपिन दुबे, सरोज दुबे आदि सभी एक ही परिवार के सदस्य बीमार हो गए थे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्साधिकारी डॉ संजय सिंह ने बताया की होली के दिन बने पकवान खाने के बाद पूरे परिवार के लोग बीमार हो गए थे। अंदेशा व्यक्त किया जा रहा है कि खाद्य पदार्थ में रिफाइन तेल में मिलावट के कारण फूड प्वाइजनिंग हुई होगी। इसकी जांच खाद्य विभाग करेगा तभी कारण स्पष्ट हो सकता है। फिलहाल सभी की स्थिति अब सामान्य है और अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद घर चले गए हैं। उन्हें आवश्यक दवाएं और ओआरएस घोल पानी में मिलाकर पीने के लिए दिया गया है।

## होली की हुड़दंग व जश्न के साथ हुई मारपीट, कई घायल

**लालगंज (मिर्जापुर)।** थाना क्षेत्र में होली का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, लेकिन इस दौरान मारपीट की कई घटनाएं सामने आईं। इन घटनाओं में एक युवक घायल हो गया और पुलिस में अलग-अलग शिकायतें दर्ज कराई गईं। लालगंज थाना क्षेत्र के लहंगपुर पुलिस चौकी अंतर्गत चितांग, धसड़ा और कलवारी गांवों में दो गुटों के बीच विवाद मारपीट में बदल गया। कई गांवों में शराबियों की वजह से भी परेशानी देखी गई। तुलसी गांव में कमलेश के पुत्र नवीन के साथ दो युवकों ने शराब पीकर मारपीट की, जिससे नवीन के सिर में गंभीर चोट आई। नवीन के पिता कमलेश ने लहंगपुर पुलिस चौकी में नामजद तहरीर दी है। लहंगपुर चौकी क्षेत्र के कलवारी गांव में बिंद जाति के दो गुटों और चितांग गांव में यादव जाति के दो गुटों में भी मारपीट की घटनाएं हुईं, जिनकी तहरीर पुलिस चौकी में दी गई है। धसड़ा गांव में होली के दिन हुए विवाद के बाद 112 पुलिस को बुलाया गया। लहंगपुर पुलिस चौकी अंतर्गत कोठी, मेउड़ी और तुलसी कलवारी आदि गांवों में खुलेआम बेची जा रही अवैध शराब ने शराबियों को बढ़ावा दिया।इस संबंध में लहंगपुर चौकी प्रभारी सुजीत सेठ ने बताया कि छोटी-छोटी मारपीट की घटनाएं हुई हैं, जिनकी तहरीर के आधार पर पुलिस जांच कर रही है। प्रभारी निरीक्षक अभय कुमार सिंह ने कहा कि पूरे लालगंज थाना क्षेत्र में छिटपुट घटनाओं के अलावा होली का त्योहार शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

### भाई को छोड़कर घर लौट रहा बाइक सवार अज्ञात वाहन से टकराया, हुई मौत

**लालगंज (मिर्जापुर)।** थाना क्षेत्र के बरौधा चौकी अन्तर्गत महुअट गांव स्थित एच पी पेट्रोल पंप के सामने नेशनल हाईवे पर गुरुवार दोपहर हाईवे के पटरी पर खडी अज्ञात वाहन में पिछे से टकरा जाने से बाइक सवार युवक की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई।